जबलपुर

मंगलवार 17 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या

वर्ष : 20, अंक : 289

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *


मौसम

अधि. 26

न्यून. 11


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




संस्था के पदाधिकारी स्टील टाइम कैप्सूल को स्थापित करते हुए

संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को यह टाइम कैप्सूल भूमिगत किया गया था, जिसे वर्ष 2125 में पुनः खोला जाएगा

# सिटी बंगाली क्लब का टाइम कैप्सूल वैश्विक अभिलेखों में दर्ज

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

अलग खबर

बंग भाषियों की प्राचीन एवं प्रतिष्ठित संस्था सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब द्वारा स्थापित टाइम कैप्सूल (काल पात्र) को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। इसे आधिकारिक रूप से इंटरनेशनल टाइम कैप्सूल सोसाइटी, अमेरिका के वैश्विक अभिलेखों में पंजीकृत किया गया है। सोसाइटी के सह-संस्थापक मिस्टर एड्रियन वाटरमैन द्वारा जारी प्रमाण-पत्र संस्था को ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ है। टाइम कैप्सूल को भूमिगत करने की संपूर्ण प्रक्रिया उनके तकनीकी मार्गदर्शन में संपन्न की गई थी। संस्था के सचिव प्रकाश साहा ने 'हरिभूमि' को बताया कि इस टाइम कैप्सूल का उद्देश्य समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने से यह पहल जबलपुर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गई है।

**यह टाइम कैप्सूल आने वाले 200 वर्षों तक सुरक्षित रखे जाने के उद्देश्य से तैयार किया गया**



टाइम कैप्सूल

### महत्वपूर्ण दस्तावेज, फोटो और डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित

सिटी बंगाली क्लब द्वारा अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक ऐतिहासिक स्टील टाइम कैप्सूल (काल-पात्र) तैयार किया गया है, जिसमें संस्था से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, फोटो और डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित किए गए हैं। इस कैप्सूल में संस्था की रजिस्ट्री, लीज दस्तावेज, पंजीयन प्रमाणपत्र, नियमावली, पदाधिकारियों व किरायेदारों की सूची, दानदाताओं के नाम, क्लब का इतिहास, दुर्गा पूजा से जुड़ी स्मृतियां, मंदिरों व भवनों के चित्र, शताब्दी समारोह के फोटो-वीडियो तथा सभी अभिलेखों की सॉफ्ट कॉपी पेन ड्राइव में संचित की गई है। यह टाइम कैप्सूल आने वाले 200 वर्षों तक सुरक्षित रखे जाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि भविष्य की पीढ़ियां संस्था की विरासत और योगदान को जान सकें। सिटी बंगाली क्लब की यह पहल जबलपुर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के सांस्कृतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।


inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### मुस्लिम चचेरी बहनों ने हिंदू भाइयों से की शादी



**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र से कुछ दिन पहले लापता हुईं दो मुस्लिम युवतियों ने पांच दिन बाद वीडियो जारी कर शादी करने का दावा किया। इन चचेरी बहनों ने हिंदू चचेरे भाइयों से शादी की। उन्होंने अपने मायके पक्ष से जान का खतरा बताकर नौगांव थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की मांग की है। वीडियो में दोनों दिख रही हैं।

### पिकनिक मनाने पहुंचे डैम में डूबे दो छात्र



**रतलाम।** सोमवार शाम करीब 4 बजे दो स्कूली छात्र डैम में डूब गए। वे अपने 8 दोस्तों के साथ यहां पिकनिक मनाने आए थे। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। देर शाम तक लापता छात्रों की पानी में तलाश की। फिर अंधेरा बढ़ने की वजह से रेस्क्यू अभियान रोक दिया।

### थोक महंगाई, 0.83% से बढ़कर 1.81% पर



**नई दिल्ली।** महंगाई की चाल ने रफ्तार पकड़ ली है। जनवरी में थोक महंगाई दर 10 महीने की ऊंचाई पर आ गई है। ये दिसंबर के 0.83 फीसदी से बढ़कर 1.81 फीसदी पर पहुंच गई है। इस अवधि में खाने पीने की चीजों,सब्जियों के दाम बढ़े हैं। जनवरी में थोक महंगाई दर 10 महीने की ऊंचाई पर पहुंच गई है। जरूरत वाले सामानों की महंगाई बढ़कर 2.21% हो गई है।

फिर फूटा 'मणि बम'....पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने फिर मुंह खोला

# खेड़ा को बताया जयराम का 'तोता' वे बोले- अय्यर हमारे साथ नहीं हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*पूरा सियासी विवाद केरल सीएम की तारीफ के बाद शुरू हुआ। मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि पिनरई विजयन फिर से केरल के मुख्यमंत्री बनेंगे।*

केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की तारीफ करने और फिर से सीएम बनने का दावा करके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर अपनी ही पार्टी के निशाने पर आ चुके हैं। तिरुवनंतपुरम में रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम विजयन की मौजूदगी उन्होंने कहा कि पिनरई विजयन केरल के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। अय्यर के बयान के बाद कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और महासचिव व संचार प्रभारी जयराम रमेश की प्रतिक्रिया आई। खेड़ा ने पार्टी को अय्यन के बयान से अलग किया। उन्होंने कहा कि अय्यर पिछले कुछ वर्षों से कांग्रेस से जुड़े नहीं हैं। वह केवल अपनी अपनी व्यक्तिगत क्षमता में बोलते और लिखते हैं। जिस पर अब मणिशंकर अय्यर ने तीखा पलटवार किया है। अय्यर ने कहा कि पवन खेड़ा को कठपुतली और तोता करार दिया। जो पार्टी महासचिव जयराम रमेश के कहे अनुसार ही काम करता है। खेड़ा से बेहतर उम्मीदवार कांग्रेस प्रवक्ता के पद के लिए मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप पवन खेड़ा को संदेश भेजें। उन्होंने दिल्ली में एमए बेबी के साथ गठबंधन किया है और यहां पिनरई विजयन के साथ मेरे गठबंधन से उन्हें परेशानी हो रही है। ये किस तरह के कांग्रेसी हैं? खेड़ा को प्रवक्ता बनाकर कोई पार्टी कितनी मूर्ख हो सकती है? कांग्रेस में लाखों लोग हैं, जो उनसे बेहतर प्रवक्ता बन सकते हैं।

### खेड़ा प्रवक्ता नहीं, जयराम की 'कठपुतली'



**खेड़ा को प्रवक्ता बनाकर कोई पार्टी कितनी मूर्ख हो सकती है? कांग्रेस में लाखों लोग हैं, जो उनसे बेहतर प्रवक्ता बन सकते हैं**

### मैं कांग्रेस में ही हूं, खेड़ा कहेंगे तो पार्टी छोड़ दूंगे

अय्यर ने खुद को कांग्रेस पार्टी का सदस्य बताते हुए कहा कि अगर पवन खेड़ा उन्हें पार्टी से निकाल देते हैं, तो वे खुशी-खुशी पार्टी छोड़ देंगे। अय्यर ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी में हूं, मैंने इसे नहीं छोड़ा है। अगर पवन खेड़ा मुझे निकालने वाले हैं, तो मैं खुशी-खुशी बाहर जाकर पार्टी छोड़ने के बाद उनकी पिटाई करूंगा।

### मैं गांधीवादी-नेहरूवादी हूं, राहुलवादी नहीं

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने सोमवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने के लिए एमके स्टालिन सबसे सही नेता हैं, जबकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं। अय्यर ने कहा कि राहुल भूल गए हैं कि मैं पार्टी का मेंबर हूं। इसलिए मैं गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी हूं लेकिन राहुलवादी नहीं हूं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर एंटी-पाकिस्तान हैं। वे अगले विदेश मंत्री बनना चाहते हैं।

### अय्यर बोले- केरल में कांग्रेस नहीं जीतेगी

केरल विधानसभा चुनाव को लेकर अय्यर ने कहा- मैं चाहता हूं कि कांग्रेस जीते, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह जीतेगी। कांग्रेस नेता आपस में बंटे हुए हैं। वे कम्युनिस्टों से ज्यादा एक-दूसरे से नफरत करते हैं। उन्होंने पहले भी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की तारीफ की थी और कहा था कि पिनराई सरकार की उपलब्धियों के बाद वाम सरकार की वापसी संभव है।

शिवपुरी के वकील की हत्या पर उबाल

## भोपाल में ठप रही पैरवी, जिलों में हुए प्रदर्शन... ज्ञापन भी सौंपे



भोपाल जिला अदालत में वकील

### वकील बोले- लागू हो एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करैरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या से प्रदेश के वकीलों में भारी गुस्सा है। विरोध में राजधानी भोपाल के वकीलों ने कामकाज से दूरी बनाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की मांग उठाई। बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलो का कहना है कि प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हमलों की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर ठोस कानून अब तक लागू नहीं हो सका। यही हाल, इंदौर, ग्वालियर,जबलपुर,बैतूल और धार समेत कई जिलों का रहा। जहां सुबह से ही वकील एकत्रित हुए और प्रदर्शन कर नारेबाजी की। राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश की तमाम जिला कोर्ट में काम बंद रहने से दूर-दराज से आए पक्षकारों को निराश लौटना पड़ा। कई मामलों में सुनवाई टल गई।

### कहां क्या असर हुआ?

**इंदौर (हाई कोर्ट):** इंदौर खंडपीठ में वकीलों की हड़ताल के कारण धार भोजशाला मामले जैसी महत्वपूर्ण सुनवाई टल गई। अब भोजशाला मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

**जबलपुर (मुख्य पीठ):** हाई कोर्ट की मुख्य पीठ में भी वकीलों ने काम नहीं किया। बार एसोसिएशन ने रजिस्ट्री से मामलों को नोट रीच्ड टैग करने का आग्रह किया। अदालती कार्यवाही और नई याचिकाओं की फाइलिंग प्रभावित रही।

**शिवपुरी, ग्वालियर एवं धार:** यहां घटना के विरोध में सबसे ज्यादा गुस्सा देखा गया।

डिप्टी मैनेजर ही निकला चोर

## लॉकर से 3.5 करोड़ का सोना चुराकर सट्टेबाजी में उड़ा दिया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बैंक लॉकर में सोना रखना अब भी सुरक्षित है या नहीं? यह सवाल बेंगलुरु के एक चौंकाने वाले मामले ने सबके मन में उठा दिया है। जहां लोग बैंक को सबसे भरोसेमंद जगह मानते हैं, वहां ही बैंक का उप प्रबंधक किरण कुमार ग्राहकों के सोने का सेंधमार निकला। डिप्टी मैनेजर ने कथित तौर पर 15 ग्राहकों के लॉकर से करीब 2.78 किलो (2,780 ग्राम) सोने के आभूषण चुराए, उन्हें बिना अनुमति गिरवी रखा और मिली रकम ऑनलाइन सट्टेबाजी में उड़ा दी। कर्नाटक के बेंगलुरु में इंडियन बैंक के एक उप प्रबंधक पर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की हेराफेरी करने और उन्हें बिना अनुमति के गिरवी रखने का आरोप है। जब्त किए गए सोने का कुल वजन लगभग 2,780 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 3.5 करोड़ रुपए से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक के मुख्य प्रबंधक ने 5 फरवरी को बेंगलुरु के गिरिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

सबरीमाला में महिलाओं की एंट्री

## 9 जजों की पीठ करेगी फैसला 7 अप्रैल को होगी यह सुनवाई

पीठ 7 अहम सवालों पर विचार करेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट

सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर एक बार फिर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ 7 अप्रैल 2026 से इस मामले में सुनवाई शुरू करेगी। इस दौरान पीठ 7 अहम सवालों पर विचार करेगी, जिनके आधार पर यह तय होगा कि केरल के प्रसिद्ध सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर विवाद का अंतिम समाधान क्या होना चाहिए। इस दौरान केंद्र सरकार महिलाओं के मंदिर में प्रवेश का विरोध करेगी।

## 3 क्विंटल फूलों से तैयार हुआ सेहरा



### रजत शेषनाग मुकुट, मुंडमाला रुद्राक्ष माला से हुआ विशेष श्रृंगार

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि पर्व पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में चार प्रहर के पूजन-अभिषेक और विशेष अनुष्ठानों के बाद सोमवार को भगवान महाकाल को सेहरा अर्पित किया गया। मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा के अनुसार, भगवान महाकाल का श्रृंगार कर पुष्प मुकुट (सेहरा) बांधा गया। भगवान को चंद्र मुकुट, छत्र, त्रिपुंड और अन्य आभूषणों से अलंकृत किया गया। सेहरा आरती के बाद भगवान को मिष्ठान्न, 5 प्रकार के फलों का रस और पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। इस दौरान साल में एक बार दोपहर में होने वाली विशेष भस्म आरती भी हुई।

यादव आठ दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आएंगे

## जेल से रिहा होंगे राजपाल यादव, जमानत के लिए कोर्ट में जमा करने पड़े 1.5 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

5 करोड़ रुपए का मामला था वो 11 करोड़ का हो गया



बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव आठ दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आएंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया है। बेल देने से पहले राजपाल यादव ने दिल्ली हाई कोर्ट के कहने पर डिमांड ड्राफ्ट के जरिए मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 1.5 करोड़ रुपए दिए हैं। अब इस केस की अगली सुनवाई 18 मार्च के दिन होगी। राजपाल यादव के वकील ने 12 फरवरी के दिन मीडिया से कहा था कि ओरिजिनल 5 करोड़ रुपए का मामला था, लेकिन अब वो 11 करोड़ रुपए का हो गया है। अब तक, हमने इस केस में 2.5 करोड़ रुपए दे दिए हैं। पहले रजिस्ट्री में करीब 1 करोड़ रुपए जमा किए गए थे। वहीं सोमवार को राजपाल यादव ने 1.5 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जमा किया है।

बुधवार के बाद अधिकांश जिलों में छाएंगे बादल, आज से रात का पारा धीरे-धीरे बढ़ेगा

नया पश्चिमी विक्षोभ अभी अफगानिस्तान से आगे बढ़ा, दो- तीन दिन में शुरू होगा प्रदेश में असर

## कल के बाद फिर बदलेगा मौसम, भोपाल और इंदौर संभाग सहित कुछ जिलों में बादल-बारिश की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल के बाद मौसम फिर बदलेगा। गुरुवार से शनिवार के बीच भोपाल-इंदौर संभाग सहित कई जिलों में बादल और कुछ जगह बारिश होगी। इससे पहले बुधवार रात से प्रदेशभर में न्यूनतम तापमान में वृद्धि शुरू हो जाएगी। भोपाल में अभी दिन-रात का पारा सामान्य के करीब है, जो गुरुवार तक 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा। प्रदेश में औसत न्यूनतम पारा भी दो डिग्री तक बढ़ने की उम्मीद है। दिन में कुछ कमी आएगी। मौसम केंद्र के अनुसार अभी ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। दो दिन बाद रात के तापमान में बढ़त होगी।



### पश्चिमी हिस्से में गिरा पारा

सोमवार को कई जिलों में दिन-रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की कमी आई। कुछ जगह इतनी ही बढ़त रही। खरगोन में सर्वाधिक अधिकतम पारा 34.2 और खंडवा में 34.1 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में दिन में दशमलव 4 डिग्री की बढ़त के साथ 30 और रात में इतनी ही कमी के साथ 12.6 डिग्री रहा। दिन का पारा सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक और रात का दशमलव 8 डिग्री कम है। छह जिलों में रात का सबसे कम तापमान 6 से 10 डिग्री के बीच रहा। कटनी 6.7, शहडोल, पचमढ़ी 7.6,राजगढ़ 9, उमरिया 10 और मलाजखंड में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री रहा है।

### इसलिए होगी बारिश

*विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी डब्ल्यूडी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में अफगानिस्तान और आसपास सक्रिय है, जिसका इंपैक्ट हिमालय तक शुरू हो रहा है। उत्तरी हिस्से में बर्फबारी और कुछ जगह बारिश शुरू हो रही है, जबकि दो से तीन दिन में डब्ल्यूडी और आगे तक असर करेगा। इससे प्रदेश में बादल और बारिश का दौर चलेगा। हालांकि, अभी तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।*

## चुनाव से पहले असम में दिखी तमाशेबाजी

# असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन ने अचानक दिया इस्तीफा दिल्ली तक मचा हड़कंप फिर 4 घंटे बाद पलटे और लिया वापस

### राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा दोनों सुर्खियों में रहे


एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

**पार्टी में अनदेखी और उचित सम्मान न मिलने की बात कही**

असम की सियासत में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ऐसा एक बड़ी तमाशाबाजी सामने आई। इसने कांग्रेस और बीजेपी दोनों को सुर्खियों में ला दिया। पूर्व असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पहले पार्टी से इस्तीफा देकर राजनीतिक हलचल मचा दी और फिर महज 4 घंटे के भीतर यू-टर्न लेते हुए कांग्रेस में ही बने रहने का ऐलान कर दिया। सवाल खड़ा हुआ और राजनीति के जानकारार करहने लगे अचानक ऐसा क्या हुआ, जिसने एक बड़े फैसले को पल भर में बदल दिया। सोमवार सुबह भूपेनने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेजा। उन्होंने पार्टी में अनदेखी और उचित सम्मान न मिलने की बात कही। इस्तीफे की खबर बाहर आते ही असम कांग्रेस में खलबली मच गई। गुवाहाटी स्थित उनके घर पर नेताओं का तांता लग गया।

#### भूपेन ने नेतृत्व पर साइडलाइन करने का लगाया था आरोप

इस्तीफा वापस लेते वक्त भूपेनने कहा कि मैंने अभी इस बारे में अपने परिवार से बात नहीं की है। इसलिए मुझे फैसला लेने के लिए और समय चाहिए। 32 वर्षों तक कांग्रेस की सेवा करने वाले भूपेन ने साइडलाइन करने का आरोप लगाया था। भूपेन ने 2021 से 2025 के बीच असम कांग्रेस संगठन की कमान संभाली थी। पिछले वर्ष पार्टी नेतृत्व ने बदलाव करते हुए उनकी जगह गौरव गोगोई को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। सियासी अनुभव की बात करें तो बोरा असम विधानसभा में दो बार विधायक भी रह चुके हैं।


भूपेन बोरा

#### हाईकमान की दखल बनी निर्णायक

इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस हाईकमान की भूमिका निर्णायक रही। पार्टी के अनुसार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने खुद भूपेन बोरा से बात की। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने भी पुष्टि की कि भूपेन बोरा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया। हाईकमान ने उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी देने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद मामला संभल गया।

#### फैसले लेने को मजबूर हो गया

इस्तीफा देते वक्त भूपेन ने कहा था कि वह 32 साल से कांग्रेस के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं, लेकिन बीते कुछ दिनों में बने हालात ने उन्हें यह फैसला लेने पर मजबूर किया। उन्होंने यह भी साफ किया था कि वह सक्रिय राजनीति में बने रहेंगे, लेकिन आगे क्या करेंगे, इस पर फैसला नहीं किया है। उनका इस्तीफा ऐसे वक्त आया, जब असम में मार्च-अप्रैल के बीच विधानसभा चुनाव होने हैं और तारीखों का ऐलान होना बाकी है।

#### सीएम सरमा बोले- भाजपा से संपर्क नहीं किया

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भूपेन का यह कदम पहले से अनुमानित था, क्योंकि उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाकर गौरव को जिम्मेदारी दी गई थी। कांग्रेस में वही लोग आगे बढ़ते हैं, जिनके पिता प्रभावशाली हों या जो अल्पसंख्यक समुदाय से आते हों। उन्होंने यह भी दावा किया कि बोरा असम कांग्रेस के आखिरी बड़े हिंदू चेहरा थे, जिन्हें लगातार साइडलाइन किया जा रहा था। हालांकि सरमा ने यह भी कहा कि बोरा ने भाजपा जॉइन करने के लिए उनसे संपर्क नहीं किया है।

---

## खबर संक्षेप

### लालू-राबड़ी के खिलाफ तय किए आरोप



**नई दिल्ली।** ज मीन के बदले नौकरी मामले में आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव और बिहार की पूर्व सीएम रबड़ी देवी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान उनके खिलाफ खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिए हैं। दूसरी ओर लालू-राबड़ी ने खुद को बेगुनाह बताया है। वे ट्रायल का सामना करेंगे।

### इंदरलोक की फैक्ट्री में आग से हड़कंप



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली का इंदरलोक इलाका सोमवार को उस समय दहल गया, जब यहाँ स्थित एक फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और काले धुएं के गुबार के साथ आग की लपटें दूर-दूर से दिखाई देने लगीं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया है।

### पुलिस ने 2 डकैतों को मारी गोली, 4 अरेस्ट



**हरदोई।** बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने धौराटांडा डकैती कांड में वांछित चल रहे 4 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। इस दौरान बदमाशों की फायरिंग से उप-निरीक्षक और सिपाही भी घायल हुए हैं।

### दुनियाभर में एक्स रहा डाउन, लोग परेशान



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्स एक्स की सर्विस सोमवार शाम 7 बजे दुनियाभर में अचानक ठप पड़ गई। भारत, यूएस, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया समेत दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से लोग एक्स के डाउन होने की जानकारी दे रहे हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई समेत कई शहरों से 3,500 से ज्यादा यूजर्स ने परेशानी की शिकायतें की हैं।

### फैक्टरी में फटे कई केमिकल ड्रम, 30 झुलसे



**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद स्थित मुजेसर में एक निजी कंपनी में सोमवार शाम को हुए एक भीषण हादसे में 30 से अधिक कर्मचारी झुलस गए। कंपनी में मेटल शीट कटिंग का काम होता है, जिसके लिए सीएनसी मशीनें लगी हैं। शाम के समय जब कर्मचारी काम कर रहे थे, तभी वहां रखे एक केमिकल ड्रम में अचानक धमाका हो गया। अफरातफरी मच गई।

---

## एसआईआर की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने नाराजगी जताई

याचिकाकर्ता को खूब सुनाया

# आर्टिकल 32 का मजाक न बनाएं, हम तय करें कि आपके माता-पिता कौन हैं?


**टीएमसी और ईसीआई में तकरार बढ़ी**

#### मोहम्मद नोवाज ने याचिका दाखिल कर लगाई थी सुप्रीम कोर्ट से गुहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगालएसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इस बार याचिका दाखिल कर एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने जमकर नाराजगी जताई है। खास बात है कि इस मुद्दे को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार और ईसी आई यानी भारत निर्वाचन आयोग में तकरार जारी है। मोहम्मद जिमफरहाद नोवाज ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी लिस्ट के इस्तेमाल को चुनौती दी है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आर्टिकल 32 में आप चाहते हैं कि हम यह तय करें कि आपके पिता, माता और आदि कौन हैं। यह आर्टिकल 32 याचिका का मजाक है।

#### 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी



28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि नामों की वर्तनी में हुई गलती और विसंगतियों से संबंधित सुनवाई 27 दिसंबर को शुरू हुई और पूरे राज्य में विद्यालयों, क्लब कक्षों और प्रशासनिक भवनों में स्थापित शिविरों में जारी रही।

#### ईसीआई ने 7 अधिकारियों को किया निलंबित

ईसीआई ने बंगाल में 7अधिकारियों को गंभीर कदाचार, कर्तव्य में लापरवाही और एसआईआर से जुड़े अधिकारी के के दुरुपयोग के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ये सभी सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी थे।

#### मंगलवार तक का दिया समय

ईसी ने बंगाल की मुख्य सचिव को 17 फरवरी तक उसके निर्देशों का पालन करने को कहा है, जिसमें बीएलओ को बढ़ा हुआ मानदेय देना और जारी एसआईआर के दौरान जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना शामिल है।

#### बाबा खतरनाक की याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट | बाबा जी प्लीज हाई कोर्ट जाएं

सुप्रीम कोर्ट ने बदरवाद वेणुगोपाल उर्फ बाबा खतरनाक की याचिका को खारिज कर दिया। इसमें वाराणसी में गंगा नदी के पानी की बिगड़ती गुणवत्ता को लेकर चिंता जाहिर की गई थी। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता बाबा खतरनाक को संबंधित हाई कोर्ट में जाने की छूट दे दी। सीजेआई की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि बाबा जी प्लीज वहां जाएं और अधिकारियों को अपना प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करें। वहां शायद काफी काम हो चुका है। हर कोई बस सुप्रीम कोर्ट ही आना चाहता है। हाई कोर्ट महज दस किलोमीटर दूर है। फिर भी वे यहां पर आना चाहते हैं। मामला ह्यूमन सीवेज से संबंधित है।

#### सरमा की सुनवाई नहीं की

### आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए?

सुप्रीम कोर्ट ने कथित हेट स्पीच की घटनाओं को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज करने और विशेष जांच दल द्वारा जांच का आदेश देने वाली याचिकाओं को



खारिज करते हुए असंतोष जाहिर किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की बेंच ने याचिकाकर्ताओं को पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने साफ किया कि उसे मामले की सीधे सुनवाई करने का अधिकार हासिल है, लेकिन वह उन शॉर्टकट तरीकों के पक्ष में नहीं है जहां याचिकाएं हाईकोर्ट में जाने से पहले ही सुप्रीम कोर्ट में सुनी जाती हैं। सीजेआई कांत ने कहा कि आप तो अभी तक हाई कोर्ट भी नहीं गए हैं। मैं सीधे रास्ते पर चल रहा हूं। एक क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने की जल्दबाजी में हम दूसरे क्षेत्राधिकार को कमजोर नहीं कर सकते। यह न्यायालय इन सब का खेल मैदान नहीं बन सकता। हाई कोर्ट के क्षेत्राधिकार में आने वाले किसी भी मामले में, हमें विश्वास है कि वह हाई कोर्ट इस पर विचार करके फैसला ले सकता है।


#### सिंघवी बोले- पूरा देश प्रभावित हो रहा

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अभिषेक मनु सिंहवी ने तर्क दिया कि सरमा की टिप्पणियों से पूरा देश प्रभावित होता है और वह एक आदतन अपराधी हैं, जिससे यह मामला सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त हो जाता है।

---

## कर्नाटक में आरएसएस पर तीखी बहस

# प्रियांक कांग्रेस का पंजीकरण सुरक्षित करें, फिर हमारी सोचें



#### कांग्रेस की चिंता करें, जिसके अध्यक्ष उनके पिता बने

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के बीच आरएसएस को लेकर तीखी बहस देखने को मिल रही है। प्रियांक ने आरएसएस पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया था। विजयेंद्र ने निशाना साधते हुए कांग्रेस को अपना वजूद संभालने को कहा। विजयेंद्र ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मंत्री प्रियांक पहले यह पक्का करें कि कांग्रेसका पंजीकरण कैंसिल न हो जिसके प्रमुख आपके पिता हैं और जो राजनीतिक नक्शे पर अपना वजूद खोने की कगार पर है, उसके बाद ही दूसरों के पंजीकरण की चिंता करें। क्षेत्रीय विकास को लेकर निशाना साधते हुए विजयेंद्र ने कहा कि खरगे परिवार ने कल्याण कर्नाटक को देश में सबसे पिछड़े इलाकों में से एक बनाने के अलावा कुछ नहीं किया है।

#### कल्याण को कांग्रेस ने पिछड़ा इलाका बनाया: अशोक

विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा आरएसएस को गाली देना आसमान पर थूकने



जैसा है। आज खरगे ने अपने बचाव में कल्याण कर्नाटक को लेकर जवाब देते हुए कहा कल्याण कर्नाटक एक पिछड़ा इलाका है। अगर आप समझते कि इस क्षेत्रीय असंतुलन के ऐतिहासिक और भौगोलिक कारण हैं, तो भाजपा की केंद्र सरकार विशेष राज्या देने से मना नहीं करती।

#### यह झूठ, इससे विश्वसनीयता नहीं बढ़ेगी: वीएचपी

वीएचपी के महासचिव मिलिंद परांदे ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक बेहद गैरजिम्मेदाराना बयान



है। वे देशभक्ति संगठनों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इससे उनकी विश्वसनीयता नहीं बढ़ेगी। हिंदुत्व संगठनों को निशाना बनाया है।

#### भाजपा को 'शैतान की परछाई' कहा



प्रियांक खरगे ने आरएसएस पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया था। खरगे ने आरोप लगाया कि आरएसएस 2,500 से ज़्यादा संगठनों का नेटवर्क है। वे उनसे पैसे लेते हैं। संगठन अप? और क्या यह कानून या संविधान से ऊपर है। खरगे ने संघ को शैतान कहा है। उन्होंने भाजपा को 'शैतान की परछाई'कहा है। प्रियांक ने कहा भाजपा छुटकारा पाना होगा।

---

## अब हैदराबाद में दिखा रफ्तार का कहर

# कार के बंपर से शख्स को 1 किमी तक घसीटा लोगों ने पीटा और फिर पुलिस के हवाले किया

### सोमवार को वीडियो जारी किया गया, 2 लोगों को जेल

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के कुशैगुडा इलाके में पिछले हफ्ते सोमवार की रात करीब 8 बजे सड़क पर जो मंजर दिखा, उसने चश्मदीदों की रूह कंपा दी। एक तेज रफ्तार बोलेरो ने न सिर्फ एक कार को टक्कर मारी। विरोध करने पर शख्स को कुचलने की कोशिश की। उसे बंपर पर घसीटते हुए करीब 1 किलोमीटर तक घसीटा भी। इसमें 45 वर्षीय एम. सतीश गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनके पैर में फ्रैक्चर हो गया और शरीर के निचले अंगों में गहरे जख्म आए। पुलिस ने दोनों आरोपियों, उप्पारी महेश और अंगंदुला तरुण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

#### आरोपियों ने भागने की नाकाम कोशिश की

घटना की शुरुआत मल्लापुर एक्स रोड के पास हुई। पीड़ित पी. राजू अपने सहकर्मियों सतीश और विजय कुमार के साथ



अपनी एमजी विंडसर कार से काम खत्म कर रामपल्ली लौट रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक बोलेरो ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजू की कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, आरोपी रुकने के बजाय भागने लगे, जिसके बाद राजू ने उनका पीछा किया और एचबी कॉलोनी स्थित एनटीआर प्रतिमा सिग्नल के पास बोलेरो को घेर लिया।

### श्री गोशाला से 250 फीट की केबल चोरी



**सिरसा।** शहर की श्री गोशाला में चोरों द्वारा ट्यूबवेल की करीब 250 फीट विद्युत केबल चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इसके चलते गोशाला में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे वहां रह रहे पशुओं के लिए गंभीर समस्या खड़ी हो गई है ।गोशाला प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

### ब्रह्म रथोत्सव में 'भगवान'


**मलेश्वरम।** फोक कलाकार मालेश्वरम में रथोत्सव के दौरान भगवान की वेशभूषा में शामिल हुए।

---

## काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों ने किया हंगामा

# एसडीएम और बाउंसरों ने हम पर दुर्व्यवहार किया

### श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार का गंभीर आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर में एक बार फिर विवाद की ताजा घटना सामने आई है, जहां मंदिर के अधिकारी एसडीएम शंभू शरण पर सुरक्षा कर्मयों के साथ मलिकर श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार का गंभीर आरोप लगा है। भदैनी निवासी अनुज पांडे और फुलवरिया के बाबूलाल सोनकर ने चौक थाने में तहरीर देकर बताया कि वे नियमित रूप से मंदिर में दर्शन करने जाते हैं। रविवार को जब वे दर्शन के लिए पहुंचे, तो एसडीएम शंभू शरण करीब 10 बाउंसरों के साथ वहां मौजूद थे। आरोप है कि वे भक्तों से अभद्रता करने के साथ धक्का-मुक्की कर रहे थे।

#### अधिकारियों ने कहा- जबरन गर्भगृह जाने की कोशिश की



दोनों पीड़ितों ने मौके पर मौजूद डीएम और कमिश्नर से मौखिक शिकायत की और लिखित तहरीर थानाध्यक्ष को सौंपी, जिसमें एसडीएम तथा उनके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि इन लोगों ने मंदिर के पश्चिमी द्वार, जहां से दर्शनार्थियों के निकास होती है, उसे रोककर जबरदस्ती रेलिंग फांदकर गर्भगृह में प्रवेश करने की कोशिश की।

#### भक्तों ने उचित कार्रवाई की मांग की

भक्तों का कहना है कि काशी विश्वनाथ मंदिर एक पवित्र स्थल है और यहां इस प्रकार का व्यवहार अस्वीकार्य है। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

#### लोगों ने घटना की निंदा की

थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कई लोगों ने इस घटना की निंदा की है और कहा है कि इस प्रकार के व्यवहार से मंदिर की पवित्रता को ठेस पहुंचती है। भक्तों ने यह भी कहा कि उन्हें मंदिर में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और किसी भी प्रकार की हिंसा या दुर्व्यवहार को सहन नहीं किया जाना चाहिए।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की जा रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हें न्याय की उम्मीद है और वे चाहते हैं कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए।

---

## गृहमंत्री शाह आज जाएंगे गांधीनगर

# सहकारिता क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए करेंगे बड़ा मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों



की उच्चस्तरीय मंथन बैठक मंगलवार को आयोजित होगी। इसका उद्देश्य सहकारी समितियों को केवल संस्थागत ढांचे तक सीमित न रखकर उन्हें सदस्य-केंद्रित, आय-वर्धक और आत्मनिर्भर आर्थिक इकाइयों में रूपांतरित करना है।

#### राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्थाएं शामिल होंगी

इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर की नई सहकारी संस्थाओं नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड, नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक लिमिटेड (तथा भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड में राज्यों की सक्रिय भागीदारी, भूमिका और अपेक्षाओं पर भी विमर्श होगा, जिससे निर्यात, जैविक खेती और गुणवत्तापूर्ण बीज आपूर्ति के क्षेत्र में सहकारिता को नई पहचान मिल सके।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026


साल का पहला सूर्य ग्रहण आज

## भारत में नहीं लगेगा सूतक



**नई दिल्ली।** आज यानी 17 फरवरी को सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह साल का पहला सूर्य ग्रहण है, जो कुंभ राशि और धनिष्ठा नक्षत्र में लगने वाला है। यह एक वलयाकार या कंकण सूर्य ग्रहण होगा। यह सूर्य ग्रहण दोपहर 3 बजकर 26 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 57 मिनट तक रहने वाला है। सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा।

पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, 840 से ज्यादा कंपनियां ले रहीं हिस्सा

# दिल्ली में एआई समिट का 'महाकुंभ' शुरू




*केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि पांच दिवसीय एआई इम्पैक्ट समिट में दुनियाभर के नेता, स्टार्टअप, नवोन्मेषक और शोधकर्ता एकत्र हुए*



एआई रोबोटिक मशीन का प्रदर्शन

- **एआई स्टार्टअप्स ने दिखाए डेमो**
- **डीपफेक पर सख्ती की तैयारी कर रहा भारत**
- **इवेंट में दुनियाभर के देशों के राष्ट्राध्यक्ष और दिग्गज एआई कंपनियों के सीईओ शामिल**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। यह एक्सपो एआई तकनीक के व्यावहारिक उपयोग, स्टार्टअप नवाचार और डिजिटल समाधान को प्रदर्शित करने का बड़ा मंच है। इसमें देश-विदेश की कंपनियां और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। एआई आधारित समाधान आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एआई के दुरुपयोग, गलत सूचना और डीपफेक के खतरे पर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि डीपफेक और भ्रामक कंटेंट से निपटने के लिए भारत 30 से अधिक देशों के मंत्रियों के साथ तकनीकी और कानूनी समाधान पर बातचीत कर रहा है। सरकार एआई से बने कंटेंट पर वॉटरमार्क और लेबल अनिवार्य करने के लिए सख्त नियम लाने की दिशा में काम कर रही है।

### एआई अपनाने में देरी नहीं चलेगी: नागेश्वरन

केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि एआई को अपनाने की प्रक्रिया एक सहयोगात्मक प्रयास होनी चाहिए, जिसमें निजी क्षेत्र, अकादमिक जगत और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी जरूरी है। उन्होंने इसे टीम इंडिया का सामूहिक प्रयास बताया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि एआई अपनाने का अवसर अभी खुला है, लेकिन यह हमेशा के लिए नहीं रहेगा, इसलिए तेजी और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

### हॉलो ट्यूब के जरिए बताई जा रही महाभारत की कहानी

भारत मंडपम में जियो ने एक एग्जिबिशन लगाई है, जिसका नाम जियो संस्कृति एआई ऑफ स्टोरी टेलिंग एंड कल्चर है। इसमें महाभारत के पात्रों को दिखाया गया है और वे ही कहानी सुनाने का काम कर रहे हैं।



समिट में पीएम मोदी चर्चा करते हुए

### एआई इंपैक्ट समिट के मुख्य वक्ता

- इमैनुएल मैक्रों, राष्ट्रपति, फ्रांस
- सुंदर पिचाई, सीईओ, गूगल
- मुकेश अंबानी, चेयरमैन एवं एमडी, रिलायंस इंडस्ट्रीज
- सैम ऑल्टमैन, सीईओ, ओपनएआई
- शांतनु नारायण, सीईओ, एडोबी
- क्रिस्टियानो एमोन, सीईओ, क्वालकॉम
- डारियो अमोडेई, सीईओ, एंथ्रॉपिक
- डेमिस हासाबिस,सीईओ, गूगल डीपमाइंड
- आर्थर मेंश, सीईओ, मिस्ट्रल एआई
- अलेक्जेंडर वांग, चीफ एआई ऑफिसर, मेटा
- प्रत्युष कुमार और विवेक राघवन, सह-संस्थापक, सर्वम एआई
- विशाल सिक्का, संस्थापक एवं सीईओ, वियानाई

### ये भी जानिए

**3250** से अधिक स्पीकर्स और पैनल

**500** से अधिक सेशन

**2.5 लाख** विजिटर्स आने की संभावना

**300** एग्जीबिशन पवेलियन

**600** हाई पावर वाले स्टार्टअप

**13** देशों के पवेलियन

---

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

### टॉयलेट क्लीनर से फैली जहरीली गैस, 3 बेहोश

**बैतूल।** टॉयलेट क्लीनर की गैस की चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन लोग बेहोश हो गए। बुजुर्ग पिता की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में शिफ्ट किया गया है, जबकि मां और बेटे वार्ड में भर्ती हैं। मामला कोतवाली थाना इलाके के टेमनी गांव में सोमवार का है। स्थानीय निवासी चंदन सुबह अपने घर के टॉयलेट की सफाई कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने एसिड युक्त टॉयलेट क्लीनर की बोतल खोली एसिड बाहर छलक गया और बाथरूम में जहरीली गैस फैल गई। इसके संपर्क में आते ही चंदन को घबराहट और सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

### प्रेमिका के भाई ने प्रेमी पर डाला पेट्रोल, लगाई आग

कोरबा। प्रेम प्रसंग में पागलपन और रंजिश की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। एक युवक को उसकी प्रेमिका ने मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन घात लगाए बैठे प्रेमिका के भाई ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग की लपटों से घिरा युवक जान बचाने के लिए पास के तालाब में कूद गया। मिली जानकारी के अनुसार, कनकी (थाना उरगा) निवासी विशु सारथी (21 वर्ष) का प्रेम प्रसंग जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कटओत की रहने वाली चांदनी नामक युवती से था। शनिवार शाम करीब पांच बजे चाँदनी ने विशु को अपने गांव बुलाया था।

---

विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन ही विपक्ष ने नारेबाजी कर कार्यवाही नहीं चलने दी

# राज्यपाल के अभिभाषण में हंगामा, कांग्रेस ने 'दूषित' पानी से 35 मौतों का मुद्दा उठाया



राज्यपाल का स्वागत हुआ

*पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण व कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव सदन में रखा गया। वरिष्ठ सदस्य व पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जबकि पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने प्रस्ताव का समर्थन किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल के अभिभाषण पर सोमवार को मप्र विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस ने इंदौर के भागीरथपुरा में सीवर मिला हुआ पानी पीने से हुई 35 मौतों का जिक्र अभिभाषण में नहीं करने का आरोप लगाते हुए राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध किया। कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि अभिभाषण में 35 मौतों का जिक्र तक नहीं है। सदन में ही तीन घटनाओं से जुड़े मंत्री बैठे हैं। कांग्रेस सदस्यों के नारेबाजी से अभिभाषण में खासा व्यवधान हुआ। करीब 10 मिनट तक चले हंगामे के बीच राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कुल 47 पेज के अभिभाषण का महज अंतिम पैराग्राफ पढ़कर उसे पढ़ा हुआ घोषित करते हुए समाप्त कर दिया।

विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण व कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव सदन में रखा गया। वरिष्ठ सदस्य व पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जबकि पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने प्रस्ताव का समर्थन किया। सदन की कार्यवाही करीब 21 मिनट तक चली। सदन की कार्यवाही सुबह 11.02 बजे शुरू हुई। राज्यपाल पटेल सदन में 11.08 बजे सदन में पहुंचे।

### 47 पेज का अभिभाषण महज 20 मिनट में समाप्त

- **राष्ट्रगीत वंदे मातरम का छह छंदों सहित समूह गान किया गया**
- **कांग्रेस बोली अभिभाषण में इंदौर में हुई मौतों का जिक्र होना चाहिए था**



### कांग्रेस ने पूछा- स्वच्छ पानी प्रदेश में कहां मिल रहा है?

राज्यपाल का अभिभाषण करीब 10 मिनट बीते होंगे, इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने स्वच्छ पेयजल का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि प्रदेश भर में कहीं भी स्वच्छ जल लोगों को नहीं मिल रहा है। राज्यपाल स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की बात तो कर रहे हैं, पर गंदा, सीवरयुक्त पानी पीने से हुई मौतों का जिक्र तक नहीं कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के इशारे पर कांग्रेस के सभी सदस्य खड़े होकर विरोध जताने लगे।

स्पीकर ने कहा

### पहले अभिभाषण सुन लें, सबको मौका मिलेगा

कांग्रेस के हंगामा शुरू करने के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कांग्रेसी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे राज्यपाल का अभिभाषण पहले सुनें, यदि उनकी कोई बात होगी तो सदन में उन्हें पर्याप्त समय मिलेगा, इस दौरान अपनी बात कह सकते हैं। किंतु कांग्रेस सदस्यों ने उनकी बात अनसुनी करते हुए शोरगुल व हंगामा करते रहे। कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्ष ने उनका माइक बंद करने का भी आरोप लगाया। यह सब करीब 11.28 मिनट तक चलता रहा। इसके बाद उन्होंने अभिभाषण का अंतिम पंक्ति कहकर समाप्त कर दिया। हालांकि राज्यपाल को सदन से विदा करते समय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय व नेता प्रतिपक्ष सिंघार भी विधानसभा से बाहर तक जाकर विदा किया।। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवाल 11 बजे तक के लिए स्थिगित कर दी।

राज्यपाल का अभिभाषण

### वर्ष 2047 तक एक समृद्ध, समावेशी और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में विकसित करना है

राज्यपाल पटेल ने अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार ने मप्र के दीर्घकालिक और समग्र विकास की ठोस नींव रखते हुए समृद्ध मप्र @ 2047 दृष्टिपत्र तैयार किया है। यह केवल एक नीतिगत दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों की सहभागिता, सुझावों और आकांक्षाओं से उपजा एक सामूहिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य स्पष्ट है, वर्ष 2047 तक मप्र को एक समृद्ध, समावेशी और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करना है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि समृद्ध मध्यप्रदेश 2047 की परिकल्पना के तहत मेरी सरकार की ओर से हथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र को रोजगार निर्यात और सांकेतिक सांस्कृतिक पहचान का शासक आधार बनाने संस्थागत प्रशिक्षण ब्रांडिंग बाजार विस्तार अनुचर पर विशेष बल दिया जा रहा है।

---



फैक्ट्री में आग बुझाते दमकलकर्मी

राजस्थान में अवैध केमिकल फैक्ट्री में धमाका

# 8 लोग जिंदा जले, पॉलीथीन में ले जाने पड़े शवों के टुकड़े



पॉलीथिन में रखा शव

एजेंसी ▶▶ भिवाड़ी

राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पाट्  र्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्  ठा किया। हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। फैक्ट्री को सीज कर दिया है।

- **मैनेजर हिरासत में, फैक्ट्री सीज**
- **अवैध फैक्ट्री में भरा था बारूद**

### सभी फैक्ट्रियों की होगी जांच

जिस औद्योगिक क्षेत्र में यह हादसा हुआ, यहां मूल रूप से गारमेंट्स बनाने की फैक्ट्री है। लेकिन अवैध रूप से यहां एक फैक्ट्री में पटाखे बनाने का काम चोरी छिपे तरीके से गेट बंद करके हो रहा था। प्रशासन की नाक की नीचे से हो रहे इस अवैध कार्य के सामने आने के बाद यह निर्देश दिए गए हैं कि सभी फैक्ट्रियों की जांच होगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं।

---

सागर के मुहली रेंज में मिला शव, कॉलर आईडी से मिली लोकेशन

# कान्हा से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व आए बाघ की मौत, टेरिटरी फाइट की जताई आशंका

*तीन दिनों से बाघ की लोकेशन एक ही स्थान पर मिल रही थी, तब शक हुआ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में एक महीने पहले लाए गए करीब 35 माह उम्र के बाघ की मौत हो गई। रविवार को मानेगांव बीट में उसका शव मिला। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अंधेरा होने के कारण विस्तृत सर्चिंग नहीं हो सकी, जिसके बाद सोमवार सुबह डॉग स्क्वाड के साथ जांच तेज की गई। डॉक्टरों का पैनल पोस्टमार्टम कर रहा है, जिससे मौत का कारण स्पष्ट होगा। शुरुआती तौर पर टेरिटरी फाइट की आशंका जताई जा रही है।



बाघ का शव

### भोपाल,पन्ना और जबलपुर से पहुंची जांच टीम

जांच के दौरान बिजली के तारों और आसपास के जलस्त्रोतों को भी परखा गया। कहीं करंट या पानी में गड़बड़ी जैसे संकेत नहीं मिले। इससे विभाग का शक टेरिटरी फाइट की ओर ज्यादा बढ़ा है। डीएफओ रजनीश कुमार के अनुसार शव का पोस्टमार्टम विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कर रही है।

---

शादी से पहले 'शारीरिक संबंध' बनाने पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

कोर्ट ने शादी से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी

# हम पुराने ख्याल के हो सकते हैं लेकिन...लड़का लड़की शादी से पहले संबंध कैसे बना सकते हैं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शादी से पहले संबंध बनाने पर अहम टिप्पणी की है। यह टिप्पणी दुष्कर्म और शादी का वादा करने से जुड़े एक मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान आया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच एक ऐसे आदमी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और फिर दूसरी महिला से शादी करने का आरोप है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शायद हम पुराने ख्यालों वाले हैं...लेकिन शादी से पहले, एक लड़का और एक लड़की अजनबी होते हैं। उनके रिश्ते में चाहे जो भी अच्छे-बुरे हों, हम यह समझने में नाकाम रहते हैं कि वे शादी से पहले शारीरिक संबंध में कैसे बना सकते हैं? बेंच के आगे कहा कि आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए।

**जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई**



सुप्रीम कोर्ट

### मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए मिले थे दोनों

कोर्ट को बताया गया कि महिला और पुरुष 2022 में एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए मिले थे। सरकारी वकील ने आरोप लगाया कि आदमी ने महिला को भरोसा दिलाया कि वह उससे शादी करेगा और इसी आधार पर उसने फिजिकल रिलेशनशिप बनाया। प्रॉसिक्यूशन ने यह भी दावा किया कि उनके सेक्सुअल इंटरेक्शन के वीडियो महिला की सहमति के बिना रिकॉर्ड किए गए थे, और उसने उन्हें सर्कुलेट करने की धमकी दी गई थी। मामले को आगे की सुनवाई के लिए बुधवार को लिस्ट किया गया है।

**एआई इंपैक्ट समिट 2026 में बोले ब्रिटेन के डिप्टी पीएम**

# विकास को नई गति देगी एआई, दुनिया भर के लोगों को मिलेगा लाभ

*ब्रिटेन के डिप्टी पीएम ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है*

## *जापान सरकार एआई उद्योग और कंपनियों के मॉडल विकसित कर रही*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार की शाम को एआई इंपैक्ट समिट का उद्घाटन किया। इस समिट में दुनियाभर से कई नेता शामिल हुए। ब्रिटेन के डिप्टी पीएम डेविड लैमी और एआई मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल भारत आया हुआ है। इस अवसर पर लैमी ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि हम एआई के पूर्ण लाभों और क्षमता को उजागर करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर कैसे काम कर सकते हैं। साथ ही साथ मजबूत और निष्पक्ष सुरक्षा मानकों को शामिल कर सकते हैं जो हम सभी की रक्षा करते हैं। भारत के विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसआईटी) ने कहा कि भारत और ब्रिटेन 'स्वाभाविक तकनीकी साझेदार' हैं और इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और विप्रो जैसी सॉफ्टवेयर दिग्गज कंपनियां पूरे यूके में अपने परिचालन का विस्तार कर रही हैं।


डिप्टी पीएम डेविड लैमी

वहीं जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई) के उप निदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) ताकुमी मियाकावा ने कहा कि जापान में भी एआई को लेकर नई सरकार काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि जापान की पीएम भी एआई के महत्व पर जोर दे चुकी हैं। जापान सरकार अपने एआई उद्योग और कंपनियों को मॉडल विकसित करने में सहयोग दे रही है।

### भारत एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में: पीएम मोदी


पीएम मोदी को जियो प्लेटफार्म की एआई सेवाएं बताते आकाश अंबानी

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई इंडिया इंपैक्ट समिट में आए वैश्विक प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की शक्ति, मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक शोध के कारण भारत आज एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने इसे देश के युवाओं की क्षमता का प्रमाण बताते हुए कहा कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और जिम्मेदार व समावेशी तरीके से वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस समिट में मानवता की सेवा, समावेशी विकास को गति देने और धरती की रक्षा करने वाले जन-केंद्रित नवाचारों को प्रोत्साहित करने में एआई की प्रभावी भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

### उपराष्ट्रपति ने एआई इंपैक्ट समिट की दी बधाई

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने ग्लोबल साउथ में होने वाले पहले इंडिया एआई इंपैक्ट समिट की बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इंपैक्ट समिट शुरू हो रहा है। भारत, लोगों को सबसे पहले रखने वाला, लोकतांत्रिक एआई भविष्य को आकार देने की कोशिशों में सबसे आगे है। यह समिट की थीम, 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' में भी दिखता है। एआई के विकास के केंद्र में पब्लिक गुड, एक्सेसिबिलिटी और वैश्विक सहयोग को रखकर, भारत वैश्विक उत्तर की तकनीकी ताकत को ग्लोबल साउथ के स्केल और पोटेंशियल से जोड़ना चाहता है, जिससे दुनिया भर में सबको साथ लेकर चलने वाली और शेयर्ड प्रोग्रेस हो सके।


सीपी राधाकृष्णन

### एआई अपनाने में देरी न करें, इसे रोजगार से जोड़ें: नागेश्वरन

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाना अपने आप नहीं होगा, इसके लिए स्पष्ट रणनीति और बड़े पैमाने पर रोजगार के साथ तकनीक को जोड़ने की प्रतिबद्धता जरूरी है। उन्होंने कहा कि देशों को निर्णायक कदम उठाते हुए मजबूत शिक्षा व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता वाले कौशल विकास, श्रम-प्रधान सेवा क्षेत्रों का विस्तार और नियामकीय बाधाओं को दूर करने पर ध्यान देना होगा। एआई को अपनाने की प्रक्रिया एक सहयोगात्मक प्रयास होनी चाहिए, जिसमें निजी क्षेत्र, अकादमिक जगत और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी जरूरी है। उन्होंने इसे 'टीम इंडिया' का सामूहिक प्रयास बताया।


वी. अनंत नागेश्वरन

### एआई से छात्रों को मेडिकल ई-बुक्स देंगे: डॉ. श्रीनिवास

एआई इंपैक्ट समिट में स्वास्थ्य मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (मेडिकल एजुकेशन) डॉ. बी. श्रीनिवास ने कहा कि दूरदराज के मेडिकल कॉलेजों के छात्रों को ई-बुक्स, डिजिटल क्लिनिकल मैटेरियल और तकनीकी अध्ययन सामग्री पहुंचाने के लिए सरकार एआई की मदद से इन छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री पहुंचाने की रणनीति बना रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी के जरिए ई-बुक्स और डिजिटल क्लिनिकल कंटेंट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पहल के पहले चरण में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 57 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को शामिल किया जाएगा।


डॉ. बी. श्रीनिवास

## *भारत बनेगा दुनिया का 'एआई प्रोवाइडर': विशेषज्ञ*

### तेजी से बेहतर हो रहे एआई मॉडल: चंदोक

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंदोक ने कहा कि एआई मॉडल बहुत तेजी से बेहतर हो रहे हैं और अगले तीन वर्षों में इस क्षेत्र में बहुत बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पुनीत चंदोक ने यह बात एआई इंपैक्ट समिट 2026 में आयोजित 'एआई फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट: एंटिसिपेटरी, हाइपरलोकल, स्केलेबल' सत्र के दौरान कही। चंदोक ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में एआई ने जिस रफ्तार से प्रगति की है, उससे साफ है कि यह तकनीक तेजी से बदल रही है। उन्होंने बताया कि आज के एआई मॉडल बेहद उन्नत हैं।


पुनीत चंदोक

### एआई से रोजगार खत्म नहीं होंगे: बिखचंदानी

इंफो एज के सह संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने कहा कि राजीव गांधी की सरकार के समय कहा गया कि बैंकों में कम्प्यूटरों का इस्तेमाल होगा। तब कहा गया कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन किसी की नौकरी नहीं गई। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में हमेशा यह डर रहता है कि इससे रोजगार खत्म होंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है। लोगों के पास अब सुनने का समय नहीं है। वे 50 मिनट का पॉडकास्ट नहीं सुन पाते। इसका सार जानने के लिए भी लोग एआई टूल का इस्तेमाल करते हैं। उससे तीन-चार पन्नों का सार निकल जाता है।


संजीव बिखचंदानी

### 'युवाएआई' के जरिए नई पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश



*इस समिट का एक बड़ा आकर्षित 'युवाएआई' कार्यक्रम है। यह एक ग्लोबल यूथ चैलेंज है और इसका उद्देश्य छात्रों और युवा पेशेवरों में एआई को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस चैलेंज में 38 से अधिक देशों से 2,500 से अधिक आवेदन आए थे। इसमें से शीर्ष 20 फाइनलिस्ट का चयन इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा किया गया है, जिसमें 15 टीम भारत से हैं। इन शीर्ष 20 फाइनलिस्ट का चयन 2025 के आखिर में कई राउंड्स की प्रतियोगिता के बाद किया गया था। इन शीर्ष 20 फाइनलिस्ट को इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के जरिए वैश्विक मंच पर अपने इनोवेशन को दिखाने का मौका मिलेगा।*

### भारत के लिए एआई क्रिएटर बनने का अवसर: सभरवाल

कोरोवर एआई और भारतजीपीटी एआई के संस्थापक और सीईओ अंकुश सभरवाल ने कह कि मौजूदा समय में जो भी ऐप्स आ रहे हैं उनमें एआई का उपयोग हो रहा है। आगे इसमें और बढ़ोतरी होगी। ऐसे हम सभी धीरे-धीरे एआई के यूजर बनेंगे। ऐसे में एआई भारत के लिए क्रिएटर बनने का बड़ा अवसर है, क्योंकि इससे सॉल्यूशंस बनाना आसान हो गया है, अब केवल इंजीनियर ही नहीं कोई व्यक्ति भी


अंकुश

### कृषि क्षेत्र में एआई काफी बदलाव लाएगा: सेठी

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के राष्ट्रीय तकनीकी समन्वयक संजय सेठी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में एआई काफी बदलाव ला सकता है। यह मौसम को समझने, खेती के समय सही आवश्यकताओं का अनुमान लगाने और खाद्य श्रृंखला को छोटा करने में काफी मदद कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दो से तीन वर्षों में कृषि क्षेत्र पर एआई का प्रभाव अधिक देखने को मिलेगा।


संजय सेठी

## *भारत ने बनाया एआई पवेलियन*

एआई इंपैक्ट समिट 2026 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पवेलियन के जरिए भारत की एआई क्षमता का प्रदर्शन किया। इस पवेलियन का उद्देश्य भारत के एआई इकोसिस्टम को न केवल वैश्विक प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता के रूप में, बल्कि स्वदेशी, विस्तार योग्य और सामाजिक रूप से प्रासंगिक एआई समाधानों के क्रिएटर्स के रूप में प्रस्तुत करना है। यह पवेलियन, जिसमें वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर स्थित है, एक मीडिया और संवाद स्थल के रूप में डिजाइन किया गया है जहां नीति निर्माता, स्टार्टअप, क्रिएटर्स और उद्योगपति भारत में एआई के विकास पर चर्चा कर सकते हैं। यह पवेलियन स्वास्थ्य सेवा, मीडिया, कंटेंट, शासन और सामाजिक प्रभाव जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय स्टार्टअप और उद्यमियों को प्रमुखता प्रदान करता है।


एआई पवेलियन

### 13 देशों के पवेलियन लगाए गए

एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के पवेलियन लगाए गए हैं, जो एआई क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

### 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन

एक्सपो में 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तीन प्रमुख विषयों लोग, ग्रह और उन्नति पर आधारित है। लोग के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं में एआई का उपयोग दिखाया जाएगा। वहीं ग्रह में पर्यावरण और जलवायु से जुड़े समाधान पेश किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्नति में उद्योग, कारोबार और आर्थिक विकास में एआई की भूमिका बताई जाएगी।

### एआई पेशेवरों की मांग पूरा करेगा भारत

विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप, अमेरिका, चीन और एशिया के बीच प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत अपने डिजिटल मॉडल जैसे आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क को एक संतुलित और समावेशी विकल्प के रूप में पेश करता रहा है। भारत को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में एआई पेशेवरों की दुनिया में मांग तेजी से बढ़ेगी और अपनी विशाल युवा आबादी तथा आईटी कौशल के दम पर वह इस जरूरत को पूरा करने वाला प्रमुख स्रोत बन सकता है।

### *विदेशी प्रतिनिधि कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट*

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने घोषणा की कि उसने 'यूपीआई वन वर्ल्ड' वॉलेट सेवा को एआई समिट में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के लिए बढ़ा दिया है। 40 से ज्यादा देशों से आए प्रतिनिधि अब भारत में अपने प्रवास के दौरान आसानी और सुरक्षित तरीके से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इस पायलट पहल के तहत विदेशी यात्री बिना भारतीय मोबाइल नंबर या स्थानीय बैंक खाते के भी यूपीआई के जरिए रियल-टाइम पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतान कर सकेंगे। इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मेहमान भारत की संस्कृति, खरीदारी और खानपान का आनंद लेते हुए 'मेड इन इंडिया' डिजिटल पेमेंट तकनीक का उपयोग कर सकेंगे। 'यूपीआई वन वर्ल्ड' वॉलेट अधिकृत प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (पीपीआई) जारीकर्ताओं के माध्यम से नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और भारत मंडपम के हॉल 14 में स्थित एनपीसीआई पवेलियन पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जहां यह सम्मेलन हो रहा है।



यूपीआई

---

### खबर संक्षेप

#### अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में उस समय हड़कंप मच गया, जब कई स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी सामने आते ही स्कूल प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग और पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने पुष्टि की है कि, अहमदाबाद के कई स्कूलों को धमकी भरे मेल प्राप्त हुए हैं। इनमें बड़े स्कूल शामिल बताए जा रहे हैं।



#### अबू सलेम को अदालत से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1993 मुंबई बम धमाकों के आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें उसने खुद को तुरंत रिहा करने की मांग की थी। सलेम का दावा है कि वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और पिछले 10 महीनों से उसे गैर-कानूनी हिरासत में रखा गया है।



#### रोहित शेट्टी मामले में 6 आरोपियों की पेशी

**मुंबइ़र।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने रोहित शेट्टी हाउस फायरिंग केस में एक और सस्पेक्ट को आगरा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान विष्णु कुशवाहा के रूप में हुई है और उसे जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। अब तक इस केस के सिलसिले में कुल 12 सस्पेक्ट को गिरफ्तार किया जा चुका है। आगरा, नोएडा, हरियाणा से कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



*दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री*

# नए आपराधिक कानूनों को बताया उपलब्धि माओवादी हिंसा खत्म होने का भरोसा जताया

## *गृह मंत्री अमित शाह ने 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड समारोह में कहा आने वाले समय में देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इससे देश में आपराधिक मामलों में सजा की दर 80 फीसदी बढ़ जाएगी। यह कानून लागू होने के बाद मामलों का निपटारा करने और सजा की दर को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा माओवादी हिंसा के खिलाफ लड़ाई अपने आखिरी दौर में है और इस वर्ष मार्च तक यह खतरा हमेशा के लिए खत्म होने का भरोसा जताया। इस अवसर पर उन्होंने 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

### सेफ सिटी प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का किया शुभारंभ


दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

गृह मंत्री ने स्पेशल सेल के लिए एक इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर और सेफ सिटी प्रोजेक्ट का पहले फेज की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के पहले फेज़ के तहत, 10,000 एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों में से 2,100 को निगरानी नेटवर्क से जोड़ा गया है। साथ ही, पहले से मौजूद 15,000 सीसीटीवी कैमरों को भी इसके साथ जोड़ गया है। देश की राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### दिल्ली देश के लोकतंत्र की धड़कन

शाह ने कहा कि दिल्ली केवल एक शहर नहीं है, बल्कि हमारे देश के लोकतंत्र की धड़कन है। यह राष्ट्र के स्वाभिमान और अस्मिता का केंद्र है। राजधानी होने के कारण यहां की सुरक्षा व्यवस्था का स्तर सर्वोच्च होना अत्यंत आवश्यक है। दिल्ली में अनेक कूटनीतिक बैठकें, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन होता है। साथ ही यहां माननीय राष्ट्रपति जी का निवास तथा प्रधानमंत्री जी का आधिकारिक निवास है। इन सभी महत्वपूर्ण संस्थानों और आयोजनों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारियां और भी अधिक बढ़ जाती हैं।

### स्पेशल सेल की अहम भूमिका

अमित शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नशीले पदार्थों के सिंडिकेट, जाली भारतीय मुद्रा नोटों के गिरोह, जटिल साइबर अपराधों और संगठित अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। इतना ही नहीं, आतंकवादी घटनाओं की जांच में भी स्पेशल सेल ने सफल और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अंग्रेजों के कानून निरस्त किए

शाह ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा लगभग 150 साल पहले बनाए गए कानूनों को निरस्त कर हमने न्याय-केंद्रित प्रणाली स्थापित की है। इन कानूनों के देश भर में पूर्ण क्रियान्वयन के बाद, देश में हुए अपराध में 3 साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय दिलाना हम सुनिश्चित करेंगे। नए कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद दोष सिद्धि दर को हम 80 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होंगे।

**जयशंकर कनाडाई विदेश मंत्री से मिले**

## ऊर्जा, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा



एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। सितंबर 2025 के बाद से यह उनकी पांचवीं मुलाकात थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति पर जोर दिया।

कनाडा सरकार ने बयान में कहा कि विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के मौके पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की। सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं मीटिंग है, जो कनाडा-भारत के संबंध में बढ़ती रफ्तार को दिखाती है। और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर बनी है। मंत्रियों ने ऊर्जा, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की।

### भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

बयान में कहा गया है कि मंत्री आनंद ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते कनाडा के लिए एक साझेदार के तौर पर भारत की अहमियत पर ध्यान दिया। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के व्यापार, उद्योग और श्रमिक के लिए साझा तकनीकी फायदों और साझेदारी के बड़े मौकों की पुष्टि की। दोनों पक्षों ने अक्टूबर 2025 में घोषित कनाडा-भारत संबंधों के लिए जॉइंट रोड मैप पर हुई ठोस प्रगति पर भी जोर दिया और रोड मैप की प्राथमिकताओं को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक मजबूती और स्थिरता के लिए कनाडा-भारत व्यापार को बढ़ाने और उसमें विविधता लाने के लिए अपना वादा दोहराया। वहीं जयशंकर ने कहा कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठकर बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। भारत-कनाडा के संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

**न्यूजीलैंड के मंत्री रेटी बोले**

## एफटीए से दोनों देशों के रिश्तों को नई रफ्तार, एआई में सहयोग करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दोनों देशों के बीच बढ़ते भरोसे और साझेदारी का बड़ा संकेत माना जा रहा है। इसी बीच न्यूजीलैंड के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री शेन रेटी ने इस व्यापार समझौते पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता व्यापार, तकनीक और सहयोग के नए अवसर खोलेगा। यह एफटीए न सिर्फ आर्थिक संबंध मजबूत करेगा, बल्कि भारत और न्यूजीलैंड की रणनीतिक साझेदारी को भी नई ऊंचाई देगा। रेटी ने कहा कि भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पहले से ही अच्छे और गहरे संबंध हैं और यह एफटीए उसी रिश्ते को आगे बढ़ाने का अगला कदम है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों को व्यापार, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने का बड़ा अवसर मिलेगा। रेटी ने भारत की वैश्विक स्तर पर बढ़ती भूमिका, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में, की भी सराहना की।



**भारत ने अपने सीमाई इलाकों पर सुरक्षा को मजबूत किया**

# ईएलएफ के परीक्षण से सड़क पर उतर रहे सैन्य विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के डिब्रूगढ़ में शनिवार (15 फरवरी) को मोरान बायपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) के सफल परीक्षण के साथ भारत ने अपने सीमाई इलाकों पर बड़ी रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है। दरअसल, इस हाईवे पर भारतीय वायुसेना का सी-130जे सुपर हरक्यूलीज एयरक्राफ्ट उतरा है, जो कि अपने वर्ग में सबसे बड़े सैन्य विमानों में से एक है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी सवार थे। रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो भारत की ओर से जिस तरह से अब पूर्वोत्तर में भी एक हाईवे को विमानों के रनवे के तौर पर इस्तेमाल किया है, यह चीन के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकता है।


असम में सी-130जे सुपर हरक्यूलीज एयरक्राफ्ट उतरा

### वैकल्पिक रनवे तैयार किए

भारत में हाईवे को रनवे के तौर पर इस्तेमाल करने की तकनीक को इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) कहा जाता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली के भीतर ही निर्मित एक वैकल्पिक रनवे होता है, जिसे विशेष रूप से सैन्य और आपातकालीन जरूरतों के लिए डिजाइन किया जाता है। इन हाईवे स्ट्रिप्सको भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के समन्वय से बनाया जाता है। इन्हें विशेष पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट (पीक्यूसी) से तैयार किया जाता है, ताकि ये आधुनिक विमानों के उतरते समय पैदा होने वाली अत्यधिक गर्मी और उनके भारी वजन को सहने लायक क्षमता के बन सकें।

### वायु शक्ति को सुरक्षित रखने में सक्षम

युद्ध की स्थिति में अगर मुख्य हवाई पट्टियां ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, तो ये ईएलएफ वायुसेना को एक सुरक्षित बैकअप के तौर पर विकल्प प्रदान करते हैं। इन पर विमानों में जल्दी से रिफ्यूलिंग (ईंधन आपूर्ति) और रिआर्म (हथियारों को लोड) किया जा सकता है, जो युद्ध क्षेत्र में तत्काल प्रतिक्रिया के लिए अहम है। ये 40 टन तक के लड़ाकू विमानों- जैसे राफेल, सुखोई, तेजस, मिराज और 74 टन तक के भारी विमान भी उतर सकते हैं।

### देश में 28 स्थान चिन्हित

केंद्र सरकार और वायुसेना ने देश में कुल 28 ईएलएफ साइट्स की पहचान की, जो आपात स्थितियो में लड़ाकू विमानों के लिए अहम साबित हो सकती हैं। भारत में मौजूदा समय में लगभग 15 ऐसे ईएलएफ चालू हो चुके हैं, जो राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेस-वे और पूर्वोत्तर के रणनीतिक क्षेत्रों तक फैले हुए हैं। इनमें यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, और राजस्थान में एनएच-925ए जैसे महत्वपूर्ण स्थल शामिल हैं।

राजस्थान सड़क हादसे में मारे गये महिला सहित चार युवकों की अंतेष्टि

# पांच अर्थियां एक साथ देखने वालों की आंखें हो गईं नम

**हरिभूमि जबलपुर।** जबलपुर में सोमवार को माढोताल इलाके में उस वक्त हजारों लोगों की आंखें नम हो गईं. जब लोगों ने एक साथ पांच अर्थियां देखीं. दरअसल रेलवे स्कूल में टीचर रही माढोताल निवासी रेशमा श्रीवास्तव के साथ माढोताल क्षेत्र के ही राहुल रजक, अनुराग रजक, पीयूष राय और सदर झिरिया बस्ती निवासी शानू शुक्रवारे 12 फरवरी गुरुवार को यहां से कार द्वारा खाटू श्याम के दर्शन के लिये जा रहे थे. रास्ते में तड़के 5.30 बजे उनकी कार एक ट्राला से टकरा गई. इस हादसे में सभी लोग मारे गये।



### शानू के कंधे पर थी परिवार की जिम्मेदारी

पेशे से एलआईसी एजेंट रहे शानू के कंधों पर ही पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। घर में बुजुर्ग और बीमार पिता तथा छोटे भाई का सहारा वही थे। बेटे का शव देखते ही पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### परिवारों में मातम पसरा

इसी तरह शिक्षिका रेशमा श्रीवास्तव और अन्य तीन युवकों के घरों में भी मातम पसरा रहा। हादसा 13 फरवरी को हुआ था और टक्कर इतनी भीषण थी कि शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसी कारण सोमवार को शव जब घर पहुंचे तो परिजन अंतिम संस्कार के लिए उन्हें तुरंत ले गए।

### शुक्रवार को हुआ था हादसा

13 फरवरी को दर्शन के बाद सभी लोग खाटूश्यामजी (सीकर) के दर्शन के लिए कार से रवाना हुए थे। इसी दौरान जयपुर के चाकसू इलाके में यह हादसा हो गया। सुबह करीब 5.30 बजे चाकसू के पास उनकी कार एक ट्रेलर में जा घुसी। तेज टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शव अंदर ही फंस गए, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। सोमवार को परिजनों व परिचितों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

सायबर धोखाधड़ी पीड़ितों के लिये पहल

# सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क शुरु

**जबलपुर।** शहर में बढ़ते साइबर अपराध, लोगों में जागरूकता की कमी और गोल्डन आवर में पुलिस के त्वरित रिस्पॉन्स की जरूरत को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने जिले के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क संचालित करने के आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सभी थाना अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर हेल्प डेस्क संचालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक उपाध्याय ने स्वयं रांझी थाना पहुंचकर साइबर हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया।




पुलिस अधीक्षक के अनुसार, प्रत्येक थाने में प्रशिक्षित कर्मचारी साइबर हेल्प डेस्क का संचालन करेंगे। यहां साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध और मोबाइल गुम होने जैसी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। थानों में संचालित हेल्प डेस्क के माध्यम से एनसीआर पोर्टल और सीईआईआर पोर्टल का उपयोग कर साइबर अपराध के पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को कम किया जा सके। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि इस पहल से साइबर अपराधों पर नियंत्रण के साथ-साथ लोगों को त्वरित राहत देने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने रांझी थाने का औचक निरीक्षण करते हुये, थानों में सांधारित रिकार्ड का परीक्षण किया. उन्होंने निर्देशित किया कि सायबर क्राईम से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए।

# यूजीसी बिल के समर्थन में ज्ञापन आज

**जबलपुर।** केंद्र सरकार एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप तैयार किए गए यूजीसी बिल के समर्थन में दिनांक 17 फरवरी 2026, मंगलवार को शाम 3:30 बजे घंटाघर, जबलपुर पर एकत्र होकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय एवं प्रधानमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। विशेष रूप से संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अवाक्स, बौद्ध महासभा अखिल भारतीय अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, सर्वजनजाती आदिवासी संगठन, संविधान की रक्षा करने वाले वकील संगठन व अन्य अनेक सामाजिक संगठनों के प्रमुख साथी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को रखा जाएगा और तत्पश्चात संबंधित अधिकारियों के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस ज्ञापन के माध्यम से यूजीसी बिल के समर्थन में सामाजिक संगठनों की ओर से अपना पक्ष रखते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की जाएगी।

सभी सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जागरूक नागरिकों से आग्रह है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील देवेश चौधरी, रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, वृंदावन वर्मा, मनोज बाघमारे, तरुण रोहतास, तेज कुमार, इंद्र कुमार पटेल, नोखेलाल प्रजा, छोटे पटेल, रामराज पटेल, सुधीर नदेकर, धर्मेंद्र कुशवाहा, विनय भगत, संजय सेन, संतोष मराठा आदि ने की है।

फूड-प्वाइजनिंग : 16 का चल रहा इलाज, 3 अभी भी गंभीर

# जानलेवा बनी पिस्ता बर्फी, 1 की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत बीकानेर स्वीट्स से एक धार्मिक कार्यक्रम के लिये खरीदी गई पिस्ता बर्फी खाकर फूड प्वाजनिंग का शिकार हुये 17 में से एक 45 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई. यहां गौरतलब है कि भेड़ाघाट निवासी पटेल परिवार द्वारा ग्राम तेवर स्थित त्रिपुर सुदंरी मंदिर में सुहागलों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. इसके बाद प्रसाद में चढ़ाई गई पिस्ता बर्फी खाने के बाद 17 लोग बीमार होने लगे, इनमें से कुछ को विक्टोरिया अस्पताल में तो 2 लोगों को गोटेगांव की अस्पताल में और कुछ लोग अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराए गये थे. इनमें एक मरीज भेड़ाघाट चौराहा निवासी 45 वर्षीय इन्द्रपाल पटेल की हालत गंभीर होने पर उसे मेट्रो अस्पताल से नागरपुर रिफर कर दिया गया था. जहां रविवार देर रात उनकी मौत हो गई. वहीं 3 अन्य लोग गंभीर बीमार बताए जा रहे हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि संबंधित मिठाई भेड़ाघाट चौराहे की एक दुकान से खरीदी गई थी। टीम ने दुकान से मिठाई के नमूने जब्त कर लैब जांच के लिए भेज दिए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और स्वास्थ्य विभाग पूरे घटनाक्रम की निगरानी कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, लैब रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।



### इलाज के दौरान तोड़ा दम, क्षेत्र में मातम

गौरतलब है कि गत बुधवार 11 फरवरी प्रसाद खाने के कुछ ही घंटों बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने पर तत्काल शासकीय मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को इन्द्रपाल पटेल की हालत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए नागपुर ले जाया गया, लेकिन सुधार नहीं होने पर वापस जबलपुर लाया गया, जहां सोमवार को उनका निधन हो गया।

## *हाई कोर्ट ने अपर आयुक्त के आदेश पर लगाई रोक*

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने अपर आयुक्त, सागर संभाग के आदेश पर रोक लगा दी। इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। याचिकाकर्ता ग्राम रानीपुर तहसील चंदला जिला छतरपुर निवासी लोटन साहू की ओर से अधिवक्ता शंभूदयाल गुप्ता व कपिल गुप्ता ने उन्होंने दलील दी कि आबादी की भूमि पर अपीलार्थी का पैतृक मकान है। वह उसमें परिवार सहित निवासरत है। उसे भूमि स्वामित्व प्रदान किया गया है। इसके बावजूद द्वेष रखने वाले पड़ोसियों ने भूमि से बेदखली का आदेश पारित करा लिया। जिसके विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष अपील की गई। जिसमें पाया गया कि तहसीलदार ने बिना सीमांकन किए अवैध आदेश पारित किया है। लिहाजा, वह आदेश निरस्त कर दिया गया। इसके बावजूद आगे चलकर अपर आयुक्त सागर ने अनुविभागीय अधिकारी का आदेश निरस्त कर दिया। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा।

# सहायक शिक्षक के निलंबन पर अंतरिम रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने सहायक शिक्षक के निलंबन पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने सरकार को जवाब पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। याचिकाकर्ता शहडोल निवासी चंद्रकला सिंह की ओर से दलील दी कि याचिकाकर्ता पर आरोप है, उसने उस आदेश का पालन नहीं किया, जिसके द्वारा उसे अधीक्षक, कन्याशाला परिसर, सोहागपुर (कंचनपुर), जिला शाहडोल का प्रभार सौंपा गया था। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता को उक्त आदेश तामील नहीं हुआ और इस बात के लिए प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है। विभाग ने 9 जनवरी, 2026 को याचिकाकर्ता को निलंबित कर दिया। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने निलंबन आदेश पर रोक लगा दी।



### कलेक्टर ने एमएलबी का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने पीएम श्री स्कूल एमएलबी जबलपुर में माध्यमिक शिक्षा मंडल के गोपनीय कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में पीएम श्री योजना अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रगति के साथ विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी उपस्थित थे।

# 18 से 21 फरवरी तक जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**जबलपुर।** नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नर्मदा जलप्रदाय योजनांतर्गत टाउनहॉल उच्चस्तरीय टंकी के लीकेज सुधार का कार्य एवं आनंद नगर उच्चस्तरीय टैंक के डकफुट बैण्ड बदलने का अतिमहत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। जिसके चलते दिनांक 18 फरवरी 2026 को सायंकालीन से दिनांक 21 फरवरी 2026 प्रातःकालीन तक दोनों उच्चस्तरीय टंकी से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्यो के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', जल प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने खेद व्यक्त किया है।

यात्री सुरक्षा पर सवालः भिटौनी स्टेशन में वारदात

# चलती ट्रेन में यात्री पर वेंडर ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के भिटौनी रेल्वे स्टेशन के समीप पुणे-सुपौल एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक वेंडर ने मामूली विवाद के बाद एक यात्री पर चाकू से हमला कर दिया। इस वारदात ने पुनः एक बार रेल यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेलवे पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाजीपुर निवासी 29 वर्षीय राहुल सिंह राजपूत गाड़ी संख्या 11041 पुणे-सुपौल एक्सप्रेस से अपने घर वापस लौट रहा था। बताया जाता है कि ट्रेन जब जबलपुर के भिटौनी स्टेशन के पास पहुंची, कि इसी बीच राहुल का ट्रेन में सवार एक वेंडर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कुछ ही देर में बहस इतनी बढ़ गई कि आक्रोशित वेंडर ने अपने पास रखा चाकू निकालकर राहुल के पैर पर वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले से डिब्बे में बैठे अन्य यात्री सहम गए। कोच में काफी देर तक अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना रहा। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम सक्रिय हुई और ट्रेन के जबलपुर स्टेशन पहुंचते ही जीआरपी ने घायल यात्री को तत्काल उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने आरोपी वेंडर की पहचान कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

## *5 लीटर अवैध शराब समेत तस्कर गिरफ्तार*

**जबलपुर।** पनागर पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर अभिमन्यु चौक के समीप रेल्वे पुलिया के पास चैकिंग लगाकर मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर बिना नंबर की स्कूटी से आ रहे संदिग्ध युवक को रोककर उसके पैर केपास रखी जरिकेन चैक करने पर 5 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। शराब से तीखी गंध आ रही थी जिसे देखते हुए शराब के जहरीले होने की आशंका जतायी ता रही है। पनागर पुलिस ने बताया कि कल मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बिसैंधी निवासी नित्तू यादव बिना नंबर की एक्सेस स्कूटी में कच्ची शराब जो जहरीली भी हो सकती है बेचने अभिमन्यु चौक की तरफ आ रहा है। पुलिस ने मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर संदेही एक्सेस सवार युवक को रोककर उसके पैर के पास रखी जरिकेन की तलाशी के दौरान पांच लीटर कच्ची शराब जब्त की है।

# घर से रहस्यमय ढंग से लापता हुई किशोरी को पुलिस ने युवक के कब्जे से मुक्त कराया

**जबलपुर।** हनुमानताल थानान्तर्गत गत वर्ष मई में घर से रहस्यमय ढंग से लापता हुई किशोरी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कठोरी थाना मनगवां रीवा से एक युवक के कब्जे से मुक्त कराकर आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। पूछताछ के दौरान किशोरी ने बताया कि आरोपी युवक उसे बहला फुसला कर ले गया था पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि गत वर्ष 29 मई को एक महिला ने शिकायत दर्ज करायी थी कि दोपहर उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से बिना बताये कहीं चली गई है। पुलिस ने अधीक्षक ने किशोरी के अपहरण की आशंका जताते हुए 4 हजार रूपए का ईनाम घोषित कर किशोरी की दस्तयाबी के लिए एक टीम का गठन किया था। टीम ने मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छतरपुर रीवा मनगवां बैतुल में दबिश दी। गत 12 फरवरी को रेलवे स्टेशन जबलपुर में पुलिस ने उक्त किशोरी को अपहर्ता शुभलाल साकेत के चंगुल से मुक्त कराकर आरोपी को अभिरक्षा में लिया है।

बार-बार उल्लंघन पर निरस्त होंगे ड्राइविंग लाइसेंस और नो-पार्किंग में खड़ी कारें होंगी जब्त

# यातायात नियमों को लेकर प्रशासन सख्त

**जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने अब तक का सबसे सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया है कि यातायात नियमों की बार-बार अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस नई व्यवस्था के तहत ऐसे वाहन चालक जिनके नाम पर पांच से अधिक बार ई-चालान जारी हो चुके हैं और उन्होंने राशि का भुगतान नहीं किया है, उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्मार्ट सिटी और यातायात पुलिस द्वारा ऐसे उल्लंघनकर्ताओं की सूची तैयार की जा रही है ताकि उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर कदम उठाए जा सकें।



प्रशासन ने ई-चालान की वसूली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए परिवहन विभाग को एक विशेष प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया है जिसके अंतर्गत वाहनों के पंजीयन और बीमा का नवीनीकरण तभी संभव होगा जब वाहन मालिक अपने सभी लंबित ई-चालानों का भुगतान कर देंगे। वर्तमान में जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से शहर के प्रमुख चौराहों जैसे तीन पत्ती, शास्त्री ब्रिज, नागरथ चौक, गोहलपुर, लेबर चौक, बंदरिया तिराहा, तैय्यब अली और अधारताल सहित अन्य स्थानों पर रेड लाइट उल्लंघन, बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग पर लगातार नजर रखी जा रही है। विशेष रूप से शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है।

शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में जाम की समस्या से निपटने के लिए मल्टीलेवल कार पार्किंग के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है। भंवरताल, सिविक सेंटर और मानस भवन स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के 300 मीटर के दायरे को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। यदि कोई भी कार मालिक इस परिधि में सड़क किनारे अवैध पार्किंग करता पाया जाता है, तो यातायात पुलिस द्वारा वाहन को तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। टायर लॉक सिस्टम शुरू किया जायेगा। जब्त किए गए वाहनों को टोइंग शुल्क और चालान राशि जमा करने के बाद ही छोड़ा जाएगा। कलेक्टर सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ आगामी 10 दिनों के भीतर इन सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार, स्मार्ट सिटी सीईओ अनुराग सिंह, एएसपी ट्रैफिक सु अंजना तिवारी, डीएसपी ट्रैफिक संतोष शुक्ला, केन्ट बोर्ड की ओर से अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कागजात साजिश के तहत फेंके गए या गलती से गिर गए यह जांच का विषय

# जंगल में मिले बिजली विभाग के अहम दस्तावेज

**जबलपुर।** शहर स्थित विद्युत मंडल के महत्वपूर्ण कागजात सोमवार दोपहर करीब एक बजे शक्ति भवन के पास जंगल में फेंके हुए मिले। स्थानीय लोगों ने जब इन्हें देखा तो कचरा समझकर उठाया और अधिकारियों को सौंप दिया। अधिकारियों ने दस्तावेजों को सुरक्षित रखवा लिया है। फिलहाल यह जांच का विषय बन गया है कि कागजात साजिश के तहत फेंके गए या गलती से गिर गए।

मिली जानकारी के अनुसार ये दस्तावेज पावर जनरेटिंग कंपनी की सिविल परियोजना से जुड़े बताए जा रहे हैं, जिसका कार्यालय वर्ष 2000 में बंद हो चुका है। सोमवार को नयागांव से पुराने दस्तावेज ऑटो के माध्यम से शक्ति भवन लाए जा रहे थे, उसी दौरान रास्ते में कागजात गिर गए।

नयागांव के पास रहने वाले कुछ लोगों ने सड़क से थोड़ी दूर जंगल में कागजात पड़े देखे। पास जाकर देखने पर उनमें "पॉल्यूशन एंड इकोलॉजी कंट्रोल सर्विसेज" से संबंधित फाइलें, मध्य प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड रामपुर जबलपुर की प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा ऑपरेशन, मेंटेनेंस और ड्राइंग मैन्युअल से जुड़े दस्तावेज मिले। लोगों ने तुरंत बिजली विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर इन्हें सौंप दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दस्तावेज काफी महत्वपूर्ण प्रतीत हो रहे थे और उन्हें इस तरह फेंकना या लापरवाही से ले जाना गंभीर मामला है। उनका कहना है कि यदि दस्तावेज अनुपयोगी थे तो शासन स्तर पर नियमानुसार नष्ट किया जाना चाहिए था। साथ ही आशंका जताई गई कि अगर ये कागजात गलत हाथों में पड़ जाते तो नुकसान हो सकता था।

बताया जा रहा है कि दस्तावेजों में महानदी डैम समेत कई अहम परियोजनाओं से संबंधित जानकारी भी शामिल है। घटना को लेकर लोगों ने इसे विद्युत विभाग की लापरवाही बताया है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

# अधूरा ओवरब्रिज, जल्दबाजी में लोकार्पण?

## खितौला फाटक पर 23 करोड़ का पुल बिना लाइट के तैयार

**सिहोरा। वर्षों के इंतजार के बाद खितौला रेलवे फाटक के पास बना 23 करोड़ रुपये से अधिक की लागत का ओवरब्रिज अब लोकार्पण की चर्चाओं में है लेकिन हैरानी की बात यह है कि पुल पर अब तक विद्युत व्यवस्था पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बिना प्रकाश व्यवस्था के आखिर इस अधूरे ब्रिज का उद्घाटन कैसे होगा?**





### 1200 मीटर लम्बा है ओवर ब्रिज

करीब 22 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से निर्मित 1200 मीटर लंबा और 31 स्पान वाला यह ओवरब्रिज सिहोरा से उमरियापान, ढीमरखेड़ा, मंझगवा और सिलौड़ी सहित दर्जनों गांवों को जोड़ता है। करीब तीन वर्षों में तैयार हुए इस पुल से खितौला फाटक पर लगने वाले लंबे जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। फाटक बंद रहने के कारण अक्सर एंबुलेंस तक फंस जाती थी और छात्र-नौकरी पेशा लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। हालांकि पुल की लंबाई अधिक है और बीच में मोड़ भी हैं। रात में अंधेरा रहने पर दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों का खतरा बढ़ सकता है।

### तो लोकार्पण का होगा विरोध

सिहोरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल ने चेतावनी दी है कि बिना लाइट लगाए लोकार्पण की कोशिश हुई तो इसका विरोध किया जाएगा। क्षेत्रवासियों का भी कहना है कि सुविधा का यह प्रतीक अधूरा नहीं सुरक्षित रूप में शुरू होना चाहिए।

# महगवां टगर पंचायत में नाडेप निर्माण में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर, कागज़ों में हुआ लाखों का खेल

**पनागर।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत महगवां टगर में नाडेप निर्माण कार्यों में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा और घोटाले का मामला सामने आया है। पंचायत के चारों ग्राम किवलरी, भैंसदही, सौरभ मिश्रा (टोला/मजरा) में कराए गए नाडेप कार्य केवल कागजों में पूरे दिखाए गए, जबकि भौतिक स्थिति में कार्य या तो अधूरा है या अस्तित्व में ही नहीं। मामले का खुलासा तब हुआ जब आवेदक व सामाजिक कार्यकर्ता सौरव मिश्रा द्वारा स्थल पर जाकर मूल्यांकन (भौतिक सत्यापन) किया गया। जांच में पाया गया कि नाडेप निर्माण की मात्रा, लागत और गुणवत्ता का वास्तविकता से कोई मेल नहीं है, जबकि रिकॉर्ड में पूर्ण कार्य दर्शाकर भुगतान निकाल लिया गया। सूत्रों के अनुसार, यह पूरा घोटाला सरपंच रणजीत सिंह ठाकुर, सचिव विनोद तिवारी और सहायक सचिव जितेंद्र काछी की आपसी मिलीभगत से अंजाम दिया गया। इतना ही नहीं, जांच में सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं संबंधित इंजीनियरों की संदिग्ध भूमिका भी सामने आई है, जिनकी सहमति से बिना स्थल निरीक्षण के मस्टर रोल व माप पुस्तिका स्वीकृत की गई। एक ओर शासन ग्राम पंचायतों को स्वच्छता, जैविक खेती और समृद्ध ग्रामीण विकास की दिशा में ले जाने की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर महगवां टगर पंचायत में योजनाओं को भ्रष्टाचार का जरिया बना दिया गया। आवेदक सौरव मिश्रा ने मामले को मुख्य कार्यपालन अधिकारी के संज्ञान में लाते हुए मांग की है कि तत्काल पंचायत स्तरीय जांच दल गठित किया जाए। आवेदक की उपस्थिति में पुनः भौतिक मूल्यांकन कराया जाए। दोषी सरपंच, सचिव, सहायक सचिव एवं तकनीकी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो। फर्जी भुगतान की गई राशि की रिकवरी सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में केवल कागजी जांच तक सीमित रहता है या वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते हैं।




## मेला घूमने रूपए की मांग कर युवक को ईंट मारी

**जबलपुर।** गोरखपुर थानान्तर्गत कल दोपहर एक युवक अपने भाई के साथ गुप्तेश्वर में महाशिवरात्रि का मेला घूमने आया था जहां उसे तीन युवकों ने रोककर मेले घूमने के लिए रूपए मांगे विरोध करने पर आरोपियों ने युवक के साथ विवाद कर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। तभी एक युवक ने किसी नुकीली चीज से उक्त युवक की जांघ में चोट पहुंचा दी वहीं उसके दो साथियों ने भी युवक के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि एमजीएम स्कूल निवासी सुजल चौधरी फर्नीचर का काम करता है सुजल कल दोपहर महाशिवरात्रि का मेला घूमने गुप्तेश्वर मंदिर में अपने भाई वरूण के साथ आया था जहाँ अपरान्ह लगभग साढे तीन बजे उसे गुप्तेश्वर निवासी नितेश केशरवानी, सोयम सोनकर तथा अनुराग गुप्ता मिले जो वरूण से मेला घूमने के लिए रूपए की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज कर वरूण के साथ मारपीट की। इस दौरान नितेश ने वरूण पर किसी नुकीली चीज से हमलाकर जांघ में चोट पहुचायी। वहीं सोयम सोनकर तथा अनुराग गुप्ता ने ईंट से हमला कर वरूण के सिर में गंभीर चोटें पहुंचा दी।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की ट्रेन 19 को रवाना होगी

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर से वरिष्ठ नागरिकों को रामेश्वरम-मदुरई की तीर्थ यात्रा पर लेकर जाने वाली स्पेशल ट्रेन 19 फरवरी को मुख्य रेल स्टेशन से रवाना होगी। कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीर्थ यात्रियों को रामेश्वरम-मदुरई लेकर जाने वाली विशेष ट्रेन 19 फरवरी की दोपहर 1 बजे जबलपुर रेलवे स्टेशन आयेगी और दोपहर 1.50 बजे प्रस्थान करेगी। चयनित यात्रियों से 18 फरवरी तक उसी कार्यालय से टिकिट प्राप्त करने के लिये संपर्क करने का आग्रह किया गया है, जहाँ उन्होंने अपने आवेदन जमा किये थे। तीर्थ यात्रियों से यात्रा पर मूल आधार कार्ड साथ में ले जाने का अनुरोध भी किया गया है।

## बाईक की टक्कर से दो घायल

**जबलपुर।** बरेला थानान्तर्गत कल शाम हाइवे रोड कलबोडी मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल के चालाक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। घटना में गाडी से गिरने से दोनों युवकों को हाथ-पैर में चोटें आयी हैं। घायलों को उपचार के लिए जबलपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेला पुलिस ने बताया कि शंकर नगर माढ़ोताल निवासी अरूण यादव कल अपने साथियों आजाद ठाकुर, कुलदीप पटेल,के साथ अलग-अलग दो मोटर साइकिलों में सवार होकर शारदा मंदिर बरेला से दर्शन कर घर लौट रहे थे। तभी शाम लगभग 5 बजे हाईवे रोड कलबोडी मोड़ के पास बरेला में पीछे से आ रही मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 जेडएम 2801 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए आजाद ठाकुर की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। घटना में गाड़ी से गिरने से आजाद व कुलदीप को चोटें आयी है। घायलों को उपचार के लिए जबलपुर स्थित मेडीजोन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दिगंबर जैन महिला परिषद का संभागीय अधिवेशन संपन्न




**जबलपुर।** श्री पारसनाथ दिगंबर तीर्थ, पिसनहारी की मढ़िया, जबलपुर में चेलना संभाग का संभागीय अधिवेशन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में लगभग 120 महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी शाखाओं को उनके कार्यों के आधार पर अवार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि श्री कैलाशचंद जी जैन (अध्यक्ष, दिगंबर जैन पंचायत सभा) एवं पूर्व राज्य मंत्री श्री शरद जैन रहे। वरिष्ठ महिला पदाधिकारियों में श्रीमती विमला चौधरी, डॉ. कुसुम जैन, श्रीमती रानी जैन एवं श्रीमती विजयलक्ष्मी जैन उपस्थित रहीं। ध्वजारोहण राकेश जैन एडवोकेट एवं चंद्र कुमार सिघई ने किया।

मढ़िया की कमेटी के अध्यक्ष रज्जन मामा जी, सचिव संजय अरिहंत, कोषाध्यक्ष सुबोध कामरेड जी का विशेष सहयोग रहा। अधिवेशन में आछार सजाओ, एल्बम एवं स्क्रैपबुक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही कार्यक्रम में लकी ड्रा के अंतर्गत 10 गिफ्ट प्रदान किए गए एवं चेलना संभाग की संभागीय क्वीन का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 10 सरप्राइज गिफ्ट भी दिए गए। सामाजिक कार्य एवं दान के अंतर्गत दयोदय तीर्थ तिलवारा में वॉटर कूलर लगाया गया। चंदा प्रभु दि.जैन मंदिर संगम कालोनी में 11,000, गोसलपुर गौशाला में 11,000, पिसनहारी मढ़िया तीर्थ क्षेत्र में 11,000 की राशि प्रदान की गई। संभागाध्यक्ष श्रीमती सविता जैन एवं सचिव श्रीमती रेशमा चौधरी की उपस्थिति में महिला स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन भी प्रदान की गई।

शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारियों में अर्चना मलैया, इंदिरा जी, लता जी, मधु जी, संगीता सिंघई, अर्चना रजनीश, संगीता पारस, आकांक्षा, मनीषा एवं प्रियंका के साथ ही वर्तमान अध्यक्षः रंजना, नम्रता, बिमला, मनीषा, पूजा, छाया, मोदी, सीमा, पारस, शैली, सीमा, अंजुला, सोनम की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं व्यवस्था श्रीमती रश्मि जैन (पारस), श्रीमती साधना जैन (गायिका) एवं श्रीमती सीमा जैन (रुपाली) द्वारा किया गया।आवार्ड एवं स्वागत-सम्मान व्यवस्था श्रीमती प्राची जैन, श्रीमती मोना जैन एवं श्रीमती निधि जैन,श्रीमती प्रियंका जैन एवं श्रीमती शैलजा जैन द्वारा संपन्न हुई। एल्बम एवं स्क्रैपबुक व्यवस्था श्रीमती संविदा कोछल, श्रीमती आरती जैन एवं श्रीमती निधि जैन द्वारा की गई। बालिका मंडल से मान्या परख, नम्रता आदि के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## देसी पिस्टल और चाकू के साथ पकड़ाया बदमाश

**जबलपुर।** घमापुर पुलिस ने रात्री कालीन पेट्रोलिंग के दौरान कांचघर चुंगी नाका में एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से एक पिस्टल और कारतूस व चाकू बरामद किया गया. घमापुर थाना प्रभारी इंद्रा सिंह ने बताया कि रात्री गश्त के दौरान कांचघर चुंगी नाका के पास व्हीकल बजरंग नगर निवासी 23 वर्षीय अमित बेन को गिरफ्तार किया गया. उसके पास से अवैध हथियार जप्त किये गये. आरोपी के विरुध्द 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई.

## डीजे वाले को चाकू मारा

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अंतर्गत कंजड़ मोहल्ला में तीन बदमाशों ने एक डीजे सेट में काम करने वाले युवक के साथ मारपीट की आरोपी उससे शराब पीने के लिये रुपयों की मांग कर रहे थे. मना करने पर उस पर चाकू से हमला किया गया. घटना के संबंध में बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तिगरा खमरिया निवासी 21 वर्षीय आलोक सिंह 15 फरवरी को शिवरात्री पर्व के दौरान कंजड़ मोहल्ला नर्मदा मैदान में डीजे लगाने गये था. यहां पार्षद के आफिस के पास शिवराज जाट, युवराज जाट एवं देवा जाट ने शराब पीने के लिये एक हजार रूपये नहीं देने पर मारपीट की और उसकी जांघ में चाकू से हमला कर दिया. पुलिस ने अरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

**जबलपुर।** ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर एसोसिएशन जबलपुर की कार्यकारिणी की एक बैठक विगत दिवस इंडियन काफी हाउस सदर में प्रातः 11:00 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम मल्होत्रा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में जबलपुर इकाई के पूर्व अध्यक्ष ओ पी खंडेलवाल के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि व संगठन के प्रति उनके समर्पण कार्यों को याद किया गया। श्री मल्होत्रा ने 24 जनवरी को संपन्न नागपुर बैठक के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में फैमिली पेंशनर्स के हित में योजना पर विचार विमर्श किया गया ।बैंक द्वारा पेंशनर रिटायर्ड हैंडबुक के लाभों के बारे में समस्त सदस्यों एवं फैमिली पेंशनर्स को अवगत कराने का प्रस्ताव पारित किया गया ।आभार प्रदर्शन योगेंद्र भार्गव द्वारा किया गया।

# जेनको क्रिकेट लीग की चमचाती रिवाल्विंग ट्राफी पर लीजेन्ड्स का कब्जा

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वावधान में आयोजित जेनको क्रिकेट लीग खतिाब लीजेन्ड्स टीम ने रोमांचकारी फाइनल मैच में हिटर्स टीम को सिर्फ 2 रन से पराजित कर जीत लिया। उल्लेखनीय है कि लीजेन्ड्स टीम पिछले दो वर्षों से उपविजेता बन रही थी। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने विजेता लीजेन्ड्स टीम के कप्तान आसिफ खान को चमचमाती सुनहरी रिवाल्विंग ट्राफी प्रदान की। पावर एंजेल्स ने वंडर वुमेन ने को 9 विकेट से पराजित कर महिला वर्ग की स्पर्धा जीती। इस अवसर पर पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर टेक्निमकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कॉमर्शिरयल मलिन्द भान्दक्कर, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप व कंपनी के वरिष्ठ अभयिंता व कार्मिक उपस्थित थे। मेन ऑफ द सीरिज अंकित एडविन बने- जेनको क्रिकेट लीग में बल्ले व गेंद से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए लीजेन्ड्स के अंकित एडविन को मेन ऑफ द सीरिज घोषित किया गया। उन्हें बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरिज का अवार्ड भी प्रदान किया गया। लीजेन्ड्स के कप्तान आसिफ खान को पूरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट बल्लेबाजी करने के लिए बेस्ट बैट्समेन ऑफ द सीरिज और हिटर्स टीम के महेश भूमिया को उनके शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए बेस्ट फील्डर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच के अम्पयार सुबोध धांडे व संदीप बर्मन रहे।

# पूरी ग्रेच्युटी और सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन का लाभ दिया जाए

**जबलपुर।**

**हाई कोर्ट ने पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय को दिया आदेश**

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि राज्य शासन द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को भी पूरी ग्रेच्युटी और सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन का लाभ दिया जाए। इस मत के साथ नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता को डीसीआरजी (ग्रेच्युटी) की शेष 10 लाख रुपये की राशि का भुगतान करें। साथ ही सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार उनकी पेंशन पुनः निर्धारित कर भुगतान सुनिश्चित करें।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डा. एमएलवी राव की ओर से याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजय शंकर रायजादा व अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राज्य शासन के परिपत्रों के अनुसार याचिकाकर्ता को अधिकतम 20 लाख रुपये की डीसीआरजी (ग्रेच्युटी) राशि का लाभ दिया जाना चाहिए थे। उन्हें केवल ग्रेच्युटी के रूप में 10 लाख रुपये व छटवें वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार पेंशन दी जा रही है। राज्य शासन द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार सातवें वेतन आयोग की सिफारिश विश्वविद्यालयों पर लागू की जा चुकी हैं, इसलिए विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बढ़ी हुई ग्रेच्युटी व संशोधित पेंशन का लाभ दिया जाना अनिवार्य है।

# किसानों का धरना-प्रदर्शन जारी, प्रशासन से वार्ता की मांग तेज

## मझौली में चल रहे धरना प्रदर्शन को आज 14 दिन हो गए

**मझौली।** विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का धरना-प्रदर्शन लगातार जारी है। क्षेत्र के सैकड़ों किसान तहसील कार्यालय के सामने एकत्रित होकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि उनकी समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे वे आंदोलन के लिए मजबूर हुए हैं। धरना स्थल पर किसानों ने विगत कई वर्षों से हो रही धान एवं अन्य खरीदी केन्द्रों में हुई गड़बड़ी और अभी तक भुगतान न होने के कारण लगातार धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हैं लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जिससे किसान अपने खेत खलीहान छोड़ कर धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान संघ मझौली एवं स्थानीय किसान संगठनों द्वारा किया जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से तहसीलदार ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से चर्चा की और उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण बनी हुई है, किसानों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक धरना जारी रहेगा।पिछले सप्ताह किसानों ने मझौली में ट्रैक्टर ट्राली लेकर तहसील कार्यालय का घिराव कर मझौली की समस्त मुख्य मार्गों को 4 से 5 घंटे जाम रखा गया था जिस पर उच्च अधिकारी आकर उनको आश्वासन दिया गया था एक सप्ताह के अंदर उनकी समस्याओं का हल कर लिया जाएगा और जिनका रुका हुआ भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन आज दिनांक तक ऐसा कुछ भी हल नहीं हुआ।

## तिलक बैरागी क्षेत्रीय सचिव नियुक्त



**सिहोरा।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक ने कर्मचारी संघ फेडरेशन कटनी एंव संभागीय कार्यालय सिहोरा का तिलक दास बैरागी को क्षेत्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर केदार अग्निहोत्री,दिनेश दुबे, उमाशंकर दुबे,अनूप वर्मा,एस के तिवारी,एस ई अली,राकेश पांडे, यशवंत सिंह, मनीष मिश्रा,संजय ठाकुर,विजय बैरागी, रजनी तिवारी, सविता कुररिया,आभा देवी तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कांग्रेस में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी: रीना

## प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष का सिहोरा आगमन



**सिहोरा।** कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है जिसमें महिलाओं का अपना बड़ा स्थान है। महिलाओं की महत्ता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जाएगा इसके लिए महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों को निर्देश दिया जा रहा है कि वह समझ में अधिक से अधिक महिलाओं से संपर्क करें और उनको कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में शामिल करें। यह बात मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कटनी से जबलपुर जाते सिहोरा अल्प प्रवास में उनके स्वागत में शामिल महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से कही। महिला कांग्रेस पूर्व प्रदेश महामंत्री मंजू मिश्रा, राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि एवं कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव बाबा कुरैशी के संयोजन में कार्यक्रम हुआ ब्लॉक कांग्रेस सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल के तत्वाधान में मनसकरा एन एच 30 पर आयोजित कार्यक्रम में महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी ने उनका पुरजोर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री पवन सोनी वरिष्ठ घनश्याम बडगैया,लाल बहादुर पाठक,के के कुररिया,पार्षद ममता गोटिया,रिंकू शर्मा, रमेश पटेल, शंकर वंशकार, विरेन्द्र पटेल, रजनी पांडे, संगीता पांडे, प्रेमलता बाजपेयी, मुकेश मल्लाह, नरेश मल्लाह आदि उपस्थित थे।

## निधन

**श्रीमती सुदामा राय** - सिहोरा वार्ड 11 निवासी ज्वालामुखी चौराहा निवासी श्रीमती सुदामा राय का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय गरीब दास राय की पत्नी एंव जितेन्द्र,निखिल राय की मां थी।



**श्रीमती अशोक गुप्त-** गढ़ा फाटक निवासी अशोक गुप्ता का सोमवार को निधन हो गया। अंतिम यात्रा मंगलवार को सुबह 10 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

**श्रीला डिड्डी-** नर्मदा रोड रामपुर ग्रेनेड चौक निवासी स्व. ले. कर्नल सीपी डिड्डी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला डिड्डी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रेशमा श्रीवास्तव-** दद्दा नगर कटंगी बायपास के निकट निवासी श्री अखिलेश श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती रेशमा श्रीवास्तव (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन लाल साहू-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री मोहन लाल साहू (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पीयूष राय-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री पीयूष राय (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शालू सोनकर-** प्रेमसागर भानतलैया रोड निवासी श्री मोहित सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती शालू सोनकर (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मंगो बाई गूजर-** तीरथ महाराज का बाड़ा नरसिंह मंदिर के पास निवासी श्री संतराम गूजर की धर्मपत्नी श्रीमती मंगो बाई गूजर (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन चक्रवर्ती-** राधाकृष्णन वार्ड मरही माता के निकट निवासी श्री सुम्मेर चक्रवर्ती के पुत्र श्री मदन चक्रवर्ती (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पूरन लाल-** अवधपुरी कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री पूरन लाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हरदीप कौर सग्गू-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री जोगिन्दर सिंह सग्गू की धर्मपत्नी श्रीमती हरदीप कौर सग्गू (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सारिका बाबुलकर-** एलआईसी कॉलोनी मदनमहल निवासी श्री प्रवीण बाबुलकर की धर्मपत्नी श्रीमती सारिका बाबुलकर (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लोकमन यादव-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री लोकमन यादव (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरूण बरार-** एमपीईबी कॉलोनी रामपुर निवासी श्री संतोष बरार के पुत्र श्री अरूण बरार (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धन्नालाल तोमर-** कालीमठ सुदामानगर मदनमहल निवासी श्री धन्नालाल तोमर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जेपी खरे-** सरस्वती कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री जेपी खरे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुमार लखोटिया-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री संजय कुमार लखोटिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शानू शुक्रवारे-** इंद्रा नगर केंट निवासी श्री पप्पू शुक्रवारे के पुत्र श्री शानू शुक्रवारे (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।**श्रीमती कुंता बाई-** गोराबाजार पोस्ट आफिस के पास निवासी श्रीमती कुंता बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**डॉ. हेमलता श्रीवास्तव-** राइट टाउन प्रेम मंदिर के पास निवासी श्री महेश कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी डॉ. हेमलता श्रीवास्तव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री वंदना कोरी-** टाइप टू खमरिया निवासी श्री पुरूषोत्तम कोरी की पुत्री सुश्री वंदना कोरी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ज्योति भाटिया-** तुलसीनगर चेरीताल निवासी श्री खुशबदन भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति भाटिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-

## खबर संक्षेप

### आय फाइनेंस के शेयर की बाजार में स्थिर शुरुआत




**नई दिल्ली।** आय फाइनेंस के शेयर ने सोमवार को बाजार में स्थिर शुरुआत की और निर्गम मूल्य 129 रुपये के बराबर ही सूचीबद्ध हुआ। एनएसई और बीएसई दोनों पर शेयर 129 रुपये प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, एनएसई पर इसमें 3.17 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 124.91 रुपये पर पहुंच गया।

### रिन्य का शुद्ध घाटा कम होकर 19.8 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी (रिन्यू) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा कम होकर 19.8 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा 38.79 करोड़ रुपये रहा था। 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 2,119.8 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,137.2 करोड़ रुपये हो गई।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 पर स्थिर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 90.66 (अस्थायी) पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख को विदेशी बाजारों में डॉलर की मजबूती ने बेअसर कर दिया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, कच्चे तेल की कम कीमतों ने रुपये का समर्थन किया।

### एफपीआई ने बाजार में डाले 19675 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में 19,675 करोड़ रुपये डाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई का यह प्रवाह लगातार तीन माह की भारी बिकवाली के बाद हुआ है।

### भारत में प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है लॉरियल : सीईओ




**नई दिल्ली।** फ्रांस की प्रमुख सौंदर्य प्रसाधन कंपनी लॉरियल भारतीय बाजार में अपने प्रदर्शन से ''संतुष्ट नहीं'' है। कंपनी के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निकोलस हिरोनिमस के अनुसार, वर्ष 2025 में एक अंक में वृद्धि दर्ज करने के बावजूद कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

### फ्रैक्टल तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) समाधान प्रदाता फ्रैक्टल एनालिटिक्स ने सोमवार को बाजार में सुस्त शुरुआत की और इसका शेयर 900 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर 876 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 2.67 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बाद में, इसमें 4.94 प्रतिशत की और गिरावट आई और यह 855.55 रुपये पर पहुंच गया। बीएसई पर शेयर ने सपाट शुरुआत की और 900 रुपये प्रति शेयर पर खुला। कंपनी का बाजार मूल्यांकन एनएसई पर 14,839.73 करोड़ रुपये रहा।

# अरबपतियों की लिस्ट में उथल-पुथल, टॉप-10 में शामिल हुए 3 भाई-बहन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- सूची में लैरी पेज, सर्गी ब्रिन, मार्क जुकरबर्ग व बेजोस की दौलत में कमी दर्ज

वॉल स्ट्रीट से दलाल स्ट्रीट तक टेक शेयरों की पिटाई का असर दुनियाभर के अरबपतियों की दौलत और उनकी रैंकिंग पर देखने को मिल रहा है।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा रैंकिंग में लैरी पेज, सर्गी ब्रिन, मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस की दौलत में कमी दर्ज की गई है। दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों की लिस्ट में एक नए चेहरे की एंट्री हुई है। जबकि, जेनसेन हुआंग बाहर हो गए हैं। स्टीव बाल्मर और माइकल डेल पहले ही बाहर हो चुके थे। इसके उलट, टेक सेक्टर से जुड़े लैरी एलिसन और एलन मस्क की दौलत में इजाफा हुआ है। हालांकि, इनकी रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के टॉप-10 अमीरों में अब केवल छह लोग ही टेक इंडस्ट्रीज से रह गए हैं। अब लैरी एलिसन 200 अरब डॉलर क्लब में हैं।

## टेक शेयरों की पिटाई का असर दौलत और रैंकिंग पर देखने मिल रहा

### मस्क नंबर वन पर कायम



शुक्रवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को 265 मिलियन डॉलर का फायदा पहुंचा। अब उनकी संपत्ति 677 अरब डॉलर रह गई है। गूगल के सह-संस्थापकों लैरी पेज को 2.88 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन को 2.68 अरब डॉलर का झटका लगा। लैरी पेज दुनिया के दूसरे सबसे बड़े रईस हैं। इनके पास 263 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। सर्गी ब्रिन 245 अरब डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### टॉप-10 में एलिस वॉल्टन की एंट्री



अमीरों की टॉप-10 लिस्ट में अब एलिस वॉल्टन की एंट्री हो गई है। इनके दो भाइयों जिम वॉल्टन और रॉब वॉल्टन पहले से ही क्रमश: 8वें और नौवें स्थान पर हैं। जिम वॉल्टन के पास 158, रॉब वॉल्टन के पास 154 और एलिस के पास 154 अरब डॉलर की संपत्ति है। तीनों रिटेल सेक्टर से हैं।

### जुकरबर्ग को 3.52 अरब डॉलर की चोट



मार्क जुकरबर्ग को 3.52 अरब डॉलर की चोट पहुंची और अभी वह 226 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर काबिज हैं। जेफ बेजोस ने भी 1.11 अरब डॉलर गंवाए हैं। इनकी कुल संपत्ति अब 225 अरब डॉलर रह गई है। लैरी एलिसन की संपत्ति में 3.20 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और वह 213 अरब डॉलर के साथ छठे नंबर पर हैं। कंज्यूमर सेक्टर से जुड़े बर्नार्ड अरनाल्ट को 3.21 अरब डॉलर की चोट पहुंची। इनकी संपत्ति अब 174 अरब डॉलर रह गई है।

### अंबानी-अडाणी को बड़ा नुकसान

घरेलू शेयर मार्केट में आए भूचाल की वजह से रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी को 2 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। वहीं, अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी को 3.63 अरब डॉलर की चोट पहुंची। अंबानी का नेटवर्थ अभी 96.4 अरब डॉलर है और वह 18वें पोजीशन पर हैं। जबकि, गौतम अडाणी 81.7 अरब डॉलर के साथ 21वें स्थान पर।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया आंकड़ा

# जनवरी में बेरोजगारी दर मामूली बढ़कर पांच फीसदी पर : सर्वेक्षण

- 15 वर्ष से अधिक में बेरोजगारी दर बढ़कर पांच प्रतिशत
- ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर बढ़ी
- ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी मौसमी कारणों से बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के बीच बेरोजगारी दर जनवरी महीने में थोड़ा बढ़कर पांच प्रतिशत हो गई, जो दिसंबर, 2025 में 4.8 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली। नवीनतम आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी दर में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दर्ज की गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बयान में कहा कि श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) एवं श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में गिरावट और बेरोजगारी दर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी कारणों से हुई।



### कृषि कार्यों में सुस्ती से काम की तलाश बढ़ी

फसल कटाई के बाद कृषि गतिविधियों में स्वाभाविक सुस्ती, निर्माण, कृषि-संबद्ध कार्य, परिवहन एवं छोटे व्यापार जैसे क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान सुस्ती रहने और कुछ श्रमिकों का अस्थायी रूप से काम की तलाश न करना इसके प्रमुख कारण रहे। हालांकि, एनएसओ ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में श्रम बाजार की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर रही।

### काम की तलाश में जुटे लोगों का अनुपात घटा

एनएसओ ने कहा कि महिला बेरोजगारी दर अप्रैल से दिसंबर, 2025 के दौरान दर्ज दायरे के भीतर ही बनी हुई है। यह दर्शाता है कि यह वृद्धि अल्पकालिक उतार-चढ़ाव का परिणाम है, न कि श्रम बाजार की संरचनात्मक कमजोरी का। कुल आबादी में से काम कर रहे या काम की तलाश में जुटे लोगों का अनुपात यानी एलएफपीआर जनवरी में घटकर 55.9 प्रतिशत रहा, जबकि दिसंबर में यह 56.1 प्रतिशत था।

### महिलाओं में बेरोजगारी दर बढ़ी

विस्तृत आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण बेरोजगारी दर दिसंबर के 3.9 प्रतिशत से बढ़कर जनवरी में 4.2 प्रतिशत हो गई। शहरी क्षेत्रों में यह दर 6.7 प्रतिशत से बढ़कर सात प्रतिशत पर पहुंच गई। स्त्री-पुरुष विभाजन के आधार पर देखें तो 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी दर जनवरी में स्थिर रही। इसके उलट, इस आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर दिसंबर की तुलना में बढ़ गई।

### ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर घटा

ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर 59.0 प्रतिशत से घटकर 58.7 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में यह 50.3 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो दिसंबर के 50.2 प्रतिशत के लगभग बराबर है।

### महिला श्रम बल भागीदारी दर में रहा उतार-चढ़ाव

*एनएसओ के मुताबिक, महिला एलएफपीआर में केवल मामूली उतार-चढ़ाव देखा गया और समग्र स्तर पर यह स्थिर बना हुआ है। कुल आबादी में कार्यरत लोगों का अनुपात डब्ल्यूपीआर जनवरी, 2026 में समग्र रूप से स्थिर रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में जून 2025 (53.3 प्रतिशत) से लेकर दिसंबर 2025 (56.7 प्रतिशत) तक इसमें क्रमिक वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन जनवरी में यह घटकर 56.2 प्रतिशत रह गया।*

### शहरी श्रमिक जनसंख्या अनुपात स्थिर रहा

*ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष डब्ल्यूपीआर 75.7 प्रतिशत और महिला डब्ल्यूपीआर 38.0 प्रतिशत रहा, जो दिसंबर महीने के क्रमशः 76.0 प्रतिशत और 38.6 प्रतिशत से थोड़ा कम है। शहरी क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर लिंग के आधार पर लगभग स्थिर रहा। जनवरी में शहरी पुरुषों का डब्ल्यूपीआर 70.5 प्रतिशत, महिलाओं का 23.0 प्रतिशत और समग्र शहरी डब्ल्यूपीआर 46.8 प्रतिशत दर्ज किया गया।*

# यूपीआई अब लेनदेन का सबसे पसंदीदा माध्यम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- रुपे डेबिट कार्ड को बढ़ावा देने की जरूरत : रिपोर्ट

नकद लेनदेन को पीछे छोड़ते हुए यूपीआई भुगतान का सबसे पसंदीदा माध्यम बन गया है। हालांकि, गांवों तथा छोटे कस्बों में रुपे डेबिट कार्ड के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने 13-14 फरवरी 2026 को आयोजित चिंतन शिविर के दौरान 'रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई (व्यक्ति-से-व्यापारी) लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव विश्लेषण' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।

सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण 15 राज्यों के 10,378 प्रतिभागियों को शामिल करते हुए किए गए एक व्यापक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें 6,167 उपयोगकर्ता, 2,199 व्यापारी और 2,012 सेवा प्रदाता शामिल हैं, जो भारत के डिजिटल भुगतान परिवेश से जुड़े पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस सर्वेक्षण पर आगे शोध किया गया। मूल्यांकन से पता चलता है कि विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों में डिजिटल भुगतान को अपनाने में महत्वपूर्ण और निरंतर वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) सबसे पसंदीदा लेनदेन माध्यम बनकर उभरा है। 57 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे लेनदेन में यूपीआई का उपयोग करते हैं। यह नकद लेनदेन (38 प्रतिशत) से कहीं अधिक है। इसका मुख्य कारण उपयोग में आसानी और तुरंत धन हस्तांतरण की सुविधा है। रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल भुगतान का अब दैनिक लेनदेन व्यवहार पर दबदबा है।

### बिजली, बैंक शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 650 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 212 अंक चढ़ गया। बिजली, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। इसके अलावा, अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत के बीच रुपये और वैश्विक कच्चे तेल में स्थिरता से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650.39 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,565 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,747 बढ़त में रहे। वहीं 184 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,11,982.13 रुपये बढ़कर 4,68,58,625.33 करोड़ रुपये (5,170 अरब डॉलर) पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''सीमित दायरे में शुरुआत के बाद, घरेलू बाजारों में बैंक और बिजली क्षेत्र के शेयरों में नए सिरे से खरीदारी के कारण तेजी आई।

### चांदी में दो फीसदी की गिरावट, सोना 700 रुपए हुआ मजबूत

**एजेंसी : नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें दो प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया।अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गई, जो शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया, जो पिछली बार 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म0प्र0)**

नि0सू0क्र0 /72/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2026 डिण्डौरी, दिनांक 09.02.2026

–:निविदा आमंत्रण सूचना :–

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई–टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 09.02.2026 को शाम 18.30 बजे से दिनांक 20.02.2026 को शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| स0 क्र0 | ई निविदा क्र0 | नि.सू. क. | वि.खं. /जिला | विवरण | अनु0लागत (PAC) (रू0 | धरोहर राशि(PAC) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PHED _481278_1 | 72 | डिण्डौरी | Balance Work of Under JJM Driking water supply scheme at Village Mohgaon, Salheghori Ryt. / Mal, Kiwti, Block-Samnapur, District- Dindori | 41.06 | 50000.00 | 5000.00 | प्रथम आमंत्रण |

G-25907/25 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मैकेनिकल खण्ड छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**
Phone- 0761- 2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com
निविदा क्र. 34 से 49/2025-26/ तक./का.यं. / लो.स्वा.यां. मैके खण्ड/जबलपुर जबलपुर दिनांक 06.02.2026

**ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार प्रतिष्ठित फर्मो / एजेन्सी / व्यक्ति से ऑन-लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता है।

| क्रं. | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रूपये (रुपए में) | प्रतिभूति राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की प्रारंभिक दिनांक | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 43/ 2025-26 | 2025-PHED-480640-1 | मैके खण्ड जबलपुर हेतु स्कॉर्पियो / बुलेरो निरीक्षण वाहन (द्वितीय आमंत्रण) | 3,07,200 | 6,144 | 2000 | 06.02.2026 | 20.02.2026 |
| 2 | 44/ 2025-26 | 2025-PHED-480723-1 | मैके उपखण्ड नरसिंहपुर हेतु बुलेरो निरीक्षण वाहन (द्वितीय आमंत्रण) | 2,76,00 | 5,520 | 2000 | 06.02.2026 | 20.02.2026 |
| 3 | 45/ 2025-26 | 2025-PHED-480746-1 | उपखण्ड जबलपुर में 100 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य हेतु | 8,39,900 | 16,798 | 2000 | 06.02.2026 | 20.02.2026 |
| 4 | 46/ 2025-26 | 2025-PHED-480748-1 | उपखण्ड मण्डला में 200 नग रजिस्टीविटी सर्वेक्षण कार्य हेतु | 3,54,000 | 7,080 | 2000 | 06.02.2026 | 20.02.2026 |
| 5 | 47/ 2025-26 | 2025-PHED-480753-1 | मैके. उपखण्ड डिण्डौरी हेतु बुलेरो निरीक्षण वाहन (चतुर्थ आमंत्रण) | 2,76,000 | 5,520 | 2000 | 06.02.2026 | 20.02.2026 |
| 6 | 48/ 2025-26 | 2025-PHED-480802-1 | मैके उपखण्ड जबलपुर की अनुपयोगी (लेथ मशीन स्केप ) सामग्री की नीलामी (तृतीय आमंत्रण) | 2,61,187 | 5,224 | 2000 | 06.02.2026 | 20.02.2026 |
| 7 | 49/ 2025-26 | 2025-PHED-481002-1 | मैके. उपखण्ड बालाघाट में कार्यरत के. एल.आर. हेतु स्पेयर 06 रिंग पार्टस बावत् | 45,93,000 | 9,860 | 2000 | 06.02.2026 | 20.02.2026 |

नोट :-निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होता है तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, समाचार पत्रों मे नही होगा।

(एस.के.कुरील)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड, जबलपुर

G-25887/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**IBS के प्रावधान के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य एस&टी अभियंता (पी), द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित हैं:
**निविदा सूचना क्रमांक:** 03-NGP-PROJ-ST-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में केल्ज़र और चांदा फोर्ट स्टेशनों के बीच IBS का प्रावधान।
**निविदा मूल्य :** ₹ 9,30,20,778/-
**बयाना राशि:** ₹ 6,15,100/-
**ई-निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **03.03.2026** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे।
मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और सभी मैनुअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
उपरोक्त निविदाएं सम्बंधित अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य एस&टी अभियंता (पी), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/70-308
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
**निविदा सूचना (1st Call)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26/ 12/पीआरओ-859 Date- 16/02/2026 | Repairing & Maintenance work of AC at JMC Office Jabalpur | 04 माह एवं 411017/- | रू 2,000/- रू 4110/- | 04/03/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम
जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T NO/PWD/e-tendring/PRO/856 // निविदा सूचना // DATED- 16/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_ 482261_1 16/02/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत दादा बाबूराव परांजपे वार्ड में दशरथ के घर से अजय के घर एवं गणेश से राजू कोरी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (CM monit A+) | 02 माह रू 1.69 लाख | रू 2000/- रू 3382/- | 04/03/2026 |
| 2. | 2026_UAD_ 482261_2 16/02/2026 | सं.क्रं.-03 रामपुर अंतर्गत गिरीराज किशोर कपूर वार्ड में सिद्धपीठ श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर मदन महल जबलपुर में सार्वजनिक स्थल पर बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। (CM monit A+) | 03 माह रू 5.92 लाख | रू 2000/- रू 5929/- | 04/03/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम, जबलपुर



**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3(1) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13(2) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुन: देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| MP/KTN/SHDL/A000000399 मिश्री लाल जी श्रीमती कौशिल्या विश्वकर्मा श्री धत्रू बड़ाई श्री जानिया विश्वकर्मा रंजीत विश्वकर्मा | 09/02/2026 Rs. 9,97,113/- | खम्हरिया कला 83, आरआईसी सोहागपुर नंबर 01 खसरा नंबर 89/2 पटवारी हल्का नंबर 83 ग्राम खम्हरिया कला तहसील सोहागपुर जिला शहडोल, शहरी, शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत - 484001 कुल क्षेत्रफल - 0.5430 हेक्टेयर सीमा - पूर्व - सड़क, पश्चिम - फरसू पटेल का घर, उत्तर - सुनील विश्वकर्मा का घर, दक्षिण - रामबहोर पटेल का घर |
| MP/JBR/REWA/A000000661 श्री राहुल मिश्रा श्रीमती निर्मला मिश्रा | 09/02/2026 Rs. 6,45,508/- | मौजा कोष्टा जंक्शन नंबर 103 पटवारी हल्का कोष्टा 07 आरएनएम रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा सर्वे नंबर 211/4/23, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001 कुल क्षेत्रफल - 1200 वर्ग फुट। इस प्रकार घिरा - पूर्व - विक्रेता शेष भूमि, पश्चिम - विक्रेता शेष भूमि, उत्तर - सड़क 16 फीट, दक्षिण - विक्रेता शेष भूमि और विक्रेता भाई भूमि |
| MP/JBR/REWA/A000000918 श्री विजय कुमार तिवारी श्रीमती नम्रता तिवारी | 09/02/2026 Rs. 8,05,348/- | अराज़ी संख्या 488/2, ग्राम कॉलोनी भद्रा, अमरपाटन, सतना, मध्य प्रदेश- 485775 कुल क्षेत्रफल - 2478.8 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में प्रधानमंत्री रोड, पश्चिम में अजय कुमार तिवारी का घर और ज़मीन तथा शैशनाथ द्विवेदी का घर, उत्तर में रामसुमन द्विवेदी की अराज़ी, दक्षिण में पीसी रोड। |
| MP/JBR/REWA/A000000781 श्री विजय मिश्रा श्रीमती प्रेमवती मिश्रा | 09/02/2026 Rs. 17,93,420/- | मौजा बड़राव पटवारी हल्का चिरहुला आरएनएम रीवा तहसील हुज़ूर सर्वे नंबर 617/9/3, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001 कुल क्षेत्रफल - 1023 वर्ग फीट। सीमा इस प्रकार है - पूर्व - सड़क और निर्मला गुप्ता हाउस, पश्चिम - चौरसिया जी प्लॉट, उत्तर - सड़क, दक्षिण - कुशवाहा जी प्लॉट |
| MP/JBR/CDWR/A000000068 श्री गोपाल अकोटकर श्रीमती मेघा अकोटकर | 09/02/2026 Rs. 17,28,707/- | खसरा संख्या 988/2/2/46, मौजा सौसर, बी. संख्या 411, पी.सी. संख्या 18/9, आरएनएम सर्कल - सौसर, तहसील सौसर, जिला छिंदवाड़ा में स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा। कुल क्षेत्रफल - 1200 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में 15 फुट कच्ची सड़क, पश्चिम में विक्रेता की भूमि, उत्तर में विक्रेता की भूमि, दक्षिण में विनोद अकोटकर की भूमि। |
| MP/JBR/GDWR/A000000067 श्री मुकेश कुमार भदोरिया श्रीमती भारती भदोरिया | 09/02/2026 Rs. 6,88,527/-/- | मौजा - एमपीईबी कॉलोनी, राजीव वार्ड, गदरवारा, पटवारी हल्का नंबर 99/18/1 एन.बी 119, तहसील गदरवारा, जिला नरसिंहपुर, सर्वे नंबर 126/33, कुल क्षेत्रफल - 2000 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में विक्रेता की भूमि, पश्चिम में विक्रेता की भूमि, उत्तर में प्रो. रोड, दक्षिण में सुदमा और बाबू लाल का प्लॉट। |

यदि उक्त देनदार/गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार/गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Syed Shoaib (ARM) - 8770818029, Gourav Naik - 7587748188, Divyank Shrivastava - 8318225992

दिनांक - 17/02/2026 प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

## चिंतन

# भारतीय वायुसेना को नई मजबूती देगी राफेल डील

भारत और फ्रांस के बीच प्रस्तावित 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील केवल एक रक्षा खरीद नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सामरिक सोच का संकेत है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान जिस 3.60 लाख करोड़ रुपये के संभावित समझौते पर चर्चा हो रही है, वह भारतीय वायुसेना की क्षमताओं में गुणात्मक बढ़ोतरी कर सकता है। दो मोर्चों चीन और पाकिस्तान की चुनौती के बीच यह सौदा रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास करीब 29 स्क्वाड्रन ऑपरेशनल हैं, जबकि आधिकारिक मंजूरी 42.5 स्क्वाड्रन की है। यानी लगभग 13 स्क्वाड्रन की कमी पहले से ही चिंता का विषय है। आने वाले दशक में जगुआर, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विमानों के चरणबद्ध सेवानिवृत्त होने से यह अंतर और बढ़ सकता है। ऐसे में नई पीढ़ी के अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता स्पष्ट है। राफेल पहले ही अपनी उपयोगिता सिद्ध कर चुका है। हालिया अभियानों में इसकी लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल क्षमता, अत्याधुनिक रडार और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम ने वायुसेना को सामरिक बढ़त दिलाई है। वर्तमान में भारत के पास एफ-3 मानक के राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान माने जाते हैं। प्रस्तावित डील के तहत एफ-4 और बाद में एफ-5 श्रेणी के 'सुपर राफेल' मिलने की संभावना है। यूरोपीय मानकों के अनुसार एफ-5 को छठी पीढ़ी के जेट की श्रेणी में रखा जा रहा है। यदि यह समयसीमा के अनुसार 2030 के बाद मिलते हैं, तो भारत फ्रांस के बाद इन अत्याधुनिक विमानों का प्रमुख ऑपरेटर बन सकता है। इस डील का एक और महत्वपूर्ण पहलू 'मेक इन इंडिया' है। कुल 114 विमानों में से 18 सीधे उड़ान-योग्य अवस्था में मिलेंगे, जबकि 96 का निर्माण भारत में होगा। इनमें लगभग 60 प्रतिशत कलपुर्जों का स्वदेशीकरण प्रस्तावित है। इससे भारतीय एयरोस्पेस उद्योग को नई गति मिलेगी, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और हजारों रोजगार सृजित होंगे। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक निर्णायक कदम साबित हो सकता है। हालांकि, कुछ सवाल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। चीन पहले ही छठी पीढ़ी के विमानों के विकास में आगे बढ़ चुका है। ऐसे में भारत को केवल प्लेटफॉर्म खरीदने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास पर भी समान बल देना होगा। क्या 42.5 स्क्वाड्रन का लक्ष्य अगले दशक में पूरा हो पाएगा? क्या समय पर आपूर्ति और लागत नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सकेगा? ये वे प्रश्न हैं जिन पर सरकार और रक्षा प्रतिष्ठान को पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी रक्षा सहयोग से कहीं व्यापक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच वार्ता केवल विमानों की खरीद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उभरती प्रौद्योगिकियों, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक भू-राजनीति पर भी केंद्रित होगी। कुल मिलाकर 114 राफेल की संभावित डील वायुसेना के लिए 'ऑक्सीजन' साबित हो सकती है, लेकिन इसे दीर्घकालिक सामरिक दृष्टि से जोड़ना आवश्यक है। मजबूत वायुशक्ति केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि शांति और संतुलन की गारंटी भी होती है।

# अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी



मुद्दा

रोहित माहेश्वरी

> 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। अब साइबर अपराधी कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। इनके पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैटजीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं। सर्वे के अनुसार, 61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर। साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61 फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61 फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 फीसदी लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है। ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024–2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और



प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं, जिससे वह खुद को असली अधिकारी से बात करते हुए समझता है। साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसके अलावा क्राइम—एस—ए—सर्विस का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो। इस तरह के मामलों में कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी तक ठगी का शिकार हो चुके हैं। साफ है कि एआई ने साइबर अपराध को पहले से कहीं ज्यादा संगठित तेज और खतरनाक बना दिया है। वर्तमान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के तो कई तरीके मौजूद हैं, लेकिन इन्हें किस हद तक इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए, इसके लिए नियम-कानूनों का अभाव है। हमारा देश और दुनिया भी एआई के बढ़ते कदमों और उसके प्रभावों को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आगाज हो रहा है। 20 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया की 300 से ज्यादा कंपनियां भविष्य की तकनीक दिखाएंगी। खेती से लेकर सेहत तक, एआई आपकी जिंदगी को कैसे आसान बनाएगा, इसकी पूरी झलक यहां देखने को मिलेगी। आईटी के नए नियमों का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि अब एआई से बने कंटेंट को छिपाना आसान नहीं रहेगा। लेबलिंग व डिजिटल पहचान चिह्न से आम व्यक्ति यह समझ सकेगा कि उसके सामने मौजूद सामग्री वास्तविक है या तकनीक से तैयार की गई है। इससे सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक अभियानों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। चुनाव, सामाजिक मुद्दों और संवेदनशील घटनाओं के दौरान यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को भी सुरक्षित रखने में सहायक होगी, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। इन तमाम बातों के बीच सवाल यह भी है कि सिर्फ नियम-कायदे बनाना ही काफी नहीं, बल्कि इन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। वैसे भी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की संख्या और कंटेंट की मात्रा इतनी अधिक है कि केवल नियमों के सहारे नियंत्रण करना आसान नहीं होगा। इसके लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को मजबूत करना, प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करना और उल्लंघन की स्थिति में त्वरित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है। क्योंकि यदि नियमों का पालन ढीला रहा, तो इनका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। इसके साथ ही नागरिकों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है। लोगों को यह समझना होगा कि हर वायरल वीडियो या तस्वीर सत्य नहीं होती। जागरूक उपयोगकर्ता ही फेक कंटेंट की श्रृंखला को तोड़ सकता है। सरकार, सोशल मीडिया कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। भ्रमजाल फैलने से रोकने के लिए सरकार और समाज दोनों के साझा प्रयासों की दरकार है। साझे प्रयासों से ही एआई का सकारात्मक लाभ हम उठा सकते हैं। वरना हमारी सुविधा के लिए बनी तकनीक हमारे लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



मसानी अम्मन मंदिर मसानी देवी को समर्पित एक मंदिर है, जिन्हें शक्ति देवी के नाम से भी जाना जाता है। यह कोयंबटूर जिले के अन्नामलाई के पंचायत शहर में स्थित है, इसे अरुलमिगु मसानी अम्मन मंदिर या अन्नामलाई मसानी अम्मान मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर बेहद ही आध्यात्मिक है, जिस वजह से लोग यहां खिंचे चले आते हैं।

## आनंद आपके भीतर है, बाहर खोजने की जरूरत नहीं




संकलित

दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं। जहां जाएंगे, वहां ले जा सकते हैं।

## रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित

प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## सरोकार

योगेंद्र माथुर




# शादी ब्याह में आर्थिक संपन्नता के प्रदर्शन की होड़, अन्न का अपमान

विगत दिनों जब शादी-ब्याह का सिलसिला पुनः चालू हुआ तो मुझे भी एक के बाद एक कई शादियों में शामिल होने का सुअवसर प्राप्त हुआ। शादी-ब्याह की इस धूमधाम में जाहिर है हमेशा की तरह ही ऐश्वर्य और विलासिता के भरपूर दर्शन हुए। 'तेरी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे?' की तर्ज पर होने वाली होड़ में आयोजक अपनी क्षमता से अधिक पैसा खर्च करते नजर आए। परिणय स्थल यथा- गार्डन, धर्मशाला, लॉज-होटल की चमक बढ़ाने की गरज से टेंट व विद्युत साज-सज्जा पर पैसा पानी की तरह बहता दिखाई दिया। समारोह पांडाल की साज-सज्जा तो ठीक भोजन को भी अपनी सामर्थ्य के प्रदर्शन का माध्यम बना लिया गया हो, ऐसा लगा। भोजन में कुछ नया या नई वैरायटी परोसने की होड़ में निर्मित व्यंजनों का आंकड़ा 56 के भी पार जाता नजर आया। सभी व्यंजनों के नाम तो शायद आयोजक को भी मालूम नहीं होंगे। अब भला खाने वाले 4-5 व्यंजनों से अधिक का स्वाद चख पाएं, न चख पाएं या फिर प्लेट में छोड़ते नजर आएं, आयोजक की आर्थिक संपन्नता का प्रदर्शन तो हो ही गया।

कहने या बताने की आवश्यकता नहीं कि ऐसे शादी समारोह में धन के साथ अन्न का भी अपव्यय होना तय है। आप सोचिए, क्या कोई मेहमान चाहकर भी भोजन के अपव्यय को रोक पाएगा? समझदारी दिखाकर वह इतने अधिक पकवानों में से कुछ का स्वाद न भी चखे अथवा प्रत्येक पकवान का एक या आधा टुकड़ा ले तो भी कुछ मात्रा में ही सही भोजन का अपव्यय निश्चित है। हालांकि सभी मेहमानों से इतनी समझदारी की उम्मीद लगाना भी बेमानी ही होगा। हमारे देश में जब से 'बुफे' संस्कृति का विस्तार हुआ है, भोजन का अपव्यय भी बढ़ा है। इसमें बुफे संस्कृति की बुराई जैसी कोई बात नहीं है। कमी हममें ही है क्योंकि इसके सही तौर-तरीकों के पालन के संस्कार हमारे यहां नहीं पनप पाए हैं। प्रायः शादी समारोह में यही देखने में आता है कि लोग प्लेट में खाना लेते समय, बाद में मिलेगा या बचेगा कि नहीं की सोच के चलते अपनी प्लेट में एक साथ अधिकाधिक खाद्य सामग्री रख तो लेते हैं किंतु बाद में अधिकांश लोग 'जूठन' के रूप में छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में 56 या अधिक पकवान बन जाएं तो भोजन की बर्बादी को कौन रोक सकता है? हमारी संस्कृति में अन्न के एक-एक दाने का महत्व बताया गया है और अन्न को देवतुल्य माना गया है। ऐसी स्थिति में शादी समारोह में भोजन का 'जूठन' के रूप में फिकना क्या अन्न का तिरस्कार या देवता का अपमान नहीं है? जिस देश में बच्चे भुखमरी व कुपोषण का शिकार बन कर असमय दम तोड़ रहे हों, उस देश में अन्न को अपनी सम्पन्नता के प्रदर्शन का माध्यम बनाना कहां तक उचित है? वैवाहिक आयोजनों के माध्यम से दूसरों की अपेक्षा अपने को कहीं अधिक बड़ा, समर्थ, सक्षम व सम्पन्न बताने की यह अंधी होड़ निश्चित ही बेहद खतरनाक है। उधार का घी पीकर अपनी सम्पन्नता दर्शाने की प्रवृत्ति तो निश्चित ही व्यक्ति, परिवार व समाज को पतन की ओर ले जाने वाली है। वर्तमान चार दिन की चकाचौंध भविष्य को गहरे अंधकार में धकेलने वाली है। अंधानुकरण की इस होड़ से हमें समाज को बचाना होगा और यह हम तभी कर पाएंगे या समाज को कोई संदेश दे पाएंगे, जब हम अपने से ही इसकी शुरुआत करेंगे। बेहतर होगा कि हम हमारे घर-परिवार में होने वाले वैवाहिक आयोजन सादगीपूर्ण व गरिमा के साथ आयोजित करें और विवाह समारोह की चकाचौंध पर होने वाले खर्च से 'परिणय-सूत्र' में आबद्ध हो रहे जोड़े के भविष्य को रोशन करें।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से ( विशेषकर सोशल मीडिया पर ) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। *- संदीप सरकार, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# महिला की गरिमा को ठेस एनआरआई को मिली जेल

सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने के जुर्म में पांच महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार में सोमवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी गई। खबर के मुताबिक, शुक्रवार को सजा के एलान के दौरान अदालत ने कहा कि 42 वर्षीय ओम कुमार राय ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। खबर में कहा गया है कि अदालती दस्तावेज से पीड़िता का नाम और घटनास्थल का विवरण हटा दिया गया है। इसमें बताया गया है कि राय 22 वर्षीय पीड़िता के पिता का सहकर्मी है और वह 17 जून 2025 को तड़के पीड़िता से मिलने पहुंचा था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, राय पीड़िता को बातचीत के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ छेड़खानी की। अभियोजन पक्ष ने बताया कि पीड़िता राय को धक्का देकर उसके चंगुल से भागने में सफल रही और अपने माता-पिता को घटना से अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने उसी दिन सुबह नौ बजे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अभियोजकों ने राय को पांच से छह महीने की जेल की सजा देने का अनुरोध किया था।



## ऑफ बीट

# नियमित व्यायाम डिमेंशिया से बचाव में है कारगर

जैसे-जैसे डिमेंशिया के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, वैसे-वैसे रोकथाम के उपाय जानने की दिलचस्पी में भी इजाफा हो रहा है। मीडिया में आई खबरों में नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, दिमागी कसरत और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी को डिमेंशिया के जोखिम में कमी लाने के लिए कारगर बताया गया है। डिमेंशिया तंत्रिका-तंत्र से जुड़ा एक विकार है, जिसमें याददाश्त, सोचने-समझने एवं फैसले लेने की शक्ति और रोजमर्रा के काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। अल्जाइमर ( मस्तिष्क के अंदर और उसके आसपास की कोशिकाओं में एमिलॉयड नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) को डिमेंशिया का सबसे आम स्वरूप माना जाता है। इसके अलावा, बड़े पैमाने पर 'वैस्कुलर डिमेंशिया' ( मस्तिष्क में खून का प्रवाह धीमा पड़ने के कारण होने वाला डिमेंशिया) और 'लेवी बॉडी डिमेंशिया' ( मस्तिष्क में 'लेवी बॉडी' नाम के प्रोटीन के थक्के जमने से होने वाला डिमेंशिया) के मामले भी सामने आते हैं। डिमेंशिया में तंत्रिका-तंत्र की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे उनमें संचार की प्रक्रिया प्रभावित होती है और व्यक्ति को भ्रम, भूलने की बीमारी और व्यवहार में बदलाव की शिकायत सता सकती है।



## ट्रेंड

### देश तेजी से प्रगति कर रहा



यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। -**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### दिल्ली की सुरक्षा होगी सुदृढ़



दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस समारोह में ₹857 करोड़ की लागत से निर्मित 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' का लोकार्पण किया। साथ ही, ₹368 करोड़ की लागत से स्पेशल सेल के इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर का ई-शिलान्यास किया। -**अमित शाह**, गृहमंत्री

### शंकर से प्रेरणा लेती है सेना



सैनिकों के अंदर की भावना हमारी संस्कृति से, भगवान शिव की प्रेरणा से आती है। डर से समाज लंबे समय तक सुरक्षित नहीं हो सकता। एक निडर समाज ही मजबूत राष्ट्र बना सकता है। निडरता आध्यात्मिकता से आती है। -**राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### गिग वर्कर को मिले सुरक्षा



'कुछ दिन पहले जनसंसद में गिग वर्कर्स के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। बातचीत से साफ़ हुआ कि गिग अर्थव्यवस्था के फायदे मज़दूरों तक पहुंचाने के लिए मज़बूत और ज़िम्मेदार सरकारी कार्रवाई ज़रूरी है। महिला गिग वर्कर दोहरे शोषण का शिकार हैं, आर्थिक असुरक्षा के साथ-साथ सम्मान और सुरक्षा का अभाव। -**राहुल गांधी**, कांग्रेस सांसद

**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## सीबीएसई की परीक्षाएं आज से, बदलाव को लेकर बोर्ड ने 24 घंटे पूर्व किया आगाह

# 12वीं में सिर्फ एक विषय की परीक्षा दोबारा दे सकेंगे छात्र, 10वीं में पूरी परीक्षा ही दो बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर



सीबीएसई की 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं आज से प्रारंभ होंगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परीक्षा से लेकर मूल्यांकन प्रणाली तक कई बदलाव किए गए हैं। परिवर्तित नियमों को लेकर बोर्ड द्वारा पूरे सत्र अधिसूचना जारी की जाती रही है। परीक्षा से एक दिन पूर्व बोर्ड ने पुनः दिशा-निर्देश जारी करते हुए नए नियमों को लेकर छात्रों को आगाह किया है ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की दुविधा की स्थिति ना रहे। छात्रों और अभिभावकों के 12वीं पास करने के बाद अंक सुधार के विकल्प, इम्प्रूवमेंट फॉर्म संबंधित सवालों पर बोर्ड की ओर से स्थिति साफ कर दी गई है। बोर्ड के मुताबिक, अगर कोई छात्र 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद अपने नंबर बढ़ाना चाहता है, तो उसके पास दो विकल्प हैं। पहला विकल्प यह है कि मुख्य परीक्षा के बाद जुलाई 2026 में होने वाली सप्लीमेंट्री परीक्षा में शामिल हो। इसमें छात्र केवल एक विषय में ही सुधार कर सकता है। दूसरा विकल्प यह है कि अगर छात्र एक से ज्यादा विषयों में सुधार करना चाहता है, तो उसे अगले साल फरवरी में होने वाली मुख्य बोर्ड परीक्षा में फिर से बैठना होगा। यानी एक से अधिक विषयों में सुधार का मौका केवल मुख्य परीक्षा में ही मिलेगा। 12वीं के छात्रों के लिए सुधार का मौका सीमित है, इसलिए छात्र मुख्य परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करें।

### 15 जुलाई को होगा इम्प्रूवमेंट परीक्षा

12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इम्प्रूवमेंट परीक्षा 15 जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है। बोर्ड ने बताया है कि रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र इम्प्रूवमेंट या कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। रिजल्ट मई 2026 में जारी होने की संभावना है। उसी समय सीबीएसई एक डिटेल्ड सर्कुलर जारी करेगा, जिसमें आवेदन प्रक्रिया और तारीखों की जानकारी दी जाएगी।
छात्रों के प्रतिशत निकाले जाने संबंधित सवाल को लेकर भी सीबीएसई ने स्थिति साफ की है। बोर्ड ने कहा है, सीबीएसई केवल मार्कशीट में अंक देता है, प्रतिशत नहीं निकालता। प्रतिशत का कैल्कुलेशन संबंधित कॉलेज, विश्वविद्यालय या नौकरी देने वाली संस्था अपने नियमों के अनुसार करती है। यानी प्रतिशत निकालने का तरीका अलग-अलग संस्थानों पर निर्भर करता है।

### दस दिनों के अंतराल में करना होगा आवेदन

दरअसल, बोर्ड ने साफ किया है कि दो बार परीक्षा देने की सुविधा केवल 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए है। 12वीं कक्षा में 'दो बार बोर्ड परीक्षा का सिस्टम' लागू नहीं किया गया है। 12वीं के छात्रों के लिए सुधार का विकल्प सीमित है। नई पॉलिसी के अनुसार, 10वीं के छात्रों के लिए दूसरी बोर्ड परीक्षा ही इम्प्रूवमेंट परीक्षा मानी जाएगी। मुख्य परीक्षा खत्म होने के बाद छात्रों को लगभग 10 दिनों का समय दिया जाएगा, जिसमें वे अपने पहले एग्जाम के प्रदर्शन का अंदाजा लगाकर दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। जब पहले एग्जाम का रिजल्ट घोषित हो जाएगा, तब भी छात्र अपने वास्तविक अंकों के आधार पर दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दूसरे चरण में जिन छात्रों ने आवेदन किया होगा, उन्हें निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। केवल फीस जमा करने वाले छात्र ही दूसरी परीक्षा में बैठ पाएंगे।

# कभी पृथ्वी की तरह हरा-भरा हुआ करता था मंगल, फिर कैसे हो गया सूखा बंजर



**वॉशिंगटन।** हमारी पृथ्वी का पड़ोसी ग्रह मंगल कभी धरती की तरह हरा-भरा हुआ करता था। फिर वह सूखा बंजर कैसे होता चला गया? अब मंगल पर हुई लेटेस्ट रिसर्च ने इसका राज खोल दिया है। दुनिया भर के वैज्ञानिक पिछले कई दशकों से इस बात की खोज में लगे हैं कि मंगल ग्रह पर मौजूद आखिर कहां चला गया। लेकिन, उन्हें अब तक इसका सटीक जवाब नहीं मिल पाया था। लेकिन, अब लगता है कि इस राज से पर्दा उठने लगा है। वैज्ञानिकों को मंगल ग्रह से पानी के गायब होने के पीछे रॉकेट तूफान का पता चला है। यह तेज धूल से भरी ऐसी भयानक आंधियां होती हैं, जो किसी लिफ्ट की तरह काम करती हैं। ये जमीन से पानी को भाप बनाकर पहले ऊपर उठाती हैं। इसके बाद उसे वायुमंडल में ले जाती हैं, जहां वह हमेशा के लिए खत्म हो जाता है।

### रॉकेट तूफान की वजह से पानी हो गया गायब

रिपोर्ट के मुताबिक, मंगल ग्रह पर तीन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यानों रिसर्च कर रहे हैं। उन्होंने पर्सिवियरेंस और क्यूरियोसिटी जैसे रोवर्स के जरिए मंगल ग्रह के धरातल के सैंपल इकट्ठे किए. इसके बाद उन सैंपल का डेटा जांचा गया तो पता चला कि मंगल शुरू से बिना पानी का ग्रह नहीं था। बल्कि, वह भी पानी की मौजूदगी की वजह से पृथ्वी की तरह हरा-भरा था। लेकिन, फिर प्राकृतिक रूप से घटित रॉकेट तूफान की वजह से उसका पानी हमेशा के लिए गायब होता चला गया।



### अंतरिक्ष में गुम होता जा रहा है पानी

अपने रिसर्च में वैज्ञानिकों ने पाया कि मंगल ग्रह की आकृति अंडाकार है और उसका वायुमंडल बेहद पतला है। इसकी वजह से वहां पर मौसम की स्थितियां काफी उथल-पुथल भरी होती हैं। इसी वजह से जब सौर किरणों की वजह से पानी भाप बनकर ऊपर उठता है तो पतला वायुमंडल उसे रोक नहीं पाता और वह पानी हाइड्रोजन के रूप में अंतरिक्ष में गुम हो जाता है।


### धूल के तूफान से वायु मंडल हो जाता है गर्म

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने अपने शोध में पाया कि मंगल ग्रह पर अक्सर आने वाले धूल के तूफान उसके पतले वायु मंडल को करीब 15 डिग्री सेल्सियस तक गर्म कर देते हैं। इतनी गर्मी की वजह से भाप बना हुआ पानी और ऊपर उठ जाता है ऊपरी वायुमंडल में धकेल दिया जाता है।

### अल्ट्रावॉयलेट किरणों से सुरक्षा नहीं मिलती

वहां पर उन्हें अल्ट्रावॉयलेट किरणों से सुरक्षा नहीं मिलती। जिसकी वजह से अणु टूट जाते हैं और भाप के रूप में मौजूद हाइड्रोजन को धूल भरी गर्म हवाएं बहाकर अंतरिक्ष में ले जाते हैं। अपने रिसर्च में वैज्ञानिक यह जानकर हैरान रह गए कि इसी खास पहेली की वजह से मंगल ग्रह लाखों-करोड़ों वर्षों से अपने पानी को हर साल खो रहा है। जिसके चलते कभी गहरे महासागरों से ढका रहने वाला यह ग्रह आज सूखा बंजर बनकर रह गया है।

## रोचक खबरें





### 66 साल बाद बर्फ से निकला वैज्ञानिक का शव! अंटार्कटिका में हुए थे लापता

**लंदन।** 66 सालों के लंबे इंतजार के बाद अंटार्कटिका में लापता हुए ब्रिटिश मौसम वैज्ञानिक डेनिस टिंक बेल का शरीर मिल गया है। वे मौसम की जानकारी देने वाले एक ब्रिटिश वैज्ञानिक थे जो अंटार्कटिका में काम करने के दौरान बर्फ की गहरी दरार में गिरकर लापता हो गए थे। जनवरी 2025 में पोलैंड के वैज्ञानिकों की एक टीम को डेनिस बेल का शव मिला। यह शव किंग जॉर्ज द्वीप पर पिघलते हुए ग्लेशियरों के बीच से निकाला गया था। बात साल 1959 की है जब डेनिस बेल सिर्फ 25 साल के थे। वे ब्रिटिश अंटार्कटिक टीम के साथ वहां काम कर रहे थे और एक दिन अपने साथी जेफ स्टोक्स के साथ सर्वे करते समय डेनिस अचानक बर्फ की एक बहुत गहरी और खतरनाक दरार में गिर गए। उनके साथी ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन रस्सी टूट गई वह कहीं खो गए। डेनिस बेल 1958 में एक वैज्ञानिक टीम के साथ अंटार्कटिका गए थे। उनका काम किंग जॉर्ज द्वीप की उन जगहों का नक्शा बनाना और सर्वे करना था, जहां पहले कोई नहीं गया था। 26 जुलाई 1959 को डेनिस और उनके साथी स्टोक्स ग्लेशियर का जायजा लेने निकले। वे अपनी टीम के बाकी लोगों से काफी आगे निकल चुके थे। रास्ते में बर्फ के बीच छिपी गहरी दरार थी जो धंस गई और वे उसमें गिर गए।

### मिस्र की कब्रों में मिला 'तमिल ब्राह्मी और संस्कृत' शिलालेख

**काहिरा।** मिस्र की मशहूर किंग्स वैली में एक खुदाई के दौरान 2 हजार साल पुराने 30 शिलालेख मिले हैं। जिसमें से 20 शिलालेखों पर तमिल भाषा में लेख लिखी हुई है, और शेष 10 पर संस्कृत भाषा के लेख लिखे हैं। जिसके बाद वैज्ञानिकों ने इसपर रिसर्च करना शुरू कर दिया है। मिस्र की वो रहस्यमयी किंग्स वैली, जहां फिरऔनों और राजाओं के ममीकृत शरीर हजारों सालों से दफन हैं, आज अचानक भारत के लिए चर्चा का केंद्र बन गई है। हाल ही में हुई एक पुरातात्विक खुदाई में यहां ऐसी चीज मिली है, जिसने इतिहास की किताबों को फिर से लिखने पर मजबूर कर दिया है। करीब दो हजार साल पुराने तमिल-ब्राह्मी, संस्कृत और प्राकृत भाषा के शिलालेखों ने यह साबित कर दिया है कि जब दुनिया संचार के साधनों के लिए संघर्ष कर रही थी, तब भारतीय व्यापारी ऊबड़-खाबड़ समुद्री रास्तों को पार कर मिस्र के पिरामिडों तक पहुंच चुके थे। आखिर कौन था वो सिकाई कोर्रान जिसका नाम मिस्र की कब्रों पर बार-बार लिखा मिला था। वैज्ञानिकों के मुताबिक, किंग्स वैली की छह चट्टानी कब्रों में करीब 30 शिलालेख मिले हैं। इनमें से 20 तमिली यानी तमिल-ब्राह्मी लिपि में हैं। बाकी 10 संस्कृत और प्राकृत में लिखे गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ये शिलालेख पहली से तीसरी सदी के बीच के हैं। इससे पता चलता है कि भारत के अलग-अलग हिस्सों से लोग उस दौर में मिस्र पहुंचते थे। उनका मुख्य उद्देश्य मसालों और कीमती सामान का व्यापार करना था।



# भारत की वो रहस्यमयी जगहें जिन्हें विज्ञान भी नहीं सुलझा पाया

नई दिल्ली। भारत में रहस्यों से भरी हुई कई जगहे हैं। कोई जगह भूतों, तो कोई अन्य वजहों से जानी जाती है। आखिर इन जगहों से जुड़ा रहस्या क्या है? इसका जवाब आज तक विज्ञान भी नहीं खोज पाया। भारत की इमारतें ना जाने कितने दशकों के इतिहास को संजोए बैठी हैं। भारत जितना ऐतिहासिक है, उतना रहस्यमय भी है। आज आपको देश की कुछ ऐसी ही रहस्यमयी जगहों के बारे में बताते हैं।



### दमस बीच

गुजरात के समुद्री तट पर स्थित दमस बीच भी रहस्य से भरा हुआ है। यहां पर हमेशा पर्यटक आते रहते हैं। पर्यटक इस बीच का जमकर लुत्फ उठाते हैं, लेकिन स्थानीय लोगों की बातें सुनने के बाद अच्छे-अच्छों की रूह कांप जाती है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस बीच पर अदृश्य ताकतें रहती हैं। सूर्य के अस्त होने के बाद इस बीच पर चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनाई देती हैं। किसी समय यहां कब्रें हुआ करती थीं।

### शापित गांव


राजस्थान के कुलधरा गांव की आबादी कभी 1500 हुआ करती थी, लेकिन एक दिन रातों रात सभी लोग गायब हो गए। तब से लेकर आज तक कोई उस गांव में नहीं बस पाया है। लोग दावा करते हैं कि यह गांव करीब 200 वर्षों से वीरान पड़ा है। यह गांव



जैसलमेर से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह गांव 1291 में पालीवाल पंडितों द्वारा बसाया गया था। एक दिन अचानक लोग रात में गायब हो गए, तब से ही इस गांव को भुतिया मान लिया गया। तब से ही लोग इस गांव को भुतिया कहते हैं। लेकिन, लोग कहां चले गए यह रहस्य आज तक बना हुआ है।

### डी.सूजा चॉल

डी.सूजा चॉल, महिम, मुंबई में स्थित है। दावा किया जाता है कि इस चॉल के आस-पास एक भूतनी की आत्मा भटकती है। यह करीब 25 साल पहले इसी चॉल में रहती थी। वह एक रात कुएं पर पानी भरने गई थी




गलती से कुएं में गिर गई और मर गई। फिलहाल अब यह कुआं बंद कर दिया गया है। लोगों का दावा है कि तब से ही उसकी आत्मा चॉल में भटक रही है।

### दिल्ली कैंट

दिल्ली कैंट से जाने वाले लोग अजीबो-गरीब दावा करते हैं। उन लोगों का दावा है कि यहां से जाने पर सफेद साड़ी पहने एक लड़की दिखाई देती है और वो लोगों से लिफ्ट मांगती है। अगर कोई लिफ्ट नहीं देता है, तो वह उसके पीछे दौड़ती है।

### जी.पी ब्लाक

मेरठ के इस इलाके के बारे में कई रहस्य हैं। बताया जाता है कि यहां लाल रंग की साड़ी पहनकर एक औरत कभी बिल्डिंग के ऊपर तो कभी बिल्डिंग से बाहर आते हुए दिखती है। कुछ लोगों का दावा है कि यहां चार लड़कों को घर में टेबल पर बीयर पीते भी देखा गया है। इन अजीबो-गरीब घटनाओं की वजह से लोगों ने अब इसके अंदर नहीं जाते हैं।



# दुनिया का सबसे बड़ा पत्ता जिसमें छिप जाए आदमी

**ब्रासीलिया।** क्या आपको मालूम है कि किस पेड़ का पत्ता दुनिया में सबसे बड़ा होता है। इतना लंबा चौड़ा कि उसके पीछे पूरा एक आदमी छिप ही जाए। इसी तरह से एक पत्ता ऐसा भी होता है, जिसकी लंबाई 20 मीटर से 25 मीटर तक चली जाती है। एक पत्ता ऐसा कांटे वाला होता है कि बुरी तरह घाव कर दे। एक बुरी तरह गंध वाली पत्ती होती है -कीड़े मकौडे. उसके पास फटकते भी नहीं. ...और एक मांसखोर पत्ता भी...। ये अमेजन के जंगलों के एक पेड़ पर लगता है। ये ब्राजील के अमेज़न में पाया जाता है। माना जाता है कि ये कोकोलोबा गिगांटिफोलिया नाम के वृक्ष की प्रजाति का पत्ता है। इसके विशाल पत्ते 2.5 मीटर (8 फीट) तक लंबे हो सकते हैं तो कम से कम एक से दो मीटर चौड़ा। हालांकि ये दुर्लभ पेड़ है। इसकी प्रजाति को बचाने में वैज्ञानिक लगे हुए हैं।



20 मीटर से 25 मीटर तक चली जाती है लंबाई

### 9 मंज़िला इमारत जितना लंबा हो सकता है

आप आइए आपको एक पत्ते के बारे में बताते हैं जो 20-25 मीटर तक ऊंचा हो सकता है और इसे दुनिया का सबसे लंबा पाम पत्ता कहते हैं। इसके पत्ते पृथ्वी पर जमीन पर होने वाले किसी पेड़ के सबसे बड़े और लंबे पत्ते माने जाते हैं। ये 3-4 मीटर तक चौड़ा। यानी एक पत्ता लगभग 8–9 मंज़िला इमारत जितना लंबा हो सकता है। ध्यान दें ये एक पत्ता ही होता है, कई पत्तियों का गुच्छा नहीं. ये मध्य अफ्रीका में पाया जाता है। इससे रस्सियां, छप्पर, चटाइयां बनती हैं। स्थानीय लोग इससे झोपड़ी की पूरी छत ढक देते हैं। एक ही पत्ता काफी होता है। इस पेड़ को साइंस की भाषा में राफिया रेंगालिज कहा जाता है।

# 50 फीट की छलांग और बर्फ में हो जाता है गायब!

**नई दिल्ली।** हिम तेंदुआ, जिसे 'पहाड़ों का भूत' या घोस्ट ऑफ द माउंटेंस भी कहा जाता है, मध्य और दक्षिण एशिया के ऊंचे पहाड़ों का निवासी है। यह दुर्लभ और सुंदर 'बिग कैट' अपनी शातिर क्षमता और ठंडे वातावरण में जीवित रहने की अनोखी अनुकूलन क्षमता के लिए जानी जाती है। हिम तेंदुआ खूबसूरत, लेकिन मायावी जानवर माना जाता है। दरअसल, यह इतना चालाकी से छिप जाता है कि उसे देख पाना लगभग नामुमकिन होता है। उसके धुएं जैसे भूरे-सफेद फर पर गहरे धब्बे और रोसेट निशान होते हैं, जो बर्फीली चट्टानों और खड़ी ढलानों में पूरी तरह घुलमिल जाते हैं। बर्फ में सफेद फर के कारण वह और भी अदृश्य हो जाता है। ये जानवर ऊंचे पहाड़ों में रहते हैं, जहां इंसान बहुत कम पहुंचते हैं। हालांकि, आईयूसीएन रेड लिस्ट में इसे वर्तमान में संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है, जहां इसकी आबादी में कमी जारी है।

### हिम तेंदुआ को कहा जाता है पहाड़ों का भूत



### पहाड़ों का सबसे फुर्तीला शिकारी

हिम तेंदुआ पहाड़ों का सबसे फुर्तीला शिकारी है। जानकारी के अनुसार, यह एक छलांग में 50 फीट तक कूद सकता है, जो बहुत ऊंची चोटियों और खड़ी चट्टानों पर शिकार पकड़ने में मदद करता है। अपने शक्तिशाली पिछले पैरों की वजह से वह तेजी से आगे बढ़ता है और संतुलन के लिए लंबी पूंछ का इस्तेमाल करता है। एक ही जगह खड़े होकर यह 30 फीट और सीधी छलांग में 20 फीट तक कूद सकता है। यह तेज और चालाक शिकारी होता है।

### 12 सेमी मोटा फर उन्हें ठंड से बचाता

सर्दियों में फर घना और लंबा हो जाता है, पेट पर 12 सेमी तक मोटा फर होता है, जो उन्हें ठंड से बचाता है। हिम तेंदुए के सिर, गर्दन और पैर काले धब्बों से ढके होते हैं, आंखें हल्के हरे या भूरे रंग की होती हैं और छोटे, गोल कान होते हैं। इनकी मजबूत छाती, लंबे पैर और बड़े पंजे बर्फ में आसानी से चलने में मदद करते हैं। सबसे खास इसकी लंबी पूंछ होती है। यह खड़ी ढलानों पर संतुलन बनाए रखने और ठंड में खुद को लपेटकर गर्म रखने में भी मददगार होती है।

# कब्र में मिला 3,300 साल पुराना सैंडल, जांच में खुले कई राज

**काहिरा।** 1922 में इजिप्ट के एक ऐसे राजा की कब्र मिली थी, जिसकी मौत मात्र 17 साल की उम्र में हो गई थी। तूतनखामुन की कब्र से सोना, जानवरों की हड्डियों सहित पांच हजार से अधिक चीजें मिली थी। इस कब्र से मिली चीजों में शामिल थी सैंडल, जिससे कई राज खुले। मिस्र के इतिहास में तूतनखामुन का नाम आज भी सबसे चर्चित है। मात्र 17 साल की उम्र में मरने वाले इस युवा फारारो की कब्र 1922 में ब्रिटिश पुरातत्वविद् हॉवर्ड कार्टर ने खोजी थी। इस कब्र से 5,000 से ज्यादा कीमती वस्तुएं मिलीं, जिनमें सोने का डेथ मास्क, जानवरों की मूर्तियां, हड्डियां और दर्जनों जोड़ी चप्पलें शामिल थी। लेकिन, इनमें से एक जोड़ी सैंडल ने सबको चौंका दिया है। इनकी तलवों पर दुश्मनों की तस्वीरें बनी हैं, जो फारारो के पैरों तले कुचली जा रही हैं! ये सैंडल लकड़ी की बनी हैं, जिन पर छाल, हरे चमड़े और गोल्ड फॉइल की परत चढ़ी है। सफेद पेंट के ऊपर ये डिजाइन बनाया गया था। सबसे शॉकिंग हिस्सा है इनकी तलवें। इसमें राजा कैदियों के ऊपर चलते नजर आया।



### दिखी ऐसी पेंटिंग

चप्पल में एशियाई और अफ्रीकी या कैदियों की तस्वीरें नजर आई, जो बंधे हुए लेटे हैं। एक सैंडल पर एशियाई कैदी और दूसरी पर अफ्रीकी कैदी, दोनों के हाथ पीछे बंधे हैं। इनके बीच में लोटस (उत्तर मिस्र का प्रतीक) और पेपिरस (दक्षिण मिस्र का प्रतीक) से बंधे हुए दिखाए गए हैं। प्रत्येक सैंडल पर आठ 'बो' हथियार बने हैं। चार पैर की उंगलियों के पास और चार एड़ी के पास. पट्टा भी बो के आकार का है, जिससे कुल नौ बो बन जाते हैं। प्राचीन मिस्र में 'नाइन बो'ज' दुश्मनों का सामूहिक प्रतीक था। नौ दिशाओं या नौ प्रमुख दुश्मन समूहों का. हर कदम पर फारारो इन दुश्मनों को कुचल रहा था, जो उसकी सर्वोच्चता और मिस्र की ताकत का सिंबल था।

### था ऐसा मैसेज

ये सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि राजनीतिक और धार्मिक मैसेज था– फारारो जहां भी जाता, दुश्मन उसके पैरों तले होते! ये सैंडल कैरो के इजिप्शियन म्यूजियम में प्रदर्शित हैं। म्यूजियम की इंफॉर्मेशन कार्ड पर लिखा है कि बंधे कैदी फारो की शक्ति का प्रतीक हैं, और नाइन बोज ऐसे रखे गए हैं कि राजा के पैर हमेशा उन पर पड़ें, जिससे दुश्मनों का कुचलना साकार होता है। हॉवर्ड कार्टर की मूल ऑब्जेक्ट कार्ड के अनुसार, ये सैंडल 11.2 x 3.6 इंच की हैं, यानी अमेरिकी साइज में लगभग 11.5. इन्हें कब्र में एक टोकरी के नीचे पाया गया था, लेकिन पुरानी लूटपाट और चीजों के हिलने-डुलने से मूल जगह शायद बदल गई हो। तूतनखामुन 18वीं डायनेस्टी का 11वां फारारो था। जन्म नाम तूतनखातेन था, जो 1341 ईसा पूर्व के आसपास हुआ था। 8-9 साल की उम्र में उसे सिंहासन मिला था। उसके पिता अखेनातेन क्रांतिकारी फारारो थे, जिन्होंने एकेश्वरवाद लाया था। तूतनखामुन ने नाम बदलकर पुरानी परंपराओं को बहाल किया। उसकी पत्नी आंखेसेनामुन उसकी सौतेली बहन थी। दोनों की जुड़वां बेटियां मृत पैदा हुईं, जिनकी ममी कब्र में जार में मिली. मौत के कारणों पर बहस है – मलेरिया, कोहलर डिजीज (पैर की हड्डी की बीमारी), हत्या या शिकार हादसा. 2010 की स्टडी में मलेरिया और पैर की समस्या पाई गई। कब्र में कई छड़ियां मिलीं, जो चलने में दिक्कत दिखाती हैं। कब्र में ममी के पैरों में गोल्ड सैंडल और टो कवर थे, लेकिन ये खास सैंडल पहने गए थे या सिर्फ प्रतीकात्मक, ये स्पष्ट नहीं है।

# सिर्फ राजा पहनते थे इस धागे के कपड़े, समुद्र में होता था पैदा, 2000 साल बाद लौटा!

सियोल। आपने कई तरह की कीमती फैब्रिक देखी-सुनी होगी। लेकिन, हजारों साल पहले एक ऐसा सिल्क पाया जाता था, जो रेशम के कीड़े से नहीं, बल्कि समुद्र की गहराइयों में पाया जाता था। सोने-सी चमक वाला ये सिल्क दो हजार साल बाद फिर से मार्केट में देखने को मिल रहा है। समुद्र की गहराइयों से निकला सोने जैसा चमकदार रेशम! यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि एक प्राचीन वास्तविकता है जो अब 2000 साल बाद फिर से जीवित हो रही है। प्राचीन काल में यह सी सिल्क या समुद्री रेशम सिर्फ राजा-महाराजाओं, सम्राटों और पोप के लिए आरक्षित था। इसमें कोई डाई नहीं, कोई केमिकल नहीं था। बस प्राकृतिक सुनहरी चमक जो समुद्र के एक खास शेलफिश से आती थी। अब दक्षिण कोरियाई वैज्ञानिकों ने इसे दोबारा बनाकर दुनिया को चौंका दिया है।

**बेहद कीमती फैब्रिक हो गया था गायब**

### सी सिल्क क्या है?

यह बाइसस थ्रेड्स से बनता है। ये वो महीन, मजबूत धागे होते हैं जो कुछ खास शेलफिश (मसल्स या क्लैम) समुद्र की चट्टानों से चिपकने के लिए निकालते हैं। मुख्य रूप से मेडिटेरेनियन क्षेत्र में पाए जाने वाले पिन्ना नोबिलिस नामक बड़ी क्लैम से ये धागे इकट्ठा किए जाते थे। इन धागों को साफ करके, स्पिन करके और बुनकर अल्ट्रा-लक्जरी कपड़े बनाए जाते थे। यह रेशम से भी ज्यादा हल्का, गर्म और टिकाऊ होता था। सबसे खास बात ये थी कि इसकी सुनहरी चमक फाइबर की संरचना से आती थी, जो 1000 सालों तक फीकी नहीं पड़ती थी।

### मात्र राजाओं के लिए बनते थे कपड़े

रोमन साम्राज्य में इसे 'गोल्डन फाइबर ऑफ द सी' कहा जाता था। यह इतना दुर्लभ था कि एक छोटा सा टुकड़ा बनाने में महीनों लग जाते थे और सैकड़ों डाइव्स की जरूरत पड़ती थी। प्राचीन इतिहास में इसका जिक्र मिलता है। रोमन लेखकों ने ऐसे कपड़ों का वर्णन किया है, जो सूरज की रोशनी में सोने की तरह चमकते थे। कुछ इतिहासकार मानते हैं कि ग्रीक मिथक 'गोल्डन फ्लीस' भी इसी से प्रेरित हो सकता है।



मेडिटेरेनियन के आसपास की कम्युनिटीज, खासकर सार्डिनिया और इटली में, यह कला पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही थी। लेकिन, 20वीं सदी में प्रदूषण, क्लाइमेट चेंज, ओवरहार्वेस्टिंग और पैरासाइट से पिन्ना नोबिलिस की संख्या तेजी से घटी। 1990 के दशक में यूरोपियन यूनियन ने इसके हार्वेस्ट पर बैन लगा दिया। 2019 में इसे एंडेंजर्ड स्पीशीज घोषित किया गया। इसका नतीजा हुआ कि यह कला लगभग विलुप्त हो गई। सिर्फ कुछ लोग, जैसे सार्डिनिया की चियारा विगो, जो दुनिया की आखिरी मास्टर ऑफ बाइसस मानी जाती हैं, इसे जिंदा रख पाई। लेकिन, वे भी इसे बेचती नहीं, सिर्फ गिफ्ट करती हैं।

### अब हुआ कमबैक

दक्षिण कोरिया के पोहांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर डॉन्ग सू ह्वांग और जिमिन चोई की टीम ने एक सस्टेनेबल तरीका ढूंढ निकाला है। उन्होंने पिन्ना नोबिलिस की जगह कोरिया के तटों पर बड़े पैमाने पर फार्म की जाने वाली एट्रीना पेक्टिनाटा (पेन शेल) का इस्तेमाल किया। यह क्लैम फूड के लिए उगाई जाती है और इसके बाइसस थ्रेड्स को वेस्ट के रूप में फेंक दिया जाता था। वैज्ञानिकों ने इन थ्रेड्स को प्रोसेस करके वही प्राचीन तरीके से स्पिन किया। समुद्री पानी से धोया, सुखाया और बुनाई की। इसका नतीजा? बिल्कुल वैसा ही सुनहरा फाइबर, जो चमकदार, मजबूत और फेड-रेजिस्टेंट है।

# इबादत और रहमतों का महीना रमज़ान की तैयारियाँ तेज

**जबलपुर।** पाक माह रमजान मुबारक की आमद के मद्देनज़र शहर में तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत, मौलाना, डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी ने अपने बयान में बताया कि आगामी 18 फरवरी, मुताबिक 29 शाअबान, को रमज़ान शरीफ का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। चाँद दिखाई देते ही रोज़ों एवं तरावीह जिसमें हाफिज़ साहिबान पवित्र कुरान शरीफ का मुखाग्र पाठ करते हैं और यही सिलसिला एक महीने के लिए शुरू हो जाएगा।



### प्रशासन से विशेष व्यवस्थाओं की अपील

मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश और मुस्लिम इस्लाह कमेटी के वरिष्ठ समाज सेवी हाजी क़दीर सोनी, हाजी भूरे पहलवान, हाजी शेख जमील नियाज़ी, सरदार हामिद हुसैन, हाजी सरदार अब्दुल हकीम बाबा, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, शमीम अंसारी गुड्डू, नियाज़ मंसूरी, एजाज़ उस्मानी ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगर निगम से अपील की है कि मस्जिदों के आसपास और मुस्लिम बस्तियों में साफ-सफाई, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम सुनिश्चित किए जाएँ। उन्होंने कहा कि रमज़ान इबादत, सब्र, रहमत और मग़फिरत का महीना है, इसलिए आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। प्रशासन से अपील की है कि मस्जिदों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए तथा सेहरी और अफ़्तार के समय बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### इबादत, सेहरी और अफ़्तार की रौनक

रमज़ान के दौरान अलसुबह सेहरी के साथ रोज़े की शुरुआत होती है। दिनभर रोज़दार सब्र और इबादत में वक्त गुज़ारते हैं। शाम को नमाज़-ए-मग़रिब के वक्त अफ़्तार किया जाता है, जिसमें खजूर, फल, शर्बत और पारंपरिक व्यंजन शामिल रहते हैं। मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ का भी विशेष एहतमाम होता है।

रमज़ान के आगमन से मुस्लिम बस्तियों में रौनक बढ़ने लगी है। मस्जिदों और घरों में साफ-सफाई, रोशनी और सजावट का काम जारी है। बाजारों में भी खजूर, सेवइयां, फलों और अन्य जरूरी सामान की खरीददारी शुरू हो गई है। रमजान का यह मुकद्दस महीना इबादत के साथ-साथ इंसानियत, सब्र, त्याग और आपसी मोहब्बत का पैग़ाम लेकर आता है।

## टोल टैक्स समाप्त करे सरकार: पांधे

**जबलपुर।** मप्र कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे ने मप्र की मोहन यादव सरकार से मांग की है कि जिस तरह पंजाब सरकार ने प्रदेश में टोल टैक्स समाप्त कर आम जनता एवं ट्रांसपोर्टर्स को राहत प्रदान की है उसी तरह मध्य प्रदेश सरकार भी ट्रांसपोर्टर्स एवं आम जनता को टोल टैक्स समाप्त कर राहत प्रदान करें। परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे ने कहा कि डीजल पर सड़के बनाने हेतु पहले ही केंद्र सरकार 8 रुपये प्रति लीटर उपकर ट्रांसपोर्टर्स से वसूल रही है एवं मप्र प्रदेश सरकार 19 फीसद वैट एवं डेढ़ रुपये प्रति लीटर एवं 1 फीसद सेस भी वसूल रही है, इन सबके बावजूद रोड टैक्स भी मप्र सरकार ट्रांसपोर्टर्स से वसूल रही है। इतने सबके बाद सड़क बनाकर उस पर टोल टैक्स वसूलना ट्रांसपोर्टर्स को एवं आम जनता को अवैध वसूली जैसा प्रतीत होता है। पांधे ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार को पंजाब सरकार द्वारा उठाए एक अच्छे कदम का अनुसरण करना चाहिए एवं मप्र में टोल टैक्स को समाप्त करना चाहिए नहीं तो सड़क निर्माण संबंधित सभी प्रकार के टैक्स उपकर समाप्त करन चाहिए।

## शराब पीने रूपए नहीं देने पर पीटा

**जबलपुर।** गढ़ा थानान्तर्गत कल दोपहर लगभग 2 बजे गढ़ा बाजार में अपने साथी के साथ पूजा का सामान लेने गये किशोर को उसके घर के समीप मोहल्ले के दो युवकों ने रोककर शराब पीने एक हजार रूपए मांगे। मना करने पर आरोपियों ने किशोर के साथ हाथपायी कर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान चाकू से वार से बचने की कोशिश करते समय किशोर की गदेली में चोट आयी है। गढ़ा पुलिस ने बताया कि सूफाताल आजाद नगर निवासी सुमेश रजक कल दोपहर लगभग दो बजे घर के सामने रहने वाले अपने दोस्त प्रेम के साथ पूजा का सामान लेने गढ़ा बाजार गया था। जहां से लौटते समय घर के समीप श्याम बर्मन व शहवाज खान खड़े मिले जो सोमेश को धमकाते हुए शराब पीने एक हजार रूपए मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने सोमेश के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की। इस दौरान श्याम बर्मन ने चाकू निकालकर सोमेश पर हमला बोल दिया। बीच बचाओ करने पर सोमेश के हाथ में चाकू लगने से वह घायल हो गया।

## दीक्षा समारोह में स्काउट एंड गाइड ने की शपथ ग्रहण



**जबलपुर।** होली क्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल में स्काउट एंड गाइड का दीक्षा समारोह बड़े ही गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. विजयकांत तिवारी उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोऑर्डिनेटर प्रोजेक्ट CLAP राहुल राजपूत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर एम. सेंगोल ने की। समारोह में स्काउट एवं गाइड के नए सदस्यों को विधिवत शपथ दिलाई गई तथा उन्हें अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई।इस कार्यक्रम की सफलता में स्काउट-गाइड की गाइड कैप्टन निर्मला एंथोनी मैडम, डॉमनिक दास सर, कब-बुलबुल प्रभारी शिक्षिका रिंटू बरुआ मैडम, लूर्ड मेरी मैडम तथा प्रियमवदा पाठक मैडम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और चरित्र निर्माण का महत्व बताया। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न

**जबलपुर।** पीडी अंजुमन इस्लामिया महिला महाविद्यालय गोहलपुर जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा ग्राम खजरी खिरिया बायपास चौक में 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर प्राचार्य डॉ. शबाना अंजुम के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रेशमा शेख के मार्गदर्शन तथा सहायक प्राध्यापक राशिदा तबस्सुम के सहयोग से आयोजित किया गया। इस सात दिवसीय शिविर का मूल उद्देश्य छात्राओं को समाज सेवा एवं विकास कार्यों में सक्रिय भागेदारी हेतु प्रेरित करना रहा।

## धर्म प्रभावना के लिए सम्मानित हुए दीपक राज जैन



**जबलपुर।** विगत चार दशकों से सर्वोदय अहिंसा की पवित्र भावना को लेकर जीव रक्षा, पर्यावरण संरक्षण के साथ सम्पूर्ण विश्व में परम पवित्र जिनधर्म की मंगल प्रभावना हेतु जिनशासन सेवक दीपक राज जैन को संस्कारधानी जबलपुर में हुए वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों सहित वेदी सूतन कर्ता रामडिम मूरी परिवार, विकास समैया खुरई, राकेश जैन रायसाव बांदा, पंकज जैन गंजबासौदा, राजेश जैन ग्यारसपुर, आभास जैन गुरैया, ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश समैया, शरद समैया पुखराज, सीए राहुल जैन, राजू परासिया, मनोज जैन मंटू कुंडा वाले, पं. संतोष जैन भाईजी, जतिन समैया, प्रियंक समैया, राजेश दिगंबर, भूपेंद्र जैन तारण टीवी ने उनका अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी। समाज सेवी दीपक राज जैन का कहना है कि यह सम्मान उनका नहीं अपितु जिनशासन की मंगल प्रभावना सहित सम्माननीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रिंट मीडिया का सम्मान है जो विगत चार दशकों से धर्म प्रभावना हेतु सहयोग कर रही है, जिसके लिए उन्होंने सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए आगे भी इसी तरह सहयोग करते रहने का अनुनय किया।



## महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर हुआ शिव मंदिर का पुनः लोकार्पण

**जबलपुर।** सदर स्थित महावीर कम्पाउण्ड में महावीर कम्पाउण्ड विकास समिति द्वारा महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिव मंदिर का भव्य पुनः लोकार्पण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह 11 बजे से शिव पूजन एवं अभिषेक हुआ, वहीं सायं 6 बजे से शिव भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी रहे। इसके साथ ही भजन संध्या में शिव-पार्वती विवाह, शिव मशान होली तथा राधाकृष्ण वृंदावन होली की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर महिला मंडल एवं दुर्गा उत्सव समिति का सम्मान भी किया गया।महाशिवरात्रि पर सायं 7 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। केंट के पूर्व पार्षद राजेन्द्र अजय पदम ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सीताराम कुरचानिया, अजय पदक, बच्चू परोंबी, चंदन, अनिल महावर, राजेश कुशवाहा, अजय जायसवाल, शिवकांत केशरवानी, संजय अग्रवाल, श्याम गुप्ता, रजक, अजय दिगोने, विनीत रजक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नुक्कड़ सभा से भिक्षु मुक्त शहर बनाने आम नागरिकों को किया जाग्रत




**जबलपुर।**

भिक्षु मुक्त शहर बनाने हेतु चलाए जा रहे 'दीनबंधु अभियान' की श्रृंखला में विजन जबलपुर के सभी सदस्यों के द्वारा नगर निगम जबलपुर, जिला प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से आज ग्रेनेडियर चौक से रामपुर तिराहे तक रैली निकालकर तथा नुक्कड़ सभा के माध्यम भिक्षु मुक्त शहर बनाने हेतु आम नागरिकों को जाग्रत किया गया तथा लोगों से भिक्षा के रूप में नकद पैसे न देने की अपील की गई।

आज के जागरूकता कार्यक्रम में विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सीएस राजपूत, कर्नल नारायण चंद दासपाल, डॉ. मकसूद चिश्ती, शिव यादव, विजय वानखेड़े, मधुकर अमृतकर, विजय सूर्यवंशी, विजय शंकर राय, रूपकुमार, राजेश मलिक, यशवंत राव, गुरदीप आहूजा, मलकीत सिंह, अरुण दुबे, गंगाराम सहित बड़ी संख्या में विजन जबलपुर संस्था के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।



## पूर्णाहुति-भंडारा से श्रीरुद्र महायज्ञ व श्रीशिव पुराण कथा ज्ञानयज्ञ का हुआ समापन

**जबलपुर।** सिद्धेश्वर धाम सिद्धकुंड आश्रम में 8 फरवरी से 16 फरवरी तक रुद्र महाअभिषेक यज्ञ और शिव महापुराण का आयोजन किया गया। सिद्धकुंड आश्रम में शोभापुर ब्रिज के पास 16 फरवरी को पूर्णाहुति, भंडारा एवं महिलाओं द्वारा सुहागल का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 350 महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर महंत स्वामी रामेश्वरानंद महाराज सिद्धेश्वर धाम, प्रीति शर्मा, किरण तिवारी, मीणा, रेखा, सुलोचना, रेनू तिवारी एवं सभी महिलाएं सुहागल में उपस्थित हुईं।

## आधारताल में शिव-पार्वती बारात धूमधाम से निकाली गई

**जबलपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नव शक्ति खेरमाई मंदिर विकास समिति निर्भय नगर अधारताल के द्वारा मंदिर परिसर से दोपहर 1:00 बजे भगवान शंकर-पार्वती की बारात धूमधाम से प्रारंभ हुई जो की निर्भय नगर, संजय नगर, पुनीत नगर, नेट कॉलोनी, अधारताल, बिरसा मुंडा चौक, कमला भंडार, कटरा मोड़, मालबाबा नेट कॉलोनी से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची जहां शिव-पार्वती जी का विवाह कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान शंकर-पार्वती बारात में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया, चमन पासी, सोनेलाल पटेल, राकेश श्रीवास्तव, सुबोध पहाड़िया, प्रदीप तिवारी, राजू चक्रवर्ती, संजय पांडे, संतोष लोधी, उदय अग्रवाल, मेवा कोरी सहित हजारों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुजन शामिल थे।

## डॉ. आम्बेडकर जनसेवा मंच की सभा संपन्न

**जबलपुर।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर जनसेवा मंच के सलाहकार मंत्री मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 15 फरवरी को हलवाई बादशाह मंदिर के पास रामसिपाही सेठ के निवास पर मंच की सभा संपन्न हुई। सभा के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी रहे। अध्यक्षता तुलसीराम चौधरी ने की, उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया। सभा का संचालन धर्मेन्द्र सतनामी ने किया। इस अवसर पर तुलसीम चौधरी, मनोज, कमल, शिव, ब्रजलाल चौधरी, रामबाई, सियाबाई, रामकली, चंदाबाई, द्रोपदीबाई, सीताबाई, श्यामाबाई, मीना चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।



## ओमकार कुटी में किया जा रहा मेले का आयोजन

**बरेला।** विगत अनेक वर्षों की परंपरा का पालन करते हुए नगर में ओमकार कुटी में महाशिवरात्रि के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया है । मेले में दूर-दूर से ग्रामीण क्षेत्र के लोग आते हैं तथा मेले का आनंद उठाते हैं। मेला आयोजन अर्जुन गिरी ने बताया कि पूर्वजों की परंपरा को कायम करते हुए वर्तमान में यह मेला उनके द्वारा भरवारा जा रहा है। कुटी में भगवान भोलेनाथ का प्रसिद्ध मंदिर है जिस पर दूर-दूर से आए ग्रामीण भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेते हैं। इस मेले में ग्रामीण क्षेत्र की झलक स्पष्ट देखने को मिलती है। मेले में खाने पीने कीसभी प्रकार की दुकानों सहित मनोरंजन की दुकानों का भी समावेश होता है।इस मेले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की संस्कृति का अनोखा मिलन भी होता है ।नगर में आयोजित इस मेले में दूर दूर से आए ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगर वासी जमकर आनंद ले रहे हैं। यह मेला अभी चलता रहेगा।

## पाथेय संस्था ने समारोहपूर्वक किया 27 कृतियों का विमोचन

### साहित्य सृजन है साधना




**जबलपुर।**

कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में अंबर स्वामी 'अनंत' गाडरवारा की तीन कृतियां, वंदना सोनी 'विनम्र' की बारह एवं विजय 'बेशर्म' की बारह इस तरह 27 कृतियों का विमोचन समारोह होटल समदड़िया इन रसल चौक में भव्यता से सम्पन्न हुआ। महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे मुख्य आतिथि रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव गाडरवारा ने की। सारस्वत अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक साहित्यकार डॉ. पी.एस. बिंद्रा भोपाल एवं डॉ. अरुण कुमार तिवारी प्राचार्य नवोदय विद्यालय ने 27 कृतियों को साहित्य की अमूल धरोहर बताया। अध्यक्षता कर रहे कुशलेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि साहित्य एक साधना है, यह साधना जीवन को प्रायोगिक रूप से समाज के सम्मुख जोड़ती है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हरिशंकर दुबे ने कृतियों के पौराणिक संदर्भ पर चर्चा करते हुए अहिल्या के तप और त्याग पर प्रकाश डाला। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने 27 कृतियों के मूल भाव पर समीक्षात्मक चर्चा की।समारोह में वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह प्रयागराज, सुरेश सोनी जबलपुर, हरीश कुमार कोरी गाडरवारा, अर्चना द्विवेदी को उनकी बहुआयामी उपलब्धियों के लिए राजेश सोनी, राजेंद्र मिश्रा, मनोज शुक्ला, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, गुप्तेश्वर गुप्त, गणेश प्यासा, संतोष नेमा, तरुणा खरे ने सम्मानित किया। समारोह का प्रारंभ साक्षी सोनी की वंदना से हुआ। इस अवसर पर मीना भट्ट सेवानिवृत्त जज, डॉ. अरुणा पांडे, सुशील श्रीवास्तव, गणेश प्यासा, संगम त्रिपाठी, मनोहर चौबे, डॉ. सलमा जमाल, डॉ. छाया सिंह, दीपक तिवारी, प्रभा विश्वकर्मा, तरुणा खरे, मीना पाठक, ज्योति प्यासी ने रचनाकार को अपनी-अपनी संस्थाओं से सम्मानित किया। समारोह में डॉ. श्रीनिवास मिश्र प्राचार्य नवोदय विद्यालय, दीपचंद विनोदिया, ध्यानसिंह कोरब, अमित सिंह, पोशराज अकेला, आरती श्रीवास्तव, बृज बिहारी सहित गणमान्यजन उपस्थित थे। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आभार यशोवर्धन पाठक ने व्यक्त किया।

राज्यपाल पटेल ने केरल के पार्षदों से कहा

# सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ करें समाज और राष्ट्र की सेवा

## मप्र सरकार के अनुकरणीय नवाचारों और भ्रमण के अनुभवों को अपने क्षेत्रों में लागू करें: पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से रविवार को लोकभवन में केरल राज्य के विभिन्न स्थानीय निकायों के पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने सभी का आत्मीय स्वागत कर परिचय प्राप्त किया। उनके क्षेत्र के राजनैतिक और प्रशासनिक नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि मप्र के भ्रमण पर आए केरल के जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा करें।

प्रदेश सरकार के अनुकरणीय नवाचारों और भ्रमण के अनुभवों को अपने क्षेत्रों में जनकल्याणकारी और विकासात्मक कार्यों में लागू करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी से स्थानीय शासन को और अधिक प्रभावी बनाएं। हमेशा गरीब, वंचितों और जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प का पालन करें। राज्यपाल पटेल से केरल के जनप्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश भ्रमण के अनुभव साझा किए। देश की स्वच्छतम राजधानी के रूप में भोपाल के सफ़ाई प्रबन्धन की सराहना की। प्रदेश के जल प्रबन्धन, स्मार्ट सिटी परियोजना, कचरा निस्तारण, सौर ऊर्जा आदि की चर्चा की। शिष्टाचार भेंट कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारी और प्रदेश में निवासरत मलयाली समाज के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।



केरल के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल पटेल से भेंट की।

## भाजपा फॉर विकसित केरलम कार्यक्रम के तहत केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने भोपाल एवं ग्वालियर का किया भ्रमण

भारतीय जनता पार्टी के भाजपा फॉर विकसित केरलम कार्यक्रम के तहत प्रवास के दूसरे दिन रविवार को भोपाल में 11 सदस्यीय और ग्वालियर में 13 सदस्यीय केरल के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर योजनाओं का अवलोकन किया। विधानसभा का भ्रमण करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों से विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मप्र के संगठन को बुलंदी तक पहुंचाया है। ग्वालियर में पहुंचे केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने रविवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के कमल सिंह का बाड़ा स्थित आवास पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने मोतीमहल, अत्याधुनिक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, जलविहार स्थित नगर निगम परिषद का अवलोकन कर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगर निगम के कार्यों की जानकारी प्राप्त की।



अरेरा कॉलोनी स्थित कचरा कैफे की कार्यपद्धति के बारे में भी जाना

## केरल के पार्षदों ने फिल्टर प्लांट और वाटर सप्लाई की प्रोसेस देखी, बड़ी झील में शिकारे का भी लिया आनंद

केरल के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों ने रविवार को स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियों एवं जलापूर्ति व्यवस्था का अवलोकन किया। प्रतिनिधि मंडल ने मनुआभान टेकरी स्थित 5 एमजीडी क्षमता के जलशोधन संयंत्र एवं अरेरा कॉलोनी 10 नंबर स्थित कचरा कैफे की कार्यपद्धति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और इनकी कार्यप्रणाली को समझा। इसके बाद शहर की बड़ी झील में केरल के दल के सदस्यों ने शिकारे का आनन्द लिया और भोपाल की झीलों, शैल-शिखरों सहित शहर की सुंदरता की सराहना भी की। जलशोधन संयंत्र पर मौजूद अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की, साथ ही भोपाल शहर की जलप्रदाय व्यवस्था की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने 10 मार्केट स्थित अपने प्रकार के अनोखे कचरा कैफे का भी अवलोकन किया।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ

# सम्राट विक्रमादित्य के सम्मान में स्थापित होगा सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अलंकरण सम्मान

## 21 लाख रुपए का राष्ट्रीय और 5-5 लाख रुपए के तीन राज्य स्तरीय सम्मान भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन ने सदियों से धर्म, ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति की ज्योति प्रज्ज्वलित की है। विरासत से विकास के इस प्रतीक के रूप मे ही उज्जैन में विक्रमोत्सव का सांस्कृतिक महापर्व आयोजित किया जा रहा है। यह केवल एक उत्सव नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता और ऐतिहासिक स्वाभिमान का विराट पर्व है। महान सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, सुशासन और लोक कल्याण की ऐसी परंपरा स्थापित की जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उज्जैन का सांस्कृतिक आध्यात्मिक और सामाजिक आयोजन - विक्रमोत्सव हमारी परंपरा को नई ऊर्जा देगा। प्रदेश भर में गांव, शहर, कस्बों तक विक्रमोत्सव का विस्तार करते हुए प्रदेश में हो रहे सभी शिवरात्रि मेलों को इस आयोजन से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिव और शक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि की उज्जैनवासियों को बधाई दी और रविवार को उज्जैन में विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ कर यह विचार व्यक्त किए।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन की कीर्ति का वैभव संपूर्ण विश्व में छाया था। सम्राट विक्रमादित्य का दरबार नवरत्नों से संपन्न था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने और उनके शौर्य, न्याय तथा प्रजावत्सल आदर्शों को अमर बनाने के लिए उनकी स्मृति में एक करोड़ एक लाख रुपए का सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय अलंकरण सम्मान स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 21 लाख रुपए का राष्ट्रीय सम्मान और 5-5 लाख रुपए की तीन राज्य स्तरीय सम्मान भी स्थापित करने की घोषणा की। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2024 के विक्रमोत्सव को एशिया का बिगेस्ट रिलीजियस फेस्टिवल अवॉर्ड मिला।

### अब हर वर्ष उज्जैन में होगा वन मेले का आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सभी क्षेत्रों में विकास के नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं। उज्जैन में आयोजित विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेला इस तथ्य का परिचायक है। इन आयोजनों से नगर निगम सहित स्थानीय संस्थाओं की आय बढ़ाने ओर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिली है। डॉ. यादव ने रविवार को उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला-2026 का शुभारंभ उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर दीप प्रज्वलन कर किया। डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की नगरी अवंतिका विकास के नए कीर्तिमान बना रही है। व्यापार, व्यवसाय में बाबा श्री महाकाल की नगरी तेजी से प्रगति कर रही है। विक्रम व्यापार मेले का आयोजन तीसरी बार किया जा रहा है। व्यापार मेले से जिले और आस पास के क्षेत्र में आर्थिक प्रगति हुई है।

अद्भुत धाम है नवग्रह शक्तिपीठ

## मुख्यमंत्री डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने नवग्रह मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि डबरा में निर्मित यह नवग्रह शक्तिपीठ एक अद्भुत धाम है। उन्होंने कहा कि आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डबरा के शक्तिपीठ में उपस्थित होना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्र ने इस नवग्रह शक्तिपीठ का निर्माण कर अद्भुत और प्रेरणादायी संकल्प को साकार किया है। मुख्यमंत्री ने कुमार विश्वास का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन पर मां सरस्वती की कृपा सदैव बरसती है। वे समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के स्वयंवर के समय विराट रूप के दर्शन करवाए गए, जिसके साक्षी दुनिया के अनेक शासक भी थे।



नवग्रह के दर्शन करते सीएम।

### संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात: डॉ. मिश्रा

*पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डबरा में इस प्रकल्प के पूर्ण होने और संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात है।*



### मुख्यमंत्री ने सपत्नीक महाशिवरात्रि पर्व पर श्री महाकाल के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में दर्शन पूजन में सहभागिता की और श्री महाकाल बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर समिति ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और शिव तत्व से जुड़ने का अवसर है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। पूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं से संवाद किया और मंदिर परिसर में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक तरफा प्रेम में पागल युवक ने प्रेमिका पर किया कटर से हमला

**भिलाई।** नेवई थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पर्व पर घर आई एक महिला पर उसी के मोहल्ले के एक युवक ने कटर से हमला कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे बालोद से गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक महिला से एकतरफा प्यार करता था और लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था। वर्ष 2023 में महिला की शादी होने के बाद से आरोपी लगातार उससे बात करने का दबाव बना रहा था, जिसे महिला मना करती आई थी।

क्लासीफाईड

आवश्यकता है

आपके अपने क्षेत्र के ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक शॉप, जनरल स्टोर, मेडिकल स्टोर में Alfa Youth Brand के पर्सनल केयर (कॉस्मेटिक) बेबी डायपर, सैनेटरी पैड की मार्केटिंग, सेलिंग हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। पेमेंट 26000 से 34000

Whatsapp Only
9098427938 (39948)




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

महाशिवरात्रि मेला: प्रशासन की मुस्तैदी से सुगम हुई चौरागढ़ की कठिन डगर

# दुर्गम पहाड़ियों पर गूंजा हर-हर महादेव, लाखों भक्तों ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। ऊंचे पहाड़, घने जंगल और दुर्गम रास्तों की परवाह किए बिना लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए उमड़ पड़े हैं। सुप्रसिद्ध चौरागढ़ महादेव मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं, जो रात-दिन सतत रूप से आगे बढ़ रही हैं। 06 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए बड़ा सहारा बन रही है। दुर्गम चढ़ाई के कारण श्रद्धालुओं को होने वाली शारीरिक समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है।



### देवदूत बनकर उभरा प्रबंधन दल

*अधिकांश श्रद्धालु थकान, बदन दर्द, सांस लेने में तकलीफ और डिहाइड्रेशन की शिकायत लेकर पहुंचे। कैंपों में ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर और जीवनरक्षक दवाइयों के साथ डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात है। गंभीर मरीजों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिए पचमढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। छिंदवाड़ा के रवि जथुराया को चोट लगने पर तत्काल उपचार दिलाया गया। वहीं, अमरावती के बबनराव चांदने को एनडीआरएफ की टीम ने चौरागढ़ की पहाड़ियों से सुरक्षित रेस्क्यू कर अस्पताल पहुँचाया।ऑक्सीजन सपोर्ट: ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे एक बुजुर्ग श्रद्धालु को भी टीम ने त्वरित सहायता प्रदान कर अस्पताल रेफर किया।खोया-पाया केंद्र के प्रयासों से 6 वर्षीय बालक नित्य को उसके पिता अनूप रत्न से सुरक्षित मिलवाया गया, जिससे परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।*

## शब्द पहेली - 6141



**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -6140 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6151

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6150 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



वर्किंग वूमेन की घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच बैलेंस की बात खूब होती है। यही समझा जाता है वर्किंग वूमेन की तुलना में हाउस वाइफ की जिंदगी आसान है, जबकि इनकी जिंदगी में भी चैलेंज होते हैं। रोज घर के कामों की लंबी फेहरिस्त, घर के हर सदस्य का ध्यान, रिश्तों का निर्वाह, इन सब के बीच बैलेंस की जरूरत होती है। हम यह क्यों नहीं समझते, हाउस वाइफ को भी 'मी टाइम' चाहिए, जो उसके मेंटल के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ के लिए भी बहुत जरूरी है।

# होम लाइफ बैलेंस भी है जरूरी

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बात जब वर्क लाइफ बैलेंस की हो तो कई पहलुओं पर सोचना जरूरी है। वर्किंग वूमेन, घर और वर्किंग रिस्पांसिबिलिटीज की भाग-दौड़ के बीच कैसे अपने लिए समय निकालें? किस तरह खुद को आराम दें? जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कौन से तरीके अपनाएं? जैसी बातों का खूब जिक्र होता है और फिक्र भी। वहीं घर में रहने वाली महिलाओं पर होम लाइफ बैलेंस को लेकर आमतौर पर कोई बात नहीं होती है, जबकि घर पर ही रहकर हर समय भाग-दौड़ में लगी रहने वाली महिलाओं के लिए भी संतुलित दिनचर्या जरूरी है। घर-आंगन तक सिमटी महिलाओं की लाइफ में भी एक बैलेंस होना जरूरी है।

## काम और आराम के बीच संतुलन

हमारे पारिवारिक परिवेश में दफ्तर से लौटी महिला के थकने या व्यस्त रहने की बात तो होती है, लेकिन घर के भीतर भाग-दौड़ में जुटी महिलाओं को लेकर ऐसा कुछ नहीं सोचा जाता। वर्किंग



वूमेन के ट्रैफिक से जूझने, यात्रा कर दफ्तर तक पहुंचने की उलझनों की बात होती है पर होममेकर्स की शारीरिक भाग-दौड़ और ठहरी, सिमटी-सी जिंदगी में बिखरती मनःस्थिति की उपेक्षा ही होती आई है। सुबह से शाम तक अपनों का खयाल रखने की धुरी पर दौड़ती महिलाओं की परेशानियों की ओर किसी का भी ध्यान ही नहीं जाता। जबकि उनके लिए भी आराम और अंतहीन सूची वाले कामों में एक बैलेंस की जरूरत होती है। घर संभालने का दायित्व निभा रही बहू-बेटियां भी थकती हैं। उनकी दिनचर्या भी आसान नहीं होती। हर समय अपनों के लिए कुछ करने को मौजूद रहने वाली अधिकतर स्त्रियां तो रोज घर में सबसे पहले अपने दिन की शुरुआत करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर के छोटे-बड़े सदस्य हर समय कुछ-न-कुछ करने को कहते रहने के बजाय उनके काम और आराम में संतुलन बनाने में मदद करें। कम से कम यह समझने की गलती तो बिल्कुल न करें कि उनका जीवन बहुत आसान है या दिनभर घर पर रहती हैं तो करती ही क्या हैं? कभी ना खत्म होने वाली एक भागम-भाग उनके भी हिस्से होती है। इसीलिए महिलाओं की होम लाइफ में भी बैलेंस जरूरी है।



### टाइम मैनेजमेंट भी है आवश्यक

**असल में** टारगेट सिर्फ ऑफिस में ही नहीं होते। समय सीमा में काम निपटाने, रसोई में कुछ पकाने, रिश्तेदारी में मेल-मिलाप रखने और आस-पड़ोस में लेन-देन निभाने के भी टारगेट होते हैं। समय के सही मैनेजमेंट के बिना घरेलू जिम्मेदारियों की सूची कभी खत्म नहीं हो सकती। ऐसे में खुद महिलाएं भी अपनी संभाल-देखभाल के लिए समय निकालने का प्रयास करें। बात सेहत और फिटनेस के लिए समय निकालने की हो या किसी सहेली से बैठकर बतियाने की। समय प्रबंधन करके ही अपने लिए वक्त निकाला जा सकता है। होम लाइफ में बैलेंस बनाया जा सकता है। देखने में आता है कि नॉन-वर्किंग महिलाओं की पर्सनल लाइफ कहीं पीछे छूट जाती है। अपने हों या पराए, सभी के लिए बहुत कुछ करते हुए भी वे कुछ न करने वाली भूमिका में दिखती हैं। उनका रोल 'टेकन फॉर ग्रांटेड' वाली स्थिति में आ जाता है। दिनभर भाग-भागकर सब कुछ करते रहना अपनों को आम-सी बात लगती है। ऐसे में अपनी सहजता और सुकून के लिए खुद महिलाओं को ही अपने समय का प्रबंधन करना होगा। वरना मल्टीटास्किंग और एकरसता का यह मेल स्ट्रेस और एंग्जाइटी के घेरे में ले आएगा।

## बाहर की दुनिया से जुड़ाव

जैसे काम-काजी महिलाओं के लिए घर में आराम से समय बिताना भी एक बदलाव होता है। वैसे घर पर रहने वाली स्त्रियों को बाहर जाने से थोड़ा बदलाव महसूस होता है। उनके मन का मौसम बदलता है। आमतौर पर बच्चे, बड़े या जीवनसाथी कोई इस बात को अहमियत नहीं देता। वीकेंड पर घर पर रहने वाले अपने उनकी व्यस्तता और बढ़ा देते हैं। सगे-संबंधियों के यहां किसी कार्यक्रम में जाने के अलावा उनका कहीं और जाना जरूरी नहीं समझा जाता। जबकि महिलाएं रिश्ते-नातेदारी में जाकर भी कोई ना कोई काम करने में ही जुट जाती हैं। ऐसी आउटिंग को फिक्र से दूर मानसिक शांति और मन के बदलाव के लिए समय बिताना नहीं कहा जा सकता। ऐसे में महिलाएं खुद संतुलन की डगर चुनें। अपनी रुचि को भी प्राथमिकता दें।



काम-काजी महिलाओं के समान ही सुबह-सुबह अपने कामों की सूची बनाएं। हर काम की प्राथमिकता तय करें। अपने 'मी टाइम' को लेकर अपनों से स्पष्ट बात करें। हर समय कुछ-न-कुछ करते रहने के बजाय अपनी लिमिट्स भी तय करें। ऐसा करने से ही होम लाइफ बैलेंस बन सकता है। संतुलन की इन परिस्थितियों में आप अपनी हेल्थ और हॉबीज को समय दे सकेंगी। सही शेड्यूल बनाने से टाइम-टु-टाइम ब्रेक लेना भी सहज होगा। यह समय घर के बाहर की दुनिया से जुड़ने और कुछ नया सीखने जैसी स्ट्रेस फ्री एक्टिविटीज में लगाने से, घर और अपने भीतर के मोर्चे पर संतुलन बना रहेगा। ❀

# ऐसे बनाएं खुशहाल दांपत्य जीवन की राह

हर दंपती खुशहाल दांपत्य जीवन की तो कामना करता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों पर तकरार, अहंकार की वजह से अपने दांपत्य जीवन में कड़वाहट पैदा कर लेता है। इससे पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती हैं। दंपती कैसे तनावमुक्त रहें और खुशहाल दांपत्य जीवन की राह बने, जरूरी सलाह।

सलाह

स्नेहा सिंह



शादी के बाद दो लोग सिर्फ एक-दूसरे के जीवन में प्रवेश ही नहीं करते, एक-दूसरे की आदतों, सोच और संस्कारों से भी कहीं ना कहीं प्रभावित होते हैं। विवाह के बाद शुरुआती दिनों में जो बातें प्यारी लगती हैं, वही कुछ दिनों बाद अखरने लगती हैं। इतना ही नहीं बात-बात पर दंपती के बीच तकरार, छोटी-सी असहमति एक बड़ा विवाद का रूप अख्तियार करने लगती है, इससे दूरियां बढ़ती हैं। इन विपरीत स्थितियों में अपने दांपत्य रिश्तों को कैसे सहेजें, इसके लिए किन बातों का ध्यान रखें, जानिए-

**बनाए रखें संवाद:** पति-पत्नी के रिश्ते की बुनियाद आपसी संवाद पर टिकी होती है। लेकिन जब बात करने की जगह चुप्पी ले लेती है तो ऐसे में गलतफहमियां जन्म लेती हैं। अकसर देखा जाता है कि हम अपनी परेशानी बाहर वालों को तो बता देते हैं, लेकिन अपने जीवनसाथी से बात नहीं करते। मन में दबी बातें धीरे-धीरे बड़ी शिकायतें बन जाती हैं, एक दिन विस्फोट के रूप में बाहर आती हैं। इसलिए एक-दूसरे को समझते हुए खुलकर, बिना डरे और आरोप के बात करना रिश्ते को टूटने से बचाता है। इसलिए दांपत्य जीवन में निरंतर संवाद बहुत जरूरी है।



**डगमगाने ना दें विश्वास:** आपसी विश्वास के बिना दांपत्य जीवन सिर्फ एक समझौता बनकर रह जाता है। शक, संदेह और निगरानी का भाव रिश्ते के अपनत्व और गर्माहट को खत्म करता है। मोबाइल की जांच करना, देर से आने पर सवाल-जवाब करना या हर बात पर संदेह करना, ये सब बातें धीरे-धीरे दांपत्य प्रेम को विषाक्त कर देती हैं, तलाक तक की नौबत आ जाती है। भरोसा बनाए रखने के लिए जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहें, संदेह के बजाय विश्वास बनाए रखें।

**एक-दूसरे को समय दें:** आज के दौर में साथ बैठकर बातें ना करने का सबसे आसान बहाना बन गया है 'बहुत व्यस्त हूं।' माना कि करियर की जिम्मेदारियों के बीच पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं लेकिन दंपती का कभी-कभी साथ बैठकर बातें साझा करना, डिनर-लंच करना या कभी यूं ही टहलने निकल जाना भी जरूरी है। साथ बिताए छोटे-छोटे मिठास भरे पल रिश्ते में जान फूंकते हैं। समय न देना कलह की शुरुआत की वजह बनता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे को यथासंभव समय जरूर दें।

**अहंकार से रहें दूर:** दांपत्य जीवन में अहंकार सबसे खतरनाक दुश्मन है। 'मैं क्यों झुकूं, गलती तो उसकी है।' ऐसी सोच रिश्ते को खोखला कर देती है। समझदारी इसी में है, स्वयं सही होते हुए भी चुप रह जाएं, ताकि रिश्ता बचा रहे। झुकना हार नहीं, बल्कि रिश्ते की जीत है। माफी मांगना और माफ करना, पत्नी-पति दोनों को आना चाहिए। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**गुस्से पर रखें काबू:** गुस्से में बोले गए शब्द कभी-कभी सालों का प्यार पलभर में खत्म कर देते हैं। क्रोध के क्षणों में मौन रहना और बाद में शांत होकर बात करना कहीं ज्यादा प्रभावी होता है। याद रखिए, शब्दों से लगे घाव दिखाई नहीं देते, लेकिन बहुत गहरे होते हैं।

**साथ चलने का नाम है दांपत्य:** दांपत्य जीवन दो लोगों की साझा यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। प्रेम, विश्वास, संवाद और धैर्य, इन चार स्तंभों पर टिका होता है दांपत्य रिश्ता, जो हर कलह से बचाता है। जब हम जीवनसाथी को गहराई से समझने लगते हैं, तो दांपत्य जीवन में मधुरता घुलती है, दंपती खुशहाल रहते हैं। ❀

# जैसी हो स्किन-वैसी करें केयर

स्किन केयर

प्रीति गुप्ता

आपकी स्किन हमेशा सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आए, इसके लिए आपको पहले इसके नेचर को समझना होगा। इसके अनुसार जब आप अपनी स्किन केयर करेंगी तो वो हमेशा ग्लोइंग नजर आएगी। यहां आपको बता रहे हैं कि ड्राय और ऑयली स्किन वाली महिलाएं उनकी केयर कैसे कर सकती हैं?

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय नेचर की है तो आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

- स्किन क्लीनिंग के लिए हमेशा माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें।
- हर रोज दिन में कम से कम दो बार क्रीम-बेस्ड या हाइड्रेटिंग फेस वॉश से चेहरा साफ करें।
- नहाने के तुरंत बाद मॉयश्चराइजर या कोई जैल क्रीम लगाएं, ताकि स्किन में नमी बनी रहे।
- गुनगुने पानी से ही चेहरा धोएं। बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्रायनेस बढ़ जाती है।
- हफ्ते में कम से कम एक-दो बार स्क्रब करना न भूलें। स्क्रबिंग करने से डेड स्किन हटती है, चेहरे पर नया ग्लो नजर आता है। लेकिन ध्यान रखें कि स्क्रबिंग ज्यादा न करें।
- फेस क्लीनिंग और स्क्रबिंग के बाद होममेड फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। आप अपनी पसंद या चीजों की उपलब्धता के अनुसार दूध और शहद का फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। या फिर एलोवेरा जैल और नारियल तेल को मिलाकर भी फेस पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।



- जब भी दिन के समय घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। ड्राय स्किन के लिए क्रीम-बेस्ड एसपीएफ 30 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ऑयली स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसकी केयर करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- फेस धोने के लिए जैल-बेस्ड फेस वॉश का यूज करें।
- दिन में 2-3 बार ऑयल कंट्रोल फेस वॉश से भी चेहरा धोएं। इससे स्किन पर नजर आने वाला एक्सट्रा ऑयल हट जाएगा और फेस फ्रेश नजर आएगा।
- स्किन ऑयली है तो मॉयश्चराइजर लगाना जरूरी नहीं, यह सोच गलत है। मॉयश्चराइजर न लगाने से स्किन और ज्यादा ऑयली हो सकती है। इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरे को बार-बार न छुएं। इससे पिंपल्स और फेस स्किन ऑयल बढ़ता है।
- आपकी स्किन ऑयली है फिर भी हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब जरूर करें।
- ऑयली स्किन वाली महिलाओं को भी सनस्क्रीन अप्लाई करना चाहिए।
- सोने से पहले मेकअप जरूर हटा लें। ❀

**(स्किन केयर एक्सपर्ट काजल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

इन दिनों के बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही से आप बीमार हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए आपको अपनी हेल्थ की एक्सट्रा केयर करनी चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

# इस मौसम में हेल्थ की करें एक्सट्रा केयर

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रवींद्र गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट फिजीशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है। दोपहर के वक्त तेज धूप खिली होती है और दिन का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वही शाम ढलते ही ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और रात का तापमान 10-12 डिग्री तक पहुंच जाता है। इस दौरान अधिकतर लोग अपनी सेहत की देखभाल के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। इससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए जानते हैं, कुछ ऐसी ही समस्याओं और उनके समाधान के बारे में।

**पोलेन एलर्जी:** फरवरी के महीने में वसंत ऋतु का आगमन हो जाता है और आस-पास के वातावरण में चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिले होते हैं। लेकिन इस दौरान हवा में चारों ओर इन फूलों के पोलेन यानी परागकण उड़ रहे होते हैं। इससे कुछ लोगों को एलर्जी हो जाती है। इस वजह से छींकें आने लगती हैं या सांस लेने में परेशानी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। इस समस्या से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय आपको मास्क जरूर पहनना चाहिए।

**सर्दी-खांसी-जुकाम:** दिन का तापमान



बढ़ने की वजह से लोग इस मौसम में गर्म कपड़े पहनना कम कर देते हैं, ठंडे पानी और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। इससे बचाव के लिए सुबह-शाम गर्म कपड़े जरूर पहनें, घर से बाहर निकलते समय सिर और कान ढंककर रखें। गले के इंफेक्शन से बचाव के लिए नमक मिले गुनगुने पानी से गरारे करें। अदरक, तुलसी वाली चाय पिएं और नहाने के लिए अभी भी ठंडे के बजाय हल्के गरम पानी का ही इस्तेमाल करें।

**कमजोर इम्यूनिटी से होती हैं कई समस्याएं:** बदलते मौसम में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं और जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनके शरीर पर ऐसे वायरस आसानी से हमला कर देते हैं, जिससे उन्हें बुखार जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में संतरा, सेब, मौसंबी, अनार, अमरूद और अंगूर जैसे रंग-बिरंगे मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, इससे आपका शरीर संक्रमण से सुरक्षित रहेगा।



**हड्डियों-जोड़ों में दर्द:** इस बदलते मौसम में अकसर तेज ठंडी हवाएं चलती हैं, जिससे कुछ लोगों (खासतौर पर पचास से अधिक उम्र के लोगों) को हाथ-पैरों के जोड़ों और हड्डियों में दर्द की समस्या परेशान करती है। जिन्हें पहले से ऑस्टियोपोरोसिस या आर्थराइटिस हो, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जोड़ों को दर्द से बचाने के लिए नी कैप पहनें, गुनगुने तेल की मालिश करें, नियमित वॉक और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी दर्द से राहत दिलाने में मददगार होती है।

**त्वचा संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में तेजी से चलने वाली शुष्क हवाओं के कारण अकसर महिलाओं की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो जाती है। इससे उन्हें खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। इनसे बचाव के लिए नहाने के बाद पूरे शरीर पर नारियल के तेल या मॉयश्चराइजर से मालिश करें। ❀

प्रस्तुतिः विनीता कुमारी



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# अफगानिस्तान की विश्व कप में पहली जीत, यूएई को पांच विकेट से दी मात

## जीत के साथ सुपर आठ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा



टी20 क्रिकेट में प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| मैच | 518 |
| पारी | 513 |
| विकेट | 700 |
| औसत | 18.5 |
| इकानॉमी | 6.58 |
| 5 विकेट हॉल | 04 |
| 4 विकेट हॉल | 18 |

## राशिद ने रचा इतिहास...

### टी20 में 700 विकेट लेने वाले बने पहले गेंदबाज

*टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 28वें लीग मैच में अफगानिस्तान ने यूएई को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लिया और वो टी20 प्रारुप में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। टी20 में इस वक्त सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में राशिद खान पहले नंबर पर हैं। राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लेते ही इतिहास रच दिया और टी20 प्रारुप में वो 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। राशिद खान ने ये कमाल अपने टी20 करियर के 518वें मैच की 513वें पारी में किया। इन मैचों में राशिद खान का औसत 18.5 का है जबकि इकानॉमी रेट 6.58 का रहा है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन-तीन मैच खेले हैं। यूएई की ओर से जुनैद सिद्दिकी ने 23 जबकि मोहम्मद अरफान ने 30 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### यूएई की टीम 160 रन पर ढेर

इससे पहले अजमतुल्लाह (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने यूएई की टीम नौ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। शोएब खान ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

### गुरबाज हुए जीरो पर आउट

लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान ने मैच की दूसरी ही गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज (00) का विकेट गंवा दिया, जिन्होंने जुनैद की गेंद पर शोएब को कैच थमाया। जादरान ने चौथे ओवर में हैदर अली को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में तीन चौकों और एक छक्के से 18 रन जुटाए। गुलबदिन नायब (13) ने भी मोहम्मद जवादुल्लाह पर छक्का और चौका मारा लेकिन अगले ओवर में मोहम्मद अरफान की गेंद को प्वाइंट पर हर्षिक कौशिक को कैच दे बैठे। अफगानिस्तान ने पावर प्ले में दो विकेट पर 41 रन बनाए।

### जादरान ने जड़ा अर्धशतक

सेदिकुल्लाह अटल (16) ने अरफान पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया और फिर अगले ओवर में सिमरनजीत सिंह पर छक्का जड़ा लेकिन जवादुल्लाह ने यॉर्कर पर उनके विकेट उखाड़ दिए। जादरान ने सिमरनजीत पर चौके और फिर दो रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



# 'सुपर-8' में पहुंचा इंग्लैंड

## इटली को हराया, जैक्स ने जड़ा अर्धशतक

**कोलकाता।** इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के 29वें मुकाबले में इटली के खिलाफ 24 रन से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में तीसरी जीत के साथ इंग्लैंड ने 'सुपर-8' में जगह बना ली है। इंग्लैंड के अलावा ग्रुप-सी से वेस्टइंडीज भी अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 202 रन बनाए। इस टीम के लिए फिलिप सॉल्ट ने जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। बटलर महज 3 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सॉल्ट ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। यह टीम 105 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो चुकी थी, जहां से विल जैक्स ने सैम करन के साथ छठे विकेट के लिए 25 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जैक्स 22 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों के साथ 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि करन ने 19 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से ग्रांट स्टीवर्ट और क्रिशन कलुगामागे ने 2-2 विकेट निकाले।

### इटली के मेनेंटी ने जड़े 6 छक्के, खेली 60 रन की पारी

इसके जवाब में इटली की टीम 178 रन पर सिमट गई। इस टीम ने महज 22 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। यहां से जस्टिन मोस्का ने बेन मेनेंटी के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 92 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 114 के स्कोर तक पहुंचाया। बेन मेनेंटी 25 गेंदों में 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद मोस्का ने ग्रांट स्टीवर्ट (45) के साथ छठे विकेट के लिए 21 रन जुटाकर टीम को 135 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इटली ने 135 के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवाया, जिसके बाद 16वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर विकेट खोकर टीम संकट में आ गई, लेकिन यहां से स्टीवर्ट ने जसप्रीत सिंह (12) के साथ 18 गेंदों में 40 रन की साझेदारी करते हुए टीम में एक बार फिर जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही टीम बिखर गई।

## खबर संक्षेप



### नेपाल के खिलाड़ियों पर दबाव डालना जरूरी

**मुंबई।** नेपाल के कोच निक पोथास का मानना है कि अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों पर आगे और अधिक दबाव डालने की जरूरत है और उन्होंने अपने खिलाड़ियों से अपील की कि वे मंगलवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने मैच में पिछले दो मैचों में की गई गलतियों को न दोहराएं। नेपाल ने टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी लेकिन उसके बाद से उसके प्रदर्शन में गिरावट आई है तथा उसे इटली और वेस्टइंडीज से क्रमशः 10 और नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। पोथास ने कहा, 'अगर हमें नेपाल क्रिकेट में सुधार लाना है तो हमें बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा। टीमें तभी बेहतर प्रदर्शन करती हैं जब खिलाड़ियों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होता है। मुझे नहीं पता कि नेपाल में ऐसा क्या है, लेकिन क्रिकेट में सुधार के लिए खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव महसूस करना जरूरी है।'

### द.अफ्रीका के खिलाफ हार का कोई असर नहीं पड़ेगा: ग्लेन फिलिप्स



**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के हरफनमौला ग्लेन फिलिप्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार का असर ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर काबिज कनाडा के खिलाफ उनके मैच पर नहीं पड़ेगा और टीम इस मुकाबले को जीतकर सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड फिलहाल तीन मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका छह अंकों के साथ सुपर आठ में पहुंच चुका है। दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट की हार झेलने के बाद न्यूजीलैंड की कोशिश अपनी खामियों को दूर कर खिताब के दावेदार के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की होगी। फिलिप्स ने कहा, ' टी20 मैचों में जीत और हार के बीच बहुत कम अंतर होता है। पिछले दिन दक्षिण अफ्रीका ने खेल के हर पहलू में शानदार प्रदर्शन किया। हमने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका को अलग-अलग प्रारूपों में कड़ी टक्कर दी है।''

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : पडिक्कल ने जड़ा दोहरा शतक, कर्नाटक ने खड़ा किया रनों का पहाड़

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कप्तान देवदत्त पडिक्कल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहले दोहरे शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ छह विकेट पर 689 रन बनाए। रविचंद्रन स्मरण ने भी 191 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 121 रन की पारी खेली। पडिक्कल ने 330 गेंद में 29 चौकों और तीन छक्कों के साथ 232 रन बनाए।



### कर्नाटक ने रखी लय कायम

अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 355 रन से आगे खेलते हुए कर्नाटक ने उसी लय को कायम रखा। पडिक्कल और करुण नायर (105 गेंद में 60 रन ) ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़े। उत्तरखंड को पहली सफलता अभय नेगी ने दिलाई, जिन्होंने करुण को विकेटकीपर सौरभ रावत के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने 288 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह स्मरण के साथ 59 रन की साझेदारी करने के बाद लक्ष्य रायचंदानी की गेंद पर विकेटकीपर रावत को कैच देकर लौटे। श्रेयस गोपाल खाता भी नहीं खोल सके और आदित्य रावत की गेंद पर बोल्ड हो गए। वहीं पडिक्कल के आउट होने के बाद स्मरण ने विकेटकीपर कृतिक कृष्णा के साथ 123 रन की साझेदारी की। कृष्णा ने 103 गेंद में 60 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था। आफ स्पिनर अवनीश सुधा ने कृष्णा को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) ने स्मरण के साथ सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 81 रन जोड़ लिए हैं।

# जम्मू कश्मीर और बंगाल में टक्कर आकिब के सत्र में 50 विकेट पूरे

### बंगाल की टीम ने पहली पारी में बनाए 328 रन

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए, जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए। जम्मू कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिए। इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं। बंगाल के लिए फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज



सुदीप कुमार घरामी कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए। अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने 20 ओवरों में 41 रन देकर तीन विकेट लिए।

### डोगरा के रणजी ट्रॉफी में 10 हजार रन पूरे

जम्मू कश्मीर की पारी में शमी ने बंगाल के लिए शानदार पहला स्पैल डाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज शुभमन खजूरिया (तीन) और ताविर हुसैन (दो ) को पगबाधा आउट किया जबकि शुभम पुंडीर ने मुकेश कुमार की गेंद पर स्लिप में सुदीप चटर्जी को कैच थमाया।

तीन विकेट 13 रन पर गिरने के बाद जम्मू कश्मीर के लिये अनुभवी कप्तान पारस डोगरा ने 112 गेंद में 58 रन बनाये और युवा आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने 85 गेंद में 82 रन की पारी खेली। डोगरा ने रणजी ट्रॉफी में 10000 रन भी पूरे कर लिए।

### यूएई और उपमहाद्वीप के बाहर अधिक मैच खेलने होंगे: ट्रॉट

**नई दिल्ली।** शीर्ष टीमों के खिलाफ अधिक द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के कप्तान राशिद खान के नजरिए का समर्थन करते हुए अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उन्हें इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में भी खेलना सीखना होगा। मौजूदा टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने की कगार पर खड़े अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने जोर दिया था कि छोटे देशों को शीर्ष टीम के खिलाफ नियमित रूप से खेलना चाहिए, जिससे कि बड़े टूर्नामेंट अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें। ट्रॉट ने कहा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने के अलावा उन्हें यूएई (अफगानिस्तान के घरेलू मुकाबलों का मेजबान) और उप महाद्वीप के बाहर भी खेलना सीखना होगा। ट्रॉट ने कहा, ' मैं और भी अधिक द्विपक्षीय श्रृंखलाएं चाहूंगा।

# पांच भारतीय खिलाड़ियों ने किया पाकिस्तान के घमंड को चकनाचूर

**कोलंबो।** टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ एक और यादगार जीत दर्ज कर भारत ने सुपर-8 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। इस महामुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इस हाईवोल्टेज मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया के 5 खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के घमंड को चकनाचूर किया।

### ईशान किशन की धमाकेदार शुरुआत

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बोर्ड पर लगाए। यह स्कोर टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी था। ओपनर इशान किशन ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने तेज रन गति बरकरार रखते हुए 40 गेंदों में 77 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए और पाकिस्तान के गेंदबाजों को दबाव में रखा।



### सूर्यकुमार यादव की जुझारू पारी

ईशान के आउट होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। उन्होंने बीच के ओवरों में समझदारी से बल्लेबाजी की और तिलक वर्मा के साथ साझेदारी कर टीम को 170 के पार पहुंचाया। सूर्य ने 29 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली, जो टीम के लिए काफी अहम साबित हुई।



### बुमराह का घातक स्पैल

इसके बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने स्पेल में सैम अयूब और सलमान अली आगा के रूप में लगातार दो विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को बैकफुट पर धकेल दिया। उनके प्रदर्शन ने पाकिस्तान की रन गति पर ब्रेक लगा दिया।

### हार्दिक ने गेंद से दिखाया दम

175 रनों के लक्ष्य का बचाव करने उतरी भारतीय टीम को गेंदबाजों ने शानदार शुरुआत दी। हार्दिक पंड्या ने अपने पहले ही ओवर में पाकिस्तान के ओपनर को आउट कर टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। उन्होंने 3 ओवर में सिर्फ 16 रन देकर 2 विकेट लिए और बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

### अक्षर की फिरकी ने उम्मीदें खत्म कर दीं

बीच के ओवरों में स्पिनर अक्षर पटेल ने भी कमाल किया। उन्होंने पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाजों को आउट कर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने भी एक ही ओवर में दो विकेट लिए और मैच पूरी तरह से भारत की झोली में डाल दिया। भारतीय गेंदबाजों के सामने पाकिस्तान की पूरी टीम 114 रनों पर सिमट गई। इस जीत से भारत ने न सिर्फ अपने ग्रुप में बढ़त बना ली बल्कि सुपर-8 में पहुंचने की राह भी आसान कर ली। अब टीम इंडिया का अगला मैच 18 फरवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ खेला जाएगा।

## आज सुबह 11 बजे से कनाडा और न्यूजीलैंड में टक्कर

# पावरप्ले की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आ गई थी और उसकी टीम अब कनाडा के खिलाफ मंगलवार को होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में इन्हें दूर करने और सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा।

विश्व कप से ठीक पहले भारत में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से काफी हद तक अभ्यस्त होकर टूर्नामेंट में उतरी। अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आसान जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ उसे सात विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार ने हर विभाग में, खासकर बल्लेबाजी में उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया।



### रचिन की खराब फॉर्म चिंता का विषय

न्यूजीलैंड के लिए पावरप्ले की परेशानियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से लय बिगड़ जाती है और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पारी को संवारने का काम करना पड़ता है। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रचिन रविंद्र की खराब फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अगले दौर में प्रवेश करने वाला है तो न्यूजीलैंड के टीम प्रबंधन उनके जल्दी लय में लौटने की उम्मीद कर रहा होगा। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

### कनाडा अंक तालिका में निचले पायदान पर

*दूसरी तरफ कनाडा की भी अपनी परेशानियां हैं। उसकी टीम दक्षिण अफ्रीका और यूएई के खिलाफ अपने दोनों मैच हारने के बाद अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। टूर्नामेंट से पहले प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव न होने का असर उनके प्रदर्शन में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना भी उनके लिए मुश्किल रहा है। यूएई से हार के बाद तेज गेंदबाज दिलोन हेइलिगर ने कहा था, 'हम यहां की तुलना में काफी कम तापमान में रहते हैं और हमारे पास क्रिकेट खेलने के लिए साल में केवल तीन महीने होते हैं। हम इनडोर अभ्यास करते हैं। इसलिए हमारे लिए यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है।'*

# चोटिल हेज़लवुड की जगह स्टीव स्मिथ टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| पल्लीकल

ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच से कुछ घंटे पहले चोटिल तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल कर दिया। इस तरह स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम के 15वें सदस्य बन गए हैं। आईसीसी ने कहा, ' स्मिथ को पिंडली की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने वाले हेज़लवुड की जगह टीम में शामिल किया गया है। टीम के चिकित्सकों को उम्मीद थी कि वह (हेज़लवुड) टूर्नामेंट के अंतिम चरण में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।' इससे पहले चोटिल कप्तान मिचेल मार्श के



कवर के तौर पर स्मिथ को श्रीलंका भेजा गया था। मार्श ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दोनों मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने हालांकि रविवार को टीम के साथ अभ्यास किया। स्मिथ ने पिछले साल फरवरी के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, लेकिन घरेलू प्रतियोगिताओं में उन्होंने इस प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन किया है।




# बजट को लेकर महापौर सलाहकार समिति की बहु उपयोगी बैठक हुई

## हर क्षेत्र में पारंगत हासिल करने वाले विशेषज्ञों ने महापौर के समक्ष दिये सुझाव एवं मार्गदर्शन

री-डेन्सीफिकेशन, नगर निगम के बॉड, पी.पी.पी. मॉडल पर विकास कार्यो की नीव रखने, पार्किंग, मोबाइल कोर्ट, नैरोगेज सड़क, शहर की सभी एन्ट्रियों को सौन्दर्यीकरण करने, लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण मुक्त करने, सीवर कनेक्शन बढ़ाने, स्कूलों के बाहर वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के साथ शहर विकास को लेकर बैठक में आए और महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के सर्वांगीण विकास और आगामी बजट को जन-उपयोगी बनाने के उद्देश्य से आयोजित महापौर सलाहकार समिति की बैठक आज दिनांक 16 फरवरी को संपन्न हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक में शिक्षा, तकनीक, अर्थशास्त्र, वित्त, अद्योसंरचना एवं विकास और नगर नियोजन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में विशेषज्ञों के अनुभव और महापौर के विज़न के मेल से शहर के विकास का एक ऐसा खाका तैयार किया गया है, जो आने वाले समय में जबलपुर की सूरत बदल देगा।



### विकास के नए मॉडल पर जोर

बैठक में केवल पारंपरिक बजट पर चर्चा नहीं हुई, बल्कि शहर की आर्थिक स्थिति को मजबूती देने के लिए अत्यंत महात्वपूर्ण सुझाव दिए गए। विशेषज्ञों ने बैठक में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर अपने विचार एवं सुझाव साझा किये - नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए नगर निगम बॉन्ड जारी करने और री-डेन्सीफिकेशन की योजनाओं पर चर्चा की गई तथा क्रियान्वयन करने के सुझाव दिये गए। विकास कार्यों की नींव रखने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया, ताकि बड़े प्रोजेक्ट्स को गति मिल सके। बैठक में शहर के सभी प्रवेश द्वारों का भव्य सौंदर्यीकरण करने और नैरोगेज मार्ग को उपयोगी सड़क के रूप में विकसित करने पर भी बैठक में सहमति बनी। शहर के देवतुल्य नागरिकों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए समिति ने बेहद व्यावहारिक समाधान पेश किए जिसमें चौराहों पर सुगम यातायात के लिए लेफ्ट टर्न को पूरी तरह साफ करने तथा अतिक्रमण मुक्त रखने के सुझाव दिये गए। बैठक में मोबाइल कोर्ट को प्रभावी बनाने के साथ-साथ सीवर कनेक्शन को बढ़ाने तथा उससे आय अर्जित करने के लिए भी सुझाव प्राप्त हुए। बैठक में विशेषज्ञों ने यह भी सुझाव प्रस्तुत किये कि स्कूलों के बाहर छुट्टी के दौरान जो यातायात अव्यवस्थित हो जाता है उसे ठीक करने की भी जरूरत है इस दिशा में निगम प्रशासन को पहल करना चाहिए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

जस्टिस एस.के. पालो, रवि बाजपेयी, कैलाश गुप्ता के साथ नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, एवं अजीत समदड़िया, सुरेश असावा, डॉ. राजेश धीरावानी, हिमांशू खरे, हिमांशू राय, नीरज अग्रवाल, दिग्विजय सिंह, एस.के. दास, राहुल बड़ेरिया, पिंकी जैन, राकेश अयाची, राजवीर नयन, अजय शर्मा, संजय पाण्डेय, आर.के. गुप्ता, एच.पी. सिंह, पी.एन. सनखेरे, सत्येन्द्र दुबे आदि ने बजट को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

## महापौर ने की मैराथन बैठक, नागरिकों के हित में लिये निर्णय

### *महापौर की 'मैराथन' बैठक में लिये निर्णय से ग्रीष्म ऋतु में नहीं होगा जलसंकट और वर्षाऋतु में जलप्लावन, 1 मार्च से शहर में दिखेगी स्वच्छता की नई तस्वीर*

- शहर की प्रमुख सड़कें गड्ढ़ा मुक्त आगे और बेहतर ढंग से होगें कार्य
- पिछले 2 सालों में शहर में जलप्लावन और जलसंकट में आई है भारी कमी
- इस वर्ष और व्यवस्थित तरीके से पहले से ही कार्य कराकर नागरिकों को देगें राहत
- सफाई व्यवस्था में व्यापक रूप से परिवर्तन लाने अतिरिक्त मशीनों के साथ सफाई मित्रों की संख्या में की जा रही है वृद्धि*
- 1 मार्च से शहर में और बेहतरीन सफाई के लिए नई व्यवस्था होगी लागू*
- *सभी त्यौहारों पर उत्तम ढंग से कराई जायेगी सफाई व्यवस्था - महापौर श्री अन्नू*
- ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को नहीं होगा जलसंकट, अभी से पाइप लाइन विस्तारीकरण, बोरिंग, संचालन, टंकियों को पूर्ण क्षमता के साथ भरने एवं अन्य संसाधनों को दुरूस्त करने महापौर ने अधिकारियों को जारी किये दिशा निर्देश
- नालियों से निकलने वाली पाइप लाइन को ऊपर शिफ्ट करने महापौर ने स्वीकृत की 10 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि



### नालियों से न गुजरे कोई भी पाइप लाइन : महापौर

शहर विकास को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने जल, स्वास्थ्य एवं लोककर्म विभाग के अधिकारियों के साथ 3 घंटे की मैराथन बैठक की। जिसमें सड़कों के कायाकल्प, जलसंकट और जलप्लावन से मुक्ति के लिए मास्टर प्लान तैयार कर नगर निगम के संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने नालियों के अंदर से गुजरने वाली पाइप लाइन को शिफ्ट करने के लिए अलग से 10 करोड़ की विशेष राशि की स्वीकृति प्रदान की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में कहीं भी कोई पाइप लाइन नालियों से न गुजरे इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी तक सभी विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किये जायेगें। 1 मार्च से नई व्यवस्था और अतिरिक्त संसाधनों के साथ शहर में सफाई होगी, जिसमें अमूलचूल परिवर्तन दिखेगा। सफाई व्यवस्था को हाई-टेक बनाने के लिए अतिरिक्त मशीनों और सफाई मित्रों की संख्या में वृद्धि की जा रही है। महापौर श्री अन्नू ने आश्वस्त किया है कि आने वाले सभी त्योहारों पर शहर की सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी, जिससे नागरिकों को एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने बताया कि पिछले 2 वर्षों के सफल प्रयासों से शहर में जल संकट और जलप्लावन की समस्याओं में भारी कमी आई है। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन से पूर्व ही पाइप लाइन विस्तार, बोरिंग मरम्मत और पानी की टंकियों को पूर्ण क्षमता से भरने का कार्य पूरा कर लिया जाए। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महापौर ने 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है, जिससे नालियों के भीतर फंसी पाइप लाइनों को ऊपर शिफ्ट किया जाएगा। शहर के नागरिकों को सुगम यातायात का अनुभव देने के लिए प्रमुख सड़कों को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है। विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए महापौर ने 'डेडलाइन' तय कर दी है। 28 फरवरी तक पार्षद, अध्यक्ष और महापौर मद के सभी कार्यों के टेंडर अनिवार्य रूप से जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्माण कार्यों में कोई देरी न हो। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी के साथ उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं सभी कार्यपालन यंत्री, विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

**पार्षद, अध्यक्ष और महापौर मद के कार्यो में आयेगी तेजी, 28 फरवरी तक सभी टेण्डर होगें जारी, महापौर ने अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश**

---

धोखाधड़ीः फोन मांगकर ऑनलाईन ट्रांसफर कर लिये 8 लाख

## दोस्त ने लूट लिया पैसा यार का

**जबलपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 42 किलोमीटर दूर सिहोरा तहसील के खितौला थाना अंतर्गत वाटर फिल्टर प्लांट में काम करने वाले एक माली से बार बार फोन लगाने के लिये लेकर उसके ही साथ ने फोन पे का इस्तेमाल कर 8 लाख रुपये ट्रांस्फर कर लिये. जब तक मामले का खुलासा हुआ पता हुआ कि आरोपी आनलाईन गेमिंग में पैसे लगाकर हार चुका है. सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छपरा निवासी लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा वाटर फिल्टर प्लांट पंप खितौला मे माली का काम करता है। उसके साथ मे आशीष कोल निवासी सिंधुली थाना मझगवां का भी पंप चलाने का काम करता हैं। आशीष कोल ने उससे 03 जनवरी से लेकर 06 फरवरी तक लगातार बातचीत करने के लिये कहकर उससे उसका मोबाइल ले लिया करता था। इस दौरान आरोपी ने फोन पे के जरीए करीब 8 लाख रुपये ट्रांस्फर कर लिये. इस मामले का खुलासा तब हुआ जब लक्ष्मी कुशवाहा अपनी भांजी की शादी के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र की सिहोरा शाखा गया. बैंक वालों ने बताया कि पैसा फोन पे के माध्यम से खाते मे ट्रान्सफर किये गये हैं. उसके बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा सिहोरा के खाता एवं सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा सिहोरा के खाता से आशीष कोल ने अपने खाते मे बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा सिहोरा से 6 लाख 87 हजार एवं सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया से 92 हजार रुपये निकाले इस तरह कुल रकम 7 लाख 79 हजार 999 रुपये फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी कर पैसा ट्रान्सफर कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपी आशीष को गिरफ्तार कर लिया है. पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह ऑन लाईन गेम खेलकर रूपये गेम में हार गया है। रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है।

---

60 करोड़ की संपत्ति को लेकर विवाद जारी

## प्रशासन की मौजूदगी में हुआ डॉ. हेमलता का अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** शहर के राइट टाउन क्षेत्र में रहने वाली वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हेमलता श्रीवास्तव का सोमवार को गौरीघाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें उनकी बहन और गायत्री परिवार के एक सदस्य द्वारा मुखाग्नि दी गई। इस दौरान जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि डॉ. श्रीवास्तव की करीब 60 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है, जिसके चलते दान पत्र समेत अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है।



जानकारी के अनुसार, लगभग एक माह पहले तबीयत बिगड़ने पर कलेक्टर के निर्देश पर मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार के बाद भी बीते दिन अचानक उनका निधन हो गया। उनके पति और बेटे का पहले ही देहांत हो चुका है। संपत्ति हड़पने के कथित आरोप में डॉ. सुमित जैन, उनकी पत्नी प्राची जैन, बहन और जीजा के खिलाफ जांच चल रही है। सोमवार को एसडीएम और पुलिस की मौजूदगी में डॉ. श्रीवास्तव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

कुछ समय पहले तबीयत बिगड़ने पर उन्हें कार से बाहर ले जाते समय उनकी करोड़ों की संपत्ति होने की जानकारी सामने आई थी, जिसके बाद अलग-अलग पक्षों ने उस पर दावा करना शुरू कर दिया। डॉ. सुमित जैन का कहना है कि 14 जनवरी को अपने जन्मदिन पर डॉ. श्रीवास्तव उनके साथ थीं और उससे 12 दिन पहले 2 जनवरी को उन्होंने अपनी इच्छा से करीब 11 हजार वर्गफीट जमीन अपने पति और बेटे के नाम मेमोरियल अस्पताल के लिए दान की थी। वहीं, गायत्री मंदिर ट्रस्ट ने भी दावा किया है कि डॉ. श्रीवास्तव ने अपनी छोटी बहन कनक लता मिश्रा के सामने अपनी पूरी संपत्ति ट्रस्ट को देने की इच्छा जताई थी। इस विवाद में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी हस्तक्षेप किया है।

### कलेक्टर के निर्देश पर मेडिकल में भर्ती

डॉ. श्रीवास्तव की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराने की कोशिश की गई थी। आईएमए की शिकायत के बाद कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां पांच डॉक्टरों की टीम की निगरानी में इलाज किया गया। कलेक्टर ने बुजुर्ग डॉक्टर की संपत्ति हड़पने की आशंका की जांच कराने और मामले में वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

---

**एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग तेज, सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम**

## शिवपुरी हत्याकांड के विरोध में प्रदेशव्यापी प्रतिवाद, न्यायिक कार्य से विरत रहे वकील

हरिभूमि जबलपुर।

शिवपुरी में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर हत्या के विरोध में सोमवार को मध्यप्रदेश के वकीलों ने न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहकर प्रतिवाद दिवस मनाया। मध्यप्रदेश स्टेट बार कौंसिल के आह्वान पर आयोजित इस प्रदेशव्यापी आंदोलन को हाईकोर्ट और जिला बार संघों का व्यापक समर्थन मिला।




जबलपुर स्थित मप्र हाईकोर्ट की मुख्यपीठ सहित जिला न्यायालयों में अधिवक्ताओं ने अदालतों में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। इससे हाईकोर्ट की मुख्यपीठ में लगभग एक हजार तथा जिला न्यायालय में करीब पांच हजार मामलों की सुनवाई प्रभावित होने का अनुमान है। अधिवक्ताओं ने अदालत परिसर से कलेक्ट्रेट तक शांतिपूर्ण रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने की मांग की।

रविवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर, हाईकोर्ट एडवोकेटस बार एसोसिएशन जबलपुर तथा डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन जबलपुर सहित विभिन्न बार संगठनों ने अलग-अलग एवं संयुक्त बैठकों में विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया था। स्टेट बार काउंसिल ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर अनुरोध किया कि किसी अधिवक्ता की अनुपस्थिति में उसके पक्षकार का प्रकरण निरस्त न किया जाए, जिससे वकील निर्भीक होकर आंदोलन में शामिल हो सकें।

### एक सप्ताह का अल्टीमेटम

स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता एवं वाइस चेयरमैन आर.के. सिंह सैनी ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराना अब प्राथमिकता है। राज्य सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के सवा लाख अधिवक्ता भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे।

### मुआवजा और नौकरी की मांग

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी.के. जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी तथा हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार के सचिव निखिल तिवारी ने संयुक्त रूप से मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, आश्रित को शासकीय नौकरी तथा आरोपितों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल एक घटना का विरोध नहीं, बल्कि प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की निर्णायक लड़ाई है। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

---

पाटन में कार की टक्कर, शहपुरा में बाइक से गिरा युवक

## सड़क हादसों में दो की मौत, एक घायल

**जबलपुर।** जिले में बीते 24 घंटे में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पाटन क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार की जान चली गई, वहीं शहपुरा क्षेत्र में बाइक से गिरने पर एक अन्य युवक की मौत हो गई। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरु पिपरिया वेयर हाउस के पास स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 20 सीई 1039 के चालक ने अजीत मंडल की बाईक में तेज रफ्तार से टक्कर मार दी. इस हादसे में अजीत और अक्षय सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों को शासकीय अस्पताल पाटन लाया गया, जहां डॉक्टरों ने अजीत मंडल निवासी ग्राम बांसघाट, अरवल (बिहार) को मृत घोषित कर दिया, जबकि अक्षय को गंभीर हालत में रेफर किया गया।

### शहपुरा में बाइक से गिरने पर युवक की मौत

इसी तरह शहपुरा थाना क्षेत्र में विमल धर्म कांटा के पास राज मिस्त्री का काम करने वाला 28 वर्षीय प्रदीप गोंटिया रात 9 बजे घर लौटते समय बाईक से गिरकर बेहोश हो गया. सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल शहपुरा ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद प्रदीप गोंटिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में फिलहाल मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240